धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

16.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीय, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 186



12 भाजपा-संघ के साथ इंडियन स्टेट से लड़ रहा हूं : राहुल

## न्यूज डायरी

### कुख्यात नक्सली कमांडर कृष्णा गिरफ्तार

**रांची।** कई जिलों की पुलिस के लिए सर दर्द बना पीपुल्स लिब्रेशन फ्रंट ऑफ इंडिया का जोनल कमांडर कृष्णा यादव को लोहरदगा के कुडू में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से हथियार भी बरामद किया है। लंबे समय से पुलिस को कृष्णा यादव की तलाश थी। लोहरदगा के साथ-साथ रांची, खूंटी, लातेहार आदि जिलों में भी उसने कई घटनाओं का अंजाम दिया था। हत्या सहित कई मामलों में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### पूर्व सैनिकों को मिलेगी विशेष मदद

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर में आयोजित 9वें सशस्त्र पूर्व सैनिक दिवस पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट बनायेगी। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, पैरामेडिकल समेत आवश्यक मेडिकल उपकरण भी होंगे। ये यूनिट पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य जांच के अलावा उन्हें सेना के अस्पताल तक ले जाने में मदद करेंगी।

### हथियार के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के चिरो मोड़ के पास से पुलिस ने हथियार के साथ सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश सिंह ,बबलू सिंह, दीपक सिंह ,गणेश यादव, मनोज सिंह, अशोक लोहरा और रॉकी कुमार साव शामिल है । सभी अपराधी चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में एसपी कुमार गौरव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करते थे। इनका मुख्य धंधा लोगों में दहशत बनाकर रंगदारी वसूलने का था। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

### दुमका में नॉर्वे के 34 सैलानियों का स्वागत

**दुमका।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव में बुधवार को नॉर्वे देश के विदेशी सैलानी पहुंचे। सात हजार किलोमीटर दूर से नॉर्वे से पहुंचे 34 की संख्या में विदेशी सैलानियों का सामाजिक जागरूकता युवा संगठन मसलिया के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा की अगुवाई में आदिवासी रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक, रीति-रिवाज से अवगत कराया गया। स्वागत समारोह में अतिथियों का लोटा-पानी एवं पैर धोकर अभिनंदन किया गया। आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और समुदाय के मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

## झारखंड की बंद कोयला खदानें खोलने में जुटी हेमंत सरकार

# 4 कोल ब्लॉक शीघ्र शुरू होंगे : सीएस

**समीक्षा बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में बंद कोयला खदानों को खोलने की दिशा में हेमंत सरकार ने कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सरकार द्वारा आवंटित सभी 34 कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में ही 34 में से 4 कोल ब्लॉक राजहारा (पलामू), तुबेद (लातेहार), हजारीबाग जिला स्थित बदाम और मोइत्रा जेएस डब्ल्यू से अविलंब खनन करने की स्थिति स्पष्ट हो गयी। ये कोल ब्लाक सप्ताह भर के भीतर शुरू हो जायेगा। वहीं अन्य 9 कोल ब्लॉकों की समस्या का भी समाधान लगभग कर लिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि जितनी जल्द ये कोल ब्लॉक शुरू होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। इससे जहां रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, वहीं राज्य सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा।



### समय सीमा के भीतर हल निकालें डीसी

समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकांश आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में जमीन अधिग्रहण, रेट की गणना, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस, भूमि हस्तांतरण, कोल ब्लॉक की जमीन से गुजरने वाले नाला, नदी और सड़क को लेकर समस्या आ रही है। कुछ जगहों पर विधि व्यवस्था की भी समस्या सामने आयी। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि इन समस्याओं का समाधान एक समयसीमा के भीतर करें। समीक्षा बैठक में वन एवं पर्यावरण सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, खान सचिव जितेंद्र सिंह, खान निदेशक राहुल सिन्हा एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### जल्द शुरू करना लाभदायक

मुख्य सचिव ने कहा कि जितनी जल्द ये कोल ब्लॉक शुरू होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। वहां रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। राज्य सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया।

**जरूरी कागजात उपलब्ध करायें :** मुख्य सचिव ने कोल ब्लॉकों के प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को जरूरी कागजात शीघ्र उपलब्ध करायें। प्रशासन के साथ समन्वय कर कोल ब्लॉकों को ऑपरेशनल करने में आ रही समस्याओं का समाधान करें। कोल कंपनियां साइट पर ऑफिस खोलें और सीएसआर के तहत कार्य करें। लोगों को विश्वास में लेकर जरूरी औपचारिकता पूरी करते हुए खनन की प्रक्रिया शुरू करें।

## झारखंड के पर्वतारोही ने देश का नाम रौशन किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शेखर ने अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा



**रांची।** झारखंड के पर्वतारोही शशि शेखर ने अर्जेंटीना में अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी अकोंकागुआ पर तिरंगा फहरा कर भारत का मान बढ़ाया। गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र शशि शेखर ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर तिरंगा फहराया था। उन्होंने 17 अगस्त 2024 को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर) पर चढ़ने में कामयाबी पायी थी और तिरंगा फहराया था। पर्वतारोही शशि शेखर ने 13 जनवरी की शाम अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ (6,961 मीटर/ 22,837 फीट) पर तिरंगा फहराने में सफलता पायी। अर्जेंटीना स्थित माउंट अकोंकागुआ न केवल दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी है, बल्कि यह दक्षिणी गोलार्द्ध व एशिया महादेश के बाहर की सबसे ऊंची चोटी भी है। शशि ने बताया कि सबसे कठिन समय तब था जब व्हाइट आउट के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन आत्मविश्वास और माता-पिता के दिये अदम्य साहस से मैंने सभी चुनौतियों का सामना कर लिया। माउंट अकोंकागुआ से पहले शशि शेखर ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर/ 8,510 फीट), माउंट एवरेस्ट (8,430 मीटर/27,657 फीट), माउंट लोबुचे ईस्ट (6,119 मीटर/ 20,075 फीट) की चढ़ाई की है।

# राजधानी की जर्जर सड़कों पर 28 को सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची शहर के अंदरूनी इलाके और संपर्क पथों की जर्जर हालत से जुड़ी जनहित याचिका पर 28 जनवरी को सुनवाई होगी। सरकार की ओर से बुधवार को इन सड़कों के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया गया। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने 28 जनवरी को सुनवाई निर्धारित की। साथ ही सरकार को हर हाल में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका में कहा गया है कि राजधानी के वाइआइपी इलाकों को छोड़ सभी सड़कों की हालत जर्जर है। खासकर बड़ा तालाब के चारों तरफ की सड़कें, सेवा सदन जाने वाली सड़क बड़े गड्ढों में तब्दील हो गयी हैं। इस कारण एबुलेंस में मरीजों को आने में भी दिक्कत होती है। एंबुलेंस हिचकोले खाते हैं। कई बार वाहन आपस में टकराते भी हैं, जिससे मरीजों को परेशानी होती है। याचिका में कोकर चौक से होकर जाने वाली सड़कों का भी मामला उठाया गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि शहर में जलजमाव भी एक बड़ी समस्या हो गयी है। अदालत से आग्रह किया गया है कि तकनीक और उच्च गुणवत्ता युक्त सामानों के साथ सड़क का निर्माण हो, ताकि लंबे समय तक सड़कें ठीक रहें। शहर में सड़कों का निर्माण होता नहीं है, यदि हो भी जाये तो निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता।

### हाइकोर्ट ने हर हाल में जवाब देने को कहा



**कोल बोर्ड सोसाइटी भंग करने का आदेश रद्द :** वहीं एक अन्य मामले में हाइकोर्ट ने धनबाद कोल बोर्ड सोसाइटी को भंग करने के आदेश को रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस एवं जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल वर्ष 2022 में धनबाद कोल बोर्ड कॉपरेटिव सोसाइटी को भंग कर एडमिनिस्ट्रेटर की नियुक्ति कर दी गयी थी। यह आदेश कॉपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार ने दिया थी, जिसके खिलाफ तत्कालीन सचिव अरविंद सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कॉपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार किसी भी ऐसी संस्थान को भंग करने का आदेश नहीं दे सकते, जिसमें राज्य सरकार का वित्तीय सहयोग ना हो।

## 10 देशों के मेहमान आज संगम में लगायेंगे डुबकी

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने अमेरिका, इंग्लैंड, ब्राजील, जर्मनी, जापान स्पेन आदि देशों के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरी दुनिया का ध्यान महाकुंभ की ओर आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगायेगा। इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के प्रतिनिधि शामिल हैं। ये विदेशी विदेशी मेहमान गुरुवार सुबह आठ बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगायेंगे। सभी मेहमानों को हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का भ्रमण कराया जायेगा। सभी विदेशी मेहमान प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव करेंगे। रात में टेंट सिटी में रात्रि भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गयी है।



### कई मुस्लिम देशों की भी रुचि

खास बात ये है कि पाकिस्तान और अरब समेत कई इस्लामिक देशों की नजर महाकुंभ पर है। पाकिस्तान सहित कतर, यूएई और बहरीन जैसे देश महाकुंभ में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। साथ ही नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के निवासी भी महाकुंभ के बारे में जानना चाह रहे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है।

## इडी ने पूर्व आबकारी मंत्री को किया गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला**

**एजेंसी**

**रायपुर।** 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को इडी ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूर्व मंत्री के सीए को भी बुलाया गया था, लेकिन सीए के बाहर होने की वजह से कवासी लखमा अकेले ईडी के दफ्तर में पहुंचे। लंबी पूछताछ के बाद कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। इडी के अनुसार, कथित शराब घोटाला 2019-22 के बीच किया गया था, तब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार थी। कोंटा (सुकमा जिला) से छह बार विधायक रहे लखमा उस समय आबकारी मंत्री थे। एजेंसी ने पहले दावा किया था, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेब में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय गयी।

**मुझे झूठे केस में जेल भेजा जा रहा है:** अदालत कक्ष में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कवासी लखमा ने कहा, छापे के दौरान इडी को मेरे परिसर पर न तो कोई दस्तावेज और न ही एक पैसा मिला। मुझे झूठे मामले में जेल भेजा जा रहा है।

## रांची से लापता बहनें प्रेमी संग कर्नाटक में मिलीं

**रांची।** हिंदपीढ़ी इलाके से रहस्यमय तरीके से लापता दो नाबालिग बहने कर्नाटक से बरामद कर ली गयी हैं। रांची पुलिस सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। दोनों बहनें सुरक्षित हैं और उन्हें पुलिस की टीम रांची लेकर लौट रही है। दोनों बहनें रहस्यमय तरीके से 11 से लापता थी। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की स्पेशल टीम ने दोनों बहनों को कर्नाटक-केरल के बॉर्डर के पास कर्नाटक पुलिस की सहायता से बरामद कर लिया है। सूत्रों के अनुसार दोनों लड़कियां अपने प्रेमी के साथ फरार हुई थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों लड़कियों के दोनों प्रेमी को पकड़ा है। लड़कियों को भगाने की घटना में शामिल एक युवक को भी पकड़ा गया।

# 100 करोड़ की जीएसटी चोरी मामले में कोयला व्यवसायी संदीप साहू के आवास पर छापामारी

- परिवार के सदस्य सहित कर्मचारियो के नाम से पूरे देश में 25 से 30 फर्जी कंपनी कर रहा है संचालित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** आरा सारूबेड़ा स्थित कोयला व्यवसाय संदीप साहू के कार्यालय सह आवास में बुधवार को जीएसटी विभाग ने छापामारी किया। इस दौरान विभाग द्वारा आवास में जांच कर कई दस्तावेज समेत मोबाइल, लैपटॉप आदि जब्त किया। जबकि सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है। इधर जमशेदपुर जीएसटी संयुक्त निदेशक सार्थक सक्सेना के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से छापामारी की जा रही है। छापामारी के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य कोल ट्रांसपोर्टिंग के निदेशक संदीप साहू द्वारा करीब 100 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की है। साथ ही अपने परिवार के सभी सदस्य सहित अपने कर्मचारियों के नाम से पूरे भारत में 25-30 अन्य फर्जी कंपनियां खोला है। जिसमें लगातार जीएसटी चोरी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि निदेशक संदीप साहू फिलहाल फरार है। जबकि दूसरे निदेशक के रूप में उनके पिता डालेश्वर साहू से पूछताछ की जा रही है। इधर संदीप साहू ने कुजू स्थित रेलवे साइडिंग के समीप अपना कोयला डंप यार्ड बनाया है, उसे भी फर्जी ढंग से संचालित कर रहा है।

जल्द ही संदीप साहू की गिरफ्तारी की जायेगी। समाचार लिखे जाने तक छापामारी की जा रही थी। उल्लेखनीय कि गत 29 जुलाई 2024 को भी जीएसटी विभाग द्वारा जीएसटी को लेकर छापामारी की गयी थी। छापामारी में विभाग के आरके टोप्पो, राजीव रंजन, सतीश कुमार, राजेश कुमार, बबलु सिंह, आशुतोष सहित सदलबल के जवान शामिल थे।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# पीएम मोदी ने देश को समर्पित किया तीन महाबली योद्धा

## दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा है भारत : मोदी

## आइएनएस सूरत, नीलगिरी और वाघशीर बेड़े में शामिल

**एजेंसी**

**मुंबई।** पीएम मोदी ने बुधवार को तीन महाबली योद्धा -युद्धपोत आइएनएस सूरत, नीलगिरी और वाघशीर देश को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर भारत का प्रतिविंब है। यह रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21 वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोत नौसेना को सौंपते हुए पीएम ने कहा, यह देश के लिए ऐतिहासिक पल है। 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है।



**पूर्ण स्वदेशी**

तीनों युद्धपोतों का डिजाइन और निर्माण पूरी तरह भारत में हुआ है और इससे देश की रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बढ़ती दक्षता रेखांकित होती है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किये गये और मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित आईएनएस नीलगिरि में उन्नत विशेषताएं हैं। नीलगिरि परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट श्रेणी का शीर्ष जहाज है जो शिवालिक श्रेणी के युद्धपोतों में महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है। यह आधुनिक विमानन सुविधाओं से परिपूर्ण है तथा एमएच-60 आर समेत विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर का परिचालन कर सकता है। परियोजना 15 बी स्टील्थ विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक पोतों की अगली पीढ़ी का सदस्य है। इसके डिजाइन और क्षमता में सुधार किये गये हैं और यह नौसेना के सतह पर रहने वाले बेड़े का महत्वपूर्ण सदस्य है। इसे भी आईएनएस नीलगिरि की तरह वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और एमडीएल में इसका विनिर्माण किया गया है। आईएनएस वाघशीर स्कॉर्पीन श्रेणी की परियोजना 75 के तहत छठा और अंतिम युद्धपोत है। यह बहुभूमिका वाला डीजल-विद्युत संचालित पोत है।

## टीम इंडिया की बड़ी जीत, सबसे बड़ा स्कोर

**राजकोट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राजकोट में द्विपक्षीय सीरीज के तीसरे वनडे में आयरलैंड को 304 रनों से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इतिहास रचते हुए रनों के हिसाब से वनडे क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी जीत है। टीम इंडिया ने बुधवार यहां खेले गये तीसरे वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही आयरलैंड से तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से जीतक क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत ने इस मैच में 5 विकेट पर 435 रन सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। इनमें प्रतिका रावल (154), स्मृति मंधाना (135) और ऋचा घोष ने 59 रनों की पारी खेली थी। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम भी कभी इतना बड़ा टोटल वनडे मे नहीं बना पायी है। भारत की पुरुष टीम का सबसे बड़ा वनडे टोटल 418 रन है।

## सालाना 8975 करोड़ की बिजली खरीदती है एजेंसी, राजस्व प्राप्ति ₹7311 करोड़

# बिजली वितरण निगम को प्रतिवर्ष 1663 करोड़ रुपये का हो रहा घाटा

**बिजली वितरण निगम की ऑडिट रिर्पोट में हुआ आय-व्यय का खुलासा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम सालाना 8975 करोड़ रुपये की बिजली विभिन्न पावर कंपनियों से खरीदता है। इसके एवज में वितरण निगम को विभिन्न स्त्रोतों से सालाना 7311 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति होती है। इसका खुलासा बिजली वितरण की ऑडिट रिर्पोट में हुआ है। इस हिसाब से लगभग 1663 करोड़ का सालाना रेवेन्यू गैप रह जाता है यानी वितरण निगम को 1663 करोड़ का घाटा होता है।




### वेतन-पेंशन पर सालाना खर्च 349.60 करोड़

वितरण निगम अफसरों-कर्मियों के वेतन-पेंशन सहित अन्य मदों में सालाना 349.60 करोड़ रुपये खर्च करता है। इसमें वेतन का 261.91 करोड़, पेंशन का 52.22 करोड़, अर्न लीव इंकैशमेंट का 18.12 करोड़, ग्रेच्यूएटी का 10.36 करोड़, पीएफ का 1.57 करोड़ और स्टॉफ वेलफेयर का 5.39 करोड़ शामिल है।

**सालाना इतने की बिजली खरीदता है वितरण निगम** : वितरण निगम विभिन्न कंपनियों से सालाना 809490.28 लाख की बिजली खरीद की जाती है। इसके अलावा दूसरे के लाइन से बिजली लेने के लिए ट्रांसमिशन चार्ज के रूप में सालाना खर्च 88004.39 लाख रुपये खर्च किये जाते हैं। इस हिसाब से बिजली खरीद में कुल खर्च 897494.67 लाख रुपए खर्च होता है।

**किस कैटगरी से सालाना कितने राजस्व की होती है प्राप्ति**

| कैटेगरी | राशि (लाख में) |
|---|---|
| घरेलू उपभोक्ता | 70254.30 |
| कॉमर्शियल | 81963.75 |
| पब्लिक लाइटिंग | 9108.89 |
| सिंचाई | 5244.49 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 23423.23 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 199745.62 |
| रेलवे | 9182.16 |
| मीटर रेंट | 617.80 |
| व्हीलिंग चार्ज | 37147.39 |
| कैपिटल वर्क | 2140.96 |
| कंज्यूमर रीबेट | 7709.46 |

## प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामला

# दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकार्ड में लाये सीबीआई : हाई कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सीबीआई को मामले में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची की सीबीआई की अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने सीबीआई को जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय गड़बड़ी से संबंधित केस नंबर आरसी 5/2012 एएचडी-आर एवं आरसी 6/2012 एएचडी-आर के अनुसंधान की स्थिति पर जवाब

**सुनवाई 5 फरवरी को**

मांगा था। जेपीएससी प्रथम परीक्षा गड़बड़ी मामले में 4 मई को 2024 को सीबीआई ने केस नंबर आरसी 5/2012 एएचडी-आर में सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह समेत 37 लोगों को आरोपी बनाया था। इनके अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा को आरोपी बनाया है।

वहीं सीबीआई ने जेपीएससी द्वितीय परीक्षा गड़बड़ी मामले में केस नंबर आरसी 6/2012 एएचडी-आर में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. दिलीप प्रसाद समेत 70 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। झारखंड में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच का आदेश हाईकोर्ट ने साल 2012 में सीबीआई को दिया था। 12 साल से अधिक समय तक सीबीआई ने की मामले की अनुसंधान पूरी कर दोनों मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया है।

दरअसल, बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंको की हेरा फेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है।

# 11.81 लाख लाभुकों को चार माह से नहीं मिली पेंशन : अमर बाउरी

- समाज कल्याण विभाग की लापरवाही के कारण लाखों वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोग पेंशन से वंचित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि हेमंत सरकार की नाकामी रही है कि 11.81 लाख लाभुकों को सितंबर 2024 से पेंशन नहीं मिली है। झारखंड में पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को पिछले चार महीने से पेंशन नहीं मिली है। हर तीन महीने में उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने का नियम है लेकिन समाज कल्याण विभाग की लापरवाही के कारण लाखों वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोग पेंशन से वंचित हैं। उन्होंने जनता के सवालों को भी सरकार के समक्ष रखा है। इन सवालों में क्या 11.81 लाख गरीब और जरूरतमंद लोग सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं। क्यों समय पर प्रमाण पत्र भेजने में असफल रही सरकार और 100 करोड़ के फंड का उपयोग क्यों नहीं हो रहा।

# संविधान से छेड़छाड़ करने वाली पार्टी बन गयी है कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** डोरंडा के अंबेडकर चौक से बुधवार को संविधान गौरव यात्रा का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। श्री मरांडी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। माल्यार्पण के उपरांत बाबूलाल मरांडी ने डोरंडा क्षेत्र के रविदास मोहल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाकर अनुसूचित जाति समाज के लोगों के बीच अपनी पार्टी की भावना एवं कांग्रेस पार्टी की अंबेडकर विरोधी चेहरे को उजागर किया। उन्होंने बताया कि भाजपा हमेशा से ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और भारतीय संविधान का सम्मान करने वाली पार्टी है। जबकि कांग्रेस ने सबसे अधिक बार भारतीय संविधान में छेड़छाड़ किया है। वही संविधान विरोधी पार्टी आज जनता को बरगलाने का प्रयास कर रही है। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस से हर हाल में जनता को सजग रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को कई बार चुनाव में हराने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही जनता को ठगने का प्रयास करती रही है। जनता को सतर्क रहने की आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश भास्कर, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, केके गुप्ता, पायल सोनी, पूजा सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बजट में शामिल होंगे लोगों के सुझाव

# आज से बजट पर शुरू होगी दो दिवसीय चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य सरकार ने बजट को लेकर विभागवार चर्चा करने का फैसला किया है। यह चर्चा 16 जनवरी से शुरू होगी और दो दिनों तक चलेगी। इस दौरान विभाग के अधिकारियों, मंत्रियों और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए जायेंगे। बताते चलें कि तीन मार्च को सदन में बजट पेश किया जायेगा।

**बजट में शामिल होंगे लोगों के सुझाव** : सरकार ने पोर्टल के जरिए लोगों से भी सुझाव मांगे गए हैं। सुझाव मिल भी रहे हैं। राज्यहित में दिए गए सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा। यह बजट स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केंद्रित होगा।

**वित्त मंत्री का दावा, 80 से 90 फीसदी राशि होगी खर्च** : वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि सरकार बजट का 80 से 90 फीसदी राशि उपयोग कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव वर्ष में विकास की गति में कमी आती है, लेकिन इस बार सरकार बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## कोर्ट ने जेपीएससी के जवाब पर जतायी सहमति

# ओएमआर शीट सही से नहीं भरने पर उम्मीदवारी रद्द करना सही : हाईकोर्ट

**अधिक अंक होने के बाद भी जेपीएससी की पीटी परीक्षा में चयनित नहीं होने के खिलाफ दाखिल याचिका पर हुई सुनवाई**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में बुधवार को अधिक अंक होने के बाद भी जेपीएससी की पीटी परीक्षा में चयनित नहीं होने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेपीएससी के जवाब से सहमति जताते हुए अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि ओएमआर शीट सही से भरना जरूरी है। ऐसे में जेपीएससी द्वारा उम्मीदवारी रद्द करने का निर्णय सही है। इस संबंध में प्रार्थी कृष्णानंद पांडेय सहित अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने अदालत को बताया कि प्रार्थी ने ओएमआर शीट सही तरीके से नहीं भरा था। रोल नंबर सहित कुछ अनिवार्य कॉलम को भी सही से नहीं भरा गया था। इसलिए, उनका पीटी परीक्षा में चयन नहीं किया गया है। उनकी ओर से हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश को हवाला दिया गया। पूर्व में हाई कोर्ट ने कहा था कि परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट सही तरीके से भरना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर किसी को राहत नहीं दी जा सकती है। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी द्वारा पीटी परीक्षा का रिजल्ट और आंसर शीट जारी किया गया है। उसमें निर्धारित अंक से उनका अधिक प्राप्तांक है लेकिन, उनका चयन पीटी परीक्षा में नहीं किया गया है, जो गलत है।

## विनोबा भावे यूनिवर्सिटी ने रचा इतिहास

# 1.19 लाख विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिनोबा भावे यूनिवर्सिटी ने 1 लाख 19 हजार 685 विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड डिजिटल वर्ल्ड में एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अब इस मामले में वह झारखंड में पहले पायदान पर आ गया है।

**विद्यार्थियों को होगी आसानी**

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि विद्यार्थियों को हो रही असुविधा को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इस दिशा में ठोस पहल की है। अब विद्यार्थी डिजिलॉकर में जाकर भी अपने अंक पत्र और उपाधि डाउनलोड कर सकते हैं।

**नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत हुआ यह कार्य** : यह कार्य नई शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर लाने के उद्देश्य से किया गया है। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक क्रेडिट का डिजिटल आईडी बनाया गया है।

## एनएचएआई अध्यक्ष ने लिखा चीफ सेक्रेट्री को पत्र, जतायी चिंता

# एनएच प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित भूमि पर फंसा म्यूटेशन का पेंच

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में नेशनल हाइवे के लिए ली गयी अधिग्रहित जमीन में म्यूटेशन का पेंच फंस गया है। अब तक कुल अधिग्रहित भूमि का मात्र दो फीसदी जमीन का ही म्यूटेशन अब तक हो पाया है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के चेयरमेन संतोष यादव ने चिंता जतायी है और राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को इस संबंध में पत्र भी लिखा है।

पत्र में एनएचएआई अध्यक्ष ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में यह भी महत्वपूर्ण है। झारखंड राज्य में भूमि नामांतरण की प्रगति अत्यंत धीमी है।

**नामांतरण प्रक्रिया में देरी** : रिकॉर्ड के अनुसार, अब तक केवल 152 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण किया गया है, जो कुल 7609 हेक्टेयर का केवल 2 फीसदी है। यदि नामांतरण प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं होती है, तो इससे कानूनी स्वामित्व समस्याएं, परियोजना कार्यान्वयन में देरी और नियामक आवश्यकताओं का पालन न करने जैसी दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। बताते चलें कि इस मसले को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने हाल ही में सभी जिलों के डीसी के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया था कि वे सभी रूकावटों को दूर करें। सभी विभागों से समन्वय बनाकर समाधान निकालने की भी बात कही थी।

# राजद ने जिलावार सदस्यता अभियान प्रभारी घोषित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव ने जिलावार सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किया है। कैलाश यादव को बोकारो का प्रभारी बना गया है। उनके साथ मनोज पाण्डेय भी रहेंगे। ईश्वरी महतो और मोहर सिंह यादव को चतरा, गिरेंद्र यादव और जावेद अख्तर को देवघर, ज्ञानेश्वर यादव और संतोष यादव को धनबाद, सुरेश अग्रवाल और मो जाहिद इकबाल को दुमका, डॉ जनार्दन कुमार और बीरेंद्र सिंह यादव को पूर्वी सिंहभूम, मदन पासवान और कलाम खान को गढ़वा, राजकुमार गुप्ता और भूतनाथ यादव को गिरिडीह, मदन यादव और डॉ अरुण कुमार को गोड्डा, प्रणय कु बबलू और संतोष प्रसाद को गुमला, शारदा देवी और भोली प्रसाद साहू को हजारीबाग, शत्रुध्न यादव और उस्मान गनी को जामताड़ा, फैजुल हक और चंद्रशेखर भगत को खूंटी, डॉ मुतुर्जा और डॉ मनोज को कोडरमा, मो जियाउद्दीन अंसारी और योगेन्द्र यादव को लातेहार, अजय चंद्रवंशी और साहिल साहनी को लोहरदगा, सुनील कुमार और अशोक मांझी को पाकुड़, नरेश सिंह (विधायक) और सुरेश राम को पलामू, श्यामदास सिंह और रश्मि प्रकाश को रामगढ़, मंजू शाह और विक्रम यादव को रांची, संजय भारद्वाज और कृष्णा यादव को साहेबगंज, कमलदेव सिंह और राजेश यादव को सरायकेला खरसावां, इंद्रदेव ठाकुर और दिनेश दांगी को सिमडेगा और श्रीराम यादव और देवप्रकाश देवता को पश्चिमी सिंहभूम का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निदेर्शानुसार सभी प्रभारी एक सप्ताह के अंदर जिला अध्यक्षों से समन्वय बनाकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने काम करें व कृत कारवाई का प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने का काम करेंगे।

# गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे नेतरहाट के मुखिया



**रांची।** लातेहार जिले के नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड समारोह में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा चयन किया गया है। मुखिया राम के चयन से पूरा जिला गर्व महसूस कर रहा है. उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। मुखिया राम के रूप में जिला का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर होगा, जो पंचायत की सक्रियता और विकास कार्यों को दर्शाता है। मुखिया राम ने पंचायती राज विभाग और जिले के लोगों का आभार जताया है। जिला प्रशासन व स्थानीय अधिकारियों ने नेतरहाट मुखिया राम विष्णु नगेसिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। डीसी ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

## नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव से लौटे प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# युवा तार्किक बनें और सवाल पूछने की आदत अपने जीवन में विकसित करें : सुदिव्य सोनू

**स्वाति राज को भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने, शुभांगी क्षितिजा सौरभ और ऋषित को प्रधानमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन देने के लिए किया गया सम्मानित**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री ने युवाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की और सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं। उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है। युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें। सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि बिना राज्य के विकास के हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

### झारखंड में भी होगा युवा महोत्सव का आयोजन

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव करायेगी। उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी। उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है। बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनें हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एवं टीम लीडर को अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, ललिता कुमारी, ओमप्रकाश पांडेय, पुरुषोत्तम आदि मौजूद थे।

# रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान, पूर्व सीएम रघुवर दास ने भी उड़ाया पतंग

- सूर्य मंदिर समिति के पतंग महोत्सव में युवाओं का दिखा उत्साह, पूर्व सीएम ने सराहा
- 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का हुआ श्रद्धापूर्वक वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पहली बार भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस महोत्सव में सिदगोड़ा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पतंग महोत्सव में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास सपरिवार एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से शामिल हुए। वहीं, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू विशेष रूप से मौजूद रहीं। महोत्सव में पत्रकार जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग भी शामिल रहे। युवाओं ने महोत्सव के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों ने आसमान को सजा दिया। प्रतिभागी अपने-अपने पतंगों को ऊंचाई तक ले जाने और दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में जुटे रहे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने स्वयं पतंग उड़ाया और युवाओं को प्रोत्साहित किया। इससे पहले, मकर संक्रांति पर भगवान भास्कर की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उनकी धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास एवं पुत्रवधू पूर्णिमा साहू ने भाग लिया और भगवान भास्कर की आराधना कर यज्ञ हवन किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।


सूर्य मंदिर परिसर में पतंग महोत्सव का आनंद लेते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व उपस्थित अन्य।

महोत्सव के बाद सोन मंडप परिसर में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद के रूप में खिचड़ी, चोखा, चटनी और आचार का श्रद्धापूर्वक बांटा गया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे। इसके अलावा, पेयजल की अलग काउंटर की व्यवस्था हुई थी। प्रसाद वितरण में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, नई शुरूआत और आशा का संदेश देती है। मकर संक्रांति के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने पर्व-त्योहारों को इस प्रकार रचा कि वे न केवल हर्षोल्लास का माध्यम बनें, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी सहारा प्रदान करें। दीपावली में कुम्हारों के जीवन में बदलाव आता है, रक्षाबंधन में राखी बनाने वालों को रोजगार मिलता है, और मकर संक्रांति पर पतंग बनाने और बेचने वाले परिवारों के जीवन में खुशी आती है। कहा कि पतंग उड़ाने की परंपरा, जो हजारों वर्षों से चली आ रही है, केवल आनंद का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और जीवन के ऊंचे आदर्शों का प्रतीक है। रंग-बिरंगी पतंगें, जो आसमान को छूती हैं, हमारी उम्मीदों और सपनों को ऊंचाई भरने और सामाजिक समरसता का भी संदेश देती हैं। सूर्य मंदिर समिति के पतंग महोत्सव मनाने का निर्णय न केवल इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास है, बल्कि आनेवाली पीढ़ियों को हमारी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का एक माध्यम भी है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, बंटी अग्रवाल, शशिकांत सिंह, कंचन दत्ता, रूबी झा, प्रमोद मिश्रा, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, रामबाबु तिवारी, मिथिलेश सिंह यादव, राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, सुशांत पांडा, अनिल ठाकुर, बिपिन सिंह, पवन अग्रवाल, टुनटुन सिंह, अमित अग्रवाल, बोलटू सरकार, तेजिंदर सिंह जोनी, सुरेश शर्मा, युवराज सिंह, जीवन साहू, विकास शर्मा, सूरज सिंह, अमरेंद्र पासवान, प्रोबिर चटर्जी राणा, मंजीत सिंह, कुमार अभिषेक, नारायण पोद्दार, अभिमन्यु सिंह, कौस्तव राय, छक्कन चौधरी, रंजीत सिंह, साकेत कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### टाटा स्टील का मेंस हैंडबॉल टूर्नामेंट स्टील मैन्यूफैक्चरिंग के नाम

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा 13 से 15 जनवरी के बीच इंटर-डिवीजनल मेंस हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। असिम कुमार चौधरी, हेड, कोक प्लांट मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन में शामिल हुए, जो हैंडबॉल कोर्ट में आयोजित किया गया था। टाटा स्टील की 16 इकाइयों के 180 खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। स्टील मैन्युफैक्चरिंग की टीम ने बेहतरीन कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

### मारवाड़ी सम्मेलन साकची के अध्यक्ष बने बजरंग अग्रवाल

**जमशेदपुर।** बुधवार को मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की साधारण सभा साकची में आयोजित हुई। आमसभा की शुरुआत विधिवत शाखा अधयक्ष सुरेश कांउटिया ने अद्यक्षीय उद्बोधन के साथ की। उन्होंने कहा कि दो वर्ष तक समाज का साथ सहयोग जो मिला उससे मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि समाज का मार्गदर्शन हमेशा मिला, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने उपस्थित सदस्यों के बीच 2 वर्ष में आयोजित हुए कार्यकर्मो को साझा किया। कोषाध्यक्ष सन्नी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2025 के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

### डिमना लेक में सब्जी विक्रेता संघ का वनभोज

**जमशेदपुर।** सकची सब्जी मंडी थोक विक्रेता संघ का वार्षिक वनभोज बुधवार को डिमना लेक में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संघ के अध्यक्ष बलवीर मंडल और सचिव अरविंद प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में थोक विक्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम में महा सिंह, रामेश्वर प्रसाद, कपिल देव मंडल, राजू प्रसाद, पहाड़ी जी, बाल कृष्णा प्रसाद, सहाबुजी, अब्दुल हमीद, रणवीर मंडल, त्रिलोकी और कैलाश भगत समेत संघ के सदस्य उपस्थित रहे। वनभोज के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे सदस्यों में उत्साह बना रहा।

### डेंटल स्ट्रीट क्लिनिक में शिविर का सांसद विद्युत ने किया उद्घाटन



**गम्हरिया।** बजरंग टावर, गम्हरिया स्थित डेंटल स्ट्रीट क्लिनिक में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने विधिवत फीता काटकर व पूजा अर्चना कर किया। मौके पर उपस्थित दंत विशेषज्ञ डॉ अरुप ओझा द्वारा 50 से अधिक मरीजों के दांतों की जांच कर आवश्यक सलाह दी गयी। मौके पर दुर्गा ओझा, डॉ अपर्णा ओझा, ऊषा रानी महतो, लतिका ओझा, डॉ विवेक, डॉ अंकुर विश्वास, डॉ प्रिंस प्रजापति, डॉ कुणाल वर्मा आदि थे।

### चांडिल सड़क दुघर्टना में दो बाइक सवार घायल

**चांडिल।** बुधवार को चांडिल के भालुकोचा गांव में अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गया। घायलों को रुचाप के पंसस प्रतिनिधि बाहादुर कुम्हार ने चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार बाइस सवार दो युवक नीमडीह के गुंडा गांव गया हुआ था। घायलों की पहचान चांडिल थाना क्षेत्र के घोड़ानेगी के रोहित महतो (21) तथा बादाम महतो (24) के रूप में हुई(

### श्रीश्री 108 खेलाई चंडी पुरियारा में लगा मेला

**चांडिल।** आखान जात्रा के अवसर पर नीमडीह के पुरियारा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक मेला कमिटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोगों ने लगे भव्य मेला का भरपूर आनन्द लिया।

# टोनी सिंह हत्याकांड: अप्राथमिक अभियुक्त मोनी मोहंती गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने मानगो डिमना चौक पर हुए टोनी सिंह हत्याकांड के अप्राथमिक अभियुक्त 31 वर्षीय मोनी मोहंती उर्फ चित्तरंजन मोहंती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोनी मोहंती रिफ्यूजी कालोनी,साकची का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से हत्याकांड में इस्तेमाल किया गया एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। मोनी महंती के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में करीब 10 मामले दर्ज हैं।

बता दें कि दिनांक 15.11.2024 की रात करीब 11:45 बजे ओलीवी ओपी अंतर्गत मानगो डिमना चौक के समीप, उमा टिफिन के पास किसी बात को लेकर उत्तम मंडल, नितेश पोद्दार और उनके साथियों के साथ टोनी सिंह और उसके दोस्त बिष्णु टुडु का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उत्तम मंडल और नितेश पोद्दार ने हथियार के साथ अविनाश सिंह को आने बोला, अविनाश अपने दोस्त मोनी मोहंती के साथ हथियार लेकर उमा टिफिन के पास आया। मंडल और पोद्दार के कहने पर अविनाश सिंह और मोनी महंती ने टोनी सिंह और बिष्णु टुडु को गोली मार दी। टोनी सिंह को घायलावस्था में टीएमएच ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।


सिटी एसपी कुमार शिवाशीष पत्रकारों के समक्ष गिरफ्तार अभियुक्त को प्रस्तुत करते हुए।

मृतक की पत्नी सबिता सिंह द्वारा अविनाश सिंह, उत्तम गजल, नितेश पोद्दार को नामजद एवं अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी करवाई थी। उक्त घटना के संदर्भ में मानगो ओलीजीह थाना कांड सं0-311/2024 दर्ज किया गया है। कांड का उदभेदन एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षण पुर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर, महोदय के निर्देशन में पुलिस उपाधीवक्षक पटमदा एवं पुलिस उपाधीक्षक (मु०-01) के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी चल द्वारा मानवीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर कांड के अप्राथमिकी अभियुक भोगी मोहंती को ओलीडीह थाना अंतर्गत ठल्र 33 बसुन्धरा स्टेट वाले रास्ते के समीप शिव मंतिर परिसर से गिरफ्तार किया गया। मोनी महंती ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। उसने बताया कि अपराध करने के पश्चात अविनाश सिंह ने उसे हथियार देते हुए कहा कि उसे छुपा कर रखे और अविनाश को जमानत मिलने तक फरारी में रहे। बता दें कि इस कांड में तीन अभियुक अविनाश सिंह, उत्तम मंडल, नितेश पोद्दार पूर्व में माननीय न्यायलय में आत्मसमर्पण किये है जिन्हें रिमांडपर लाया गया है।

## एक नजर में

### औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप चोरी रोकने के लिए प्रशिक्षु आइएएस कुमार रजत ने रणनीति बनायी



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित के छोटी-बड़ी कंपनियों में होने वाले स्क्रैप की चोरी को रोकने और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसे लेकर बुधवार को प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत के नेतृत्व में गम्हरिया प्रखंड कार्यालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित टाटा स्टील के प्रतिनिधि ने कहा कि टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के स्क्रैप यार्ड से सबसे अधिक स्क्रैप की चोरी हो रही है जिसमें खूनी संघर्ष भी हो रहे हैं। इस बावत जांच कर चोरी रोकने हेतु ठोस उपाय करने का आश्वासन दिया गया। एसडीओ सदानंद महतो ने बताया कि बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में क्षेत्र में हो रहे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये।

### यूसिल अनुसूचित जनजति कर्मचारी संघ के तूरामडीह माइंस इकाई का हुआ पुनर्गठन



**जादूगोड़ा।** यूसिल अनुसूचित जनजति कर्मचारी संघ की तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी महासचिव सृजन टुडू ने की। इधर बैठक में तूरामडीह यूरेनियम माइंस इकाई का पुनर्गठन किया गया। सह सचिव की जिम्मेदारी हेतु सुनील दिग्गी को चुना गया। इस बाबत यूसिल अनुसूचित जनजति कर्मचारी संघ के कार्यकारी महासचिव सृजन टुडू ने पत्र जारी कर सुनील दिग्गी तूरामडीह माइंस का सह सचिव बनाये जाने की घोषणा की। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में गुरुचरण हांसदा, भरत लाल किस्कू, सुकरा हो, सोमराज सोरेन, सोमाय हो, वीर सिंह हेंब्रम व रिंचू माझी को जगह दी गयी है।

### आदिवासी ब्वॉयज क्लब बारीगोड़ा का खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी ब्वॉयज क्लब बारीगोड़ा का 41वां एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष पलटन मुर्मू, विशिष्ट अतिथि झारखंड के आंदोलनकारी शिशिर गोप, आंदोलनकारी देवजीत मुखर्जी, माझी बाबा रमेश मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य साकरो सोरेन, निताई लोहार, धीरेन मार्डी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी ब्वॉयज क्लब बारीगोड़ा के अध्यक्ष पोदाम हांसदा, सचिव साहिल हो, कोषाध्यक्ष लोबो सोरेन, राजेश मार्डी, रुपाय हेंब्रम, राहुल टुडू, सनातन बिरुली, नायके बाबा सनियल हो, सोमाय सोरेन, सालखु मार्डी, माईकल हो, बुद्देशवर हांसदा, बुधराम हो आदि मौजूद रहे।

### लायंस क्लब भारत ने मकर संक्रांति पर सफाई कर्मियों के बीच खाद्य सामग्री का किया वितरण



**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत ने समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 26 सफाई कर्मियों के बीच खाद्य सामगिग्रों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में चावल, दाल, चूड़ा, गुड़, तिलकुट और तिल के लड्डू जैसे जरूरी सामान बांटे गये। लायंस क्लब के कैबिनेट सेक्रेटरी लायन शुभम वाजपेई ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज के असली नायक हैं। उनका योगदान हमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देता है। लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष एमजेएफ लायन भरत सिंह ने कहा कि सफाई कर्मी समाज के सच्चे रक्षक हैं और उनका सम्मान एवं सहयोग हम सबका दायित्व है। रिजन चेयरपर्सन लायन नवनीत चौधरी और जॉन चेयरपर्सन लायन संजय पांडे ने भी इस पहल को समाज के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन भरत सिंह, उपाध्यक्ष लायन अंजुला सिंह, सचिव लायन आयुष्मान सिंह, लायन राजेश सिंह समेत क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अंत में लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत की उपाध्यक्ष लायन अंजुला सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो के खिलाफ शिक्षा मंत्री से शिकायत



**जमशेदपुर।** झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोहम्मद ताहिर हुसैन के नेतृत्व में झारखंड के शिक्षा मंत्री से मुलाकात माननीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन तो किया ही, उनके द्वारा झारखंड में वित्त रहित शिक्षा समाप्त कर, वित्त सहित शिक्षा को लागू करने की एतिहासिक पहल के लिए उन्हें प्रतिनिधिमंडल ने साधुवाद दिया और उम्मीद जताया कि उनके कर कमलो द्वारा झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को पत्र लिख वर्तमान परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार महतो के भ्रष्टाचार से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री को भी संघ ने पत्र भेजा है। पत्र में जैक अध्यक्ष के भ्रष्टाचार के संबंध बताया कि उनका कार्यकाल आरंभ से ही विवादित रहा है। इनका कार्य छात्र विरोधी, विद्यालय विरोधी, सरकार की नीतियों के विरुद्ध तथा सरकार की छवि धूमिल करने वाला रहा है।

# कलक्ट्रेट व जुबली पार्क के पास की दुकानों की जांच, लगा जुर्माना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में स्कूल व कॉलेज के आसपास पान गुमटी/ठेला-खोमचा व दुकानों में तंबाकू उत्पाद की बिक्री को लेकर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रेजुएट कॉलेज, टैगोर एकेडमी, कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास के क्षेत्र में दुकानों में छापेमारी की गई। मौके पर दुकानों से तंबाकू उत्पाद जप्त किया गया तथा अर्थदंड लगाया गया। जब्त किए गए तम्बाकू उत्पाद का सीजर लिस्ट बनेगा और नष्ट किया जायेगा। वहीं कुछ चाय दुकानों में मिलावट की शिकायत पर चाय का सैंपल संग्रह किया गया जिसे जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जायेगा। जांच दल में कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रजीत सिंह एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मंजर हुसैन शामिल रहे। एसडीओ धालभूम शताब्दी मजुमदार ने कहा कि स्कूल व कॉलेज के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना निषेध है।

# रोटी बैंक ने पूरी की 10 वर्षो की यात्रा 10 हजार लोगों को भोग भी खिलाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रोटी बैंक के 10 वें स्थापना दिवस पर 10 हजार लोगो ने साकची गोलचक्कर मे भोग ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के चेयरमेन मनोज मिश्रा ने कहा कि झारखण्ड से भूख और कुपोषण को समाप्त करना ही रोटी बैंक का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी 2015 मे रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना इसी साकची गोलचक्कर से हुई थी, मात्र 10 लोगों को भोजन उपलब्ध कराते हुए अब हमने हर दिन दो हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का लक्ष्य को हासिल कर लिया है। इसे निरंतर आगे बढ़ाने की ओर हम लगातार बढ़ रहे हैं।


साकची गोलचक्कर पर भोग बांटते रोटी बैंक के संस्थापक मनोज मिश्रा।

कार्यक्रम के दौरान मनोज मिश्रा ने रोटी बैंक के माध्यम से गरीब प्रतिभावान छात्रों के लिए नए कार्यक्रम आरम्भ करने की घोषणा की हर। उन्होंने कहा कि आगामी फरवरी से झारखण्ड के प्रतिभावान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए रोटी बैंक मंच प्रदान करेगा, जिसका नाम होगा कौन बनेगा जीनियस। कार्यक्रम की रूप रेखा जल्द घोषित कर दिया जायेगा।

# अखान जात्रा पर घोड़ाबाबा पूजनोत्सव धूमधाम से मना, पूर्व सीएम चंपई शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** संक्रांति के दूसरे दिन अखान जात्रा के अवसर पर क्षेत्र का प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। कुम्भकार समाज गम्हरिया की ओर से आयोजित इस पूजनोत्सव के मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जूटे लाखों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि विधान से भगवान बलराम जिऊ की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस मौके पर मुख्य रूप से जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चम्पाई सोरेन ने भी शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना किया। मान्यता है कि विगत करीब दो सौ वर्ष पूर्व क्षेत्र में फैली भयंकर महामारी के बाद पूर्वजों ने भगवान बलराम का आह्वान किया था।


पूजनोत्सव में शामिल होते पूर्व सीएम चंपई सोरेन।

# मछली पालन के दो लाभुक चयनित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती अल्का पन्ना, जिला कृषि पदाधिकारी श्री विवेक बिरूआ व अन्य संबंधित उपस्थित रहे। बैठक में उक्त योजना अंतर्गत बायोफ्लॉक की स्थापना एवं लघु फिश फिड मील हेतु प्राप्त कुल 7 आवेदनों पर जांचोपरांत समिति ने दो लाभुकों के चयन का अनुमोदन किया। बायोफ्लॉक की स्थापना हेतु प्राप्त दो आवेदनों में चाकुलिया प्रखंड की दीप्ति पैड़ा का चयन किया गया वहीं लघु फिश फिड मील हेतु प्राप्त सात आवेदनों में गुड़ाबांदा प्रखंड की सुजाता पाल के चयन का निर्णय समिति ने सर्वसम्मति से लिया।

# छोटानागपुर पठार की कृषक जनजाति ने आखान जातरा के साथ की कृषि कार्य की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/पटमदा।** पटमदा तथा बोड़ाम प्रखंड की खेरुआ पंचायत के खेरुआ गांव के साथ साथ छोटानागपुर पठार के सभी गांव में मकर संक्रांति के दूसरे दिन पहला माघ को आखाइन जातरा को शुभ दिन मानते हुए हाल पुन्याह कार्यक्रम किया गया। सभी लोगों ने हल बैल के साथ ढाई चक्कर खेत की जुताई कर कृषि कार्य तथा नया साल की शुरुआत की।

**क्या है हाल पुण्याह की परंपरा**

छोटानागपुर पठार की प्रकृति जैसे ही संस्कृति भी अनन्य है। यहां की दैनिक जीवन यात्रा जैसे ही पंजिका भी इनकी अलग है। कृषिजीवी जनजाति अपने फसल को विशेष महत्व देते हैं। इस संबंध में विश्वनाथ महतो ने कहा कि फसल उठाने के बाद पौष महीना को फसल देवी के रूप में टुसू की आराधना की जाती है। पौष संक्रांति को फसल उत्सव टुसू के नाम समर्पित है और इसे टुसू परब कहा जाता है। इसके अगले दिन पहला माघ को यहां नववर्ष मनाया जाता है। कृषक इस दिन से कृषि कार्य का शुभारंभ करते हैं जो अपने हल आदि कृषि सामग्री को बांदना के समय पूजा के बाद अवकाश दिए थे। जिसे आखाइन जातरा कहा जाता है। इस दिन सभी शुभ कार्यों की शुरुआत की जाती हैं। आखाइन जातरा के दिन सुबह नदी तालाब में स्नान कर हलों में नये फाल लगा के बैलों को लेकर खेत में ढाई-पाक हल चलाने की परंपरा पूरी की जाती है अर्थात नये कृषि-संवत मे प्रवेश किया जाता है।



जिनके पास हल बैल नहीं होता हैं वे लोग पशु के गोबर को जिस स्थान पर सालों भर इक्कठा करके रखते हैं उस स्थान पर कुदाल से ढाई बार खुदाई करते हैं। यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही हैं।

साथ में यह असुरों द्वारा सांसी-कुटासी चिमटी और हथौड़ा की पूजा की याद दिलाती है, जो आदिम लोहार और अभी भी लोहे को गलाने में लगे हुए हैं।

इन सभी कामों में विशिष्ट प्रकार के नेगाचारि पद्धति का निर्वहन करना अत्यावश्यक होता है वरना कार्य असफल हो जाते है ऐसी मान्यता है। आखाइन जातरा राढ़-संस्कृति का नववर्ष है। खगोल विज्ञान के दृष्टिकोण से भी सूर्य की परिक्रमा का नया चक्र इसी आखाइन दिन से ही आरंभ हुआ माना गया है जिसे जनजातीय संस्कृति के पूर्वज हजारों साल पहले से ही मानते रहे है। इसके तहत बाउड़ी मकर व आखाइन जातरा के दिन से शुरू हो कर अगले कई-कई दिनो तक क्षेत्रीय मेलों का रेला लगा रहता है।

## स्पीड न्यूज

### 54 प्रशिक्षार्थियों को मिले प्रमाण पत्र



मेदिनीनगर। कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत भवन में संपन्न हुआ। समापन समारोह में सभी को 54 महिला प्रशिक्षणार्थियों को कृषि पदाधिकारी व प्रखंड कृषि मित्र ने प्रमाण पत्र वितरण किया। सभी प्रशिक्षित लोगों को स्टॉल देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुखिया बसंती देवी के नेतृत्व में संपन्न किया गया।

### कंडा मुखिया नरेंद्र सिंह ने निजी खर्च से कंडा, बनौधा में बांटे 100 कंबल



नावा बाजार पलामू। कंडा मुखिया सह नावा बाजार मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने ठंड को मध्य नजर देखते हुए क्षेत्र में लगातार अपने निजी खर्च से घर घर जाकर वयोवृद्ध, विकलांग, विधवा जैसे जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बुधवार को कंडा व बनौधा में घर-घर जाकर जरूरतमंदों के बीच 100 कंबल बांटा। कहा कि अभी ये सिलसिला जारी रहेगा। वे खुद हर घर जाकर कंबल देंगे। मौके पर मदन राम, विजय रवि, चंदन पासवान, रामप्रवेश सिंह, मनीष सिंह, नितीश चंद्रवंशी, गणेश साव, गुड्डू भारती, अरविंद यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### कोहरा-शीतलहर से घरों में दुबके लोग



मोहम्मदगंज (अनुप कुमार)। प्रखंड क्षेत्र का इलाका इन दिनों शीतलहर और कोहरा की चपेट में है। बदलते मौसम ने जन जीवन को प्रभावित कर दिया है। इस वर्ष बुधवार को सुबह न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा जिससे लोग दुबके रहे। इससे वृद्ध, बच्चे और मवेशी भी ठिठुरने पर मजबूर हैं। इधर, निजी और सरकारी विद्यालय भी खुल चुका है, जिससे बच्चों को विद्यालय जाने में परेशानी बढ़ गयी है। मौसम की इस रुख से मुख्य बाजार की अर्थव्यवस्था लुढ़क गयी है।

### ओंकारनाथ ने किया मेला का उद्घाटन



पांकी पलामू। पांकी विस क्षेत्र में कोई अधिकारी और कर्मचारी अगर आपकी बात नहीं सुन काम में अड़चन पैदा करता है तो मुझे बतायें। जेएलकेएम के लोग उसे लड़कर आपके काम करायेंगे। उक्त बातें जेएलकेएम के पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे मकर संक्रांति पर कई मेले में शिरकत करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री जायसवाल ने सबसे पहले मनातू के डुमडुमी पहाड़ में मेला का उद्घाटन किया। इसके बाद तरहसी के जोगियाडीह और बांसगुरु नदी किनारे मेला में लोगों को संबोधित किया। कहा कि वे पांकी विस चुनाव लड़े। हौसला और जज्बात के साथ काम किया। परिणाम की चिंता नहीं की। चुनाव हारने के बाद क्षेत्र छोड़कर भागने वाले नेताओं में से नहीं हैं। न बिकेंगे न झुकेंगे। मौके पर विनोद गुप्ता, सोनू गुप्ता, राकेश कुमार रवि, अमरेश सिंह, महेंद्र यादव, बसंत सिंह, नीरज गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### निजी स्कूलों की समस्या को कैबिनेट में रखेंगे : राधाकृष्ण किशोर



मेदिनीनगर। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके आवास पर मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। विदित हो कि झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग ने सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता लेने हेतु तय समय सीमा का निर्धारण किया है जिसके तहत ऑनलाइन आवेदन देने की आज अंतिम तिथि है, जबकि मान्यता लेने की दर्जनों शर्तों में तीन-चार बहुत कठिन है जिसे पूरा कर पाना संभव नहीं है। ऐसे में राज्य भर के विद्यालय संचालक सरकार से मान्यता की शर्तों में संशोधन कर समय सीमा बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं। मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री के समक्ष इन बातों को रखते हुए इसे आगामी कैबिनेट में रखेंगे। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं कार्यालय सचिव सतीश अग्रवाल शामिल थे।

### वार्षिक आम सभा और सेमिनार 19 को

मोहम्मदगंज। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन ने जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर 19 जनवरी को टाउन हॉल मेदिनीनगर में वार्षिक आम सभा व सेमिनार रखा है। जिसके मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर और सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह आमंत्रित हैं। इसे सफल बनाने को लेकर फेडरेशन की टीम में अमिताभ मिश्रा, हनी जी, गौरीशंकर मिश्र, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार ने जिले विभिन्न प्रखंड क्षेत्र स्थित दवा दुकानदारों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया है।

### जिप उपाध्यक्ष और नपं के अध्यक्ष ने पेवर ब्लॉक का किया शिलान्यास



हुसैनाबाद पलामू। शहर वासियों के लिए जय प्रकाश चौक से पेट्रोल पंप तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शुभारंभ बुधवार को पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह एवं नगर अध्यक्ष शशि कुमार व नगरीय प्रशासनीय पदाधिकारी तरनिस कुमार हंस ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि ओवर ब्रिज के नीचे फेवर ब्लॉक के निर्माण से आमलोगों को लाभ मिलेगा।

# सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे चंद्रवंशी

- बिश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने की संयुक्त प्रेसवार्ता, कहा सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी
- सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की बातों को बताया अफवाह

खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर-मझिआंव विस क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने एक स्वर में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के राजनीति से संन्यास लेने की बातों को अफवाह करार दिया। मंडल अध्यक्षों ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा कि श्री चंद्रवंशी भाजपा के प्रादेशिक व बिश्रामपुर विस क्षेत्र के सर्वमान्य नेता हैं। वे अभी सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे। इनके नेतृत्व में ही कार्यकर्ता अगले पांच वर्षों तक क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करेंगे।



खास बातें : अगला विधानसभा चुनाव भी इनके नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा। सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधवार को बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी सभागार की प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। बताते चलें कि क्षेत्र में यह अफवाह फैल रहा था कि पूर्व मंत्री सह बिश्रामपुर विस क्षेत्र से चार बार के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। भाजपा के बिश्रामपुर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासियों की भी यही इच्छा है कि चंद्रवंशी राजनीति में सक्रिय रहें। इनके दिशा निर्देशन में ही पार्टी आगे भी बेहतर करेगी। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने कहा कि हम सब अगले पांच वर्षों तक श्री चंद्रवंशी के नेतृत्व में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे। सही कार्यों का समर्थन और गलत कार्यों का विरोध करेंगे। आगामी विस चुनाव भी इन्हीं के नेतृत्व में लड़ेंगे और भारी अंतर से जीतेंगे भी। प्रेसवार्ता में भाजपा के उंटारी रोड मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह, नावा बाजार अध्यक्ष महादेव यादव, मझिआंव नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, मझिआंव ग्रामीण अध्यक्ष दीपक चौहान, बरडीहा अध्यक्ष संजय यादव, कांडी अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे, जिला कार्यसमिति सदस्य उमा यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के इदरीश हवारी, उपेंद्र तिवारी, संजय तिवारी, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी भी थे।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया 77वां भारतीय सेना दिवस, शहीदों को किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि एसडीओ गोरांग महतो तथा विशिष्ट अतिथि बीडीओ सुनील वर्मा एवं कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह रहे। सेना दिवस की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गयी। इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया।



खास बातें : बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ब्लूम पब्लिक स्कूल तथा दक्ष पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेम प्रसाद ने वीर शहीदों के गुणगान कर वीर नारी, अतिथियों स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेटों एवं सभी सैनिकों का स्वागत करते हुए कार्यालय के कार्यों की जानकारी दी। जिसमें फैमली पेंशन जो दो वर्ष से ज्यादा दिनों के बाद चालू करवाया गया और भी बहुत से समस्याओं से पेंशनरों को निदान दिलायी गयी है आगे सेना में हम सभी वतन के लिए जाते न कि वेतन के लिए। उसी सोच से अपने क्षेत्र के पेंशनरों की समस्याओं को समाधान एवं बच्चों के शिक्षा दीक्षा के कार्यों में हम सभी लगे हैं। कार्यक्रम में संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। नवजवानों को कैरियर बनाने में हमारा संगठन सार्थक सहयोग कर रहा है। मौके पर मुख्य अतिथि गोरांग महतो, अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, सीताराम सिंह, आरसी मेहता, सत्येंद्र ठाकुर, अशरफी पाल, यदुनंदन ठाकुर, भी थे।

## मौसम विभाग की चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्र अव्वल

# संत मरियम की सुकृति प्रथम अन्य चार प्रतिभागी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मौसम विभाग कार्यालय डाल्टनगंज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। मालूम हो कि मौसम विज्ञान विभाग के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्कूली छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जहां संत मरियम के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें मौसम व जलवायु



विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि उपस्थित अन्य।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुकृति कुमारी, द्वितीय सचिन कुमार व तृतीय स्थान शांभवी स्वराज ने हासिल किया। वहीं मौसम विभाग के लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में संत मरियम के आदर्श कुमार प्रथम स्थान व पीयूष कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के चित्रकला प्रशिक्षिका रुखसार प्रवीण मौजूद थे जिनके द्वारा प्रशिक्षित छात्रों ने प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किये छात्रों व प्रशिक्षिका को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शुभकामनाएं दी और कहा कि बहुत खुशी की बात है कि मौसम विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों ने उत्कृष्टता से कला को प्रदर्शित करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया, यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

# मकर संक्रांति पर बराही धाम में उमड़े श्रद्धालु, पूजा अर्चना कर मांगी मनौती

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू। मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने बराही, दंगवार के सोन घाट पर स्नान किया। स्नान के बाद सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ चर्चित बराही धाम में पहुंचने लगी, वही बराही धाम परिसर में स्थित माता रानी की मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। वहीं पूरा धाम परिसर माता की जयकारों से गूंज रहा था। साथ ही मंगलवार होने के चलते हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं की हुजूम उमड़ पड़ा था मकर संक्रांति में उमड़ी भीड़ को लेकर बराही धाम समिति सदस्यगण काफी तत्पर देखे गये। इस दौरान लोगों ने दक्षिणमुखी भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं द्वारा बीच बीच में जय जय हनुमान की जयकारे लगाते रहे जिसे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया इस अवसर पर धाम परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि धाम परिसर में प्रत्येक मंगलवार को विगत दो वर्षों से अधिक समय से भंडारा का आयोजन किया जाता है।



बराही धाम में मकर संक्रांति के दिन पूजा-अर्चना करने के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

# जगत गुरु भगवान शिव को केवल विचार करने मात्र से अपना गुरु बना सकते हैं : बरखा आनंद

- हरिहरगंज में विराट शिव गुरु महोत्सव में हजारों की संख्या में जुटे शिव शिष्य

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप बटाने नदी तट पर विराट शिव गुरु महोत्सव किया गया। इसका उद्देश्य महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से प्रत्येक व्यक्ति का शिष्य रूप में जुड़ाव हो सकता है, इसे समझाना है। कार्यक्रम में रांची से पहुंची मुख्य वक्ता दीदी



बरखा आनंद ने कहा कि भगवान शिव आदि गुरु जगत गुरु हैं। किसी भी धर्म, जाति संप्रदाय, लिंग का व्यक्ति शिव को अपना गुरु बना सकता है। शिव शिष्य साहेब हरिद्रानंद जी तथा उनकी पत्नी दीदी नीलम आनंद ने मानव मात्र को भगवान शिव के गुरु स्वरूप से जुड़ने का आह्वान चलो शिव की ओर किया। कहा कि शिव शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिक अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार कि शिव मेरे गुरु हैं शिव की शिष्यता का स्वमेव शुरुआत करता है। इस विचार का स्थायी होना हम सभी को शिव शिष्य बनाता है।

### ...और क्या बोलीं मुख्य अतिथि दीदी बरखा

दीदी बरखा ने कहा कि भगवान शिव से धन, संपदा, ऐश्वर्य प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है, तो फिर उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान भी पाया जा सकता है। यह अवधारणा पूर्णतः आध्यात्मिक है। 1974 में हरिद्रानंद जी ने शिव को अपना गुरु माना। 1980 के दशक आते-आते भारत के विभिन्न स्थानों पर व्यापक तौर पर फैल गयी। इससे भगवान शिव को गुरु स्वरूप में मानने की लोगों की स्वीकार्यता पता चलती है। बाद में दीदी ने कई शिष्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। संचालन शिव शिष्य ओमकार सिंह ने किया। कार्यक्रम में हरिहरगंज, छतरपुर, पिपरा, मेदिनीनगर, रांची, हुसैनाबाद, बिहार के अंबा, औरंगाबाद, देवी, कुटुंबा सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों की संख्या में शिव शिष्य हरिद्रा आनंद फाउंडेशन से जुड़े हजारों शिष्य, शिष्याएं व अध्यात्म प्रेमी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र झा, मुन्ना शर्मा, हरिहरगंज शिव शिष्य परिवार अध्यक्ष सत्यनारायण शांडिक, राजू कुमार, संतोष कुमार, रामाशीष कुमार, मुरारी प्रजापति, सुदाय मेहता, शांति कुमारी, कलावती देवी, पूनम देवी, निर्मला देवी मुन्ना विश्वकर्मा, अरुण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### आस्था : हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन



मोहम्मदगंज। पलामू जिले के उंटारी प्रखंड के सतबहिनी गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ रखा गया है। इसकी शुरुआत 16 जनवरी को जलयात्रा से होगी। 17 से 18 तक अधिवास और 19 को प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जानकारी देते हुए व्यवस्थापक नवल शर्मा, राज कुमार शर्मा, अर्जुन नाथ शर्मा, रमेश शर्मा और संतोष शर्मा ने बताया कि यज्ञ की तैयारी हो चुकी है। इसे लेकर गांव के लोग उत्सुक और सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर हैं।

### छतरपुर सीओ ने करायी अलाव की व्यवस्था



छतरपुर। छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने शहर के कई स्थानों पर बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करायी है। उन्होंने बताया कि इलाके में ठंड का असर बढ़ गया है, इसलिए कुछ चुनिंदा जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। स्मरण रहे कि ठंड और भूख से किसी की मौत न हो, इसलिए प्रशासन इसे लेकर संवेदनशील है। सभी प्रबुद्ध जनों की जिम्मेवारी बनती है कि आप हमें सूचित करें, हम व्यवस्था करेंगे। वृद्ध जन, बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होती है, इनका संरक्षण वरीयता के आधार पर करने की जरूरत है। घर में बच्चों और वृद्ध जनों का बेहतर ख्याल रखें।

# हुसैनाबाद : कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ जलयात्रा से की गयी। मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा निकली। जिसका नेतृत्व भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश सिंह, यजमान चंदन सिंह व अजीत सिंह कर रहे थे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोग नगर भ्रमण कर देवरी स्थित सोन नदी घाट तक गये। सोन नदी घाट से जलभरी की। जिसके बाद पुनः यज्ञशाला पहुंचे। कलश यात्रा के साथ पांच

### ›› 19 को पूर्णाहुति और भंडारा का होगा आयोजन



दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ की शुरुआत हो गयी है। मौके पर कमेटी के संरक्षक भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश सिंह, पूर्व मुखिया रामप्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, रतन लाल आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष यादव ने किया झाऊ बाबा मेले का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू पलामू। मकर संक्रांति पर मनातू प्रखंड स्थित झाऊ बाबा स्थान मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने किया। मौके पर कमेटी के लोगों ने श्री यादव को फूल माला अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। मेले की अध्यक्षता सीना यादव व संचालन लालदेव यादव ने किया। इस दौरान सुभाष ने झाऊ बाबा मेला में आये जनसमूह को मकर संक्रांति पर शुभकामनाएं दी। कहा कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव दक्षिण वन से उत्तरायण की ओर भ्रमण करते हैं। हमारी सनातन



संस्कृत में इस प्रकृति का महत्व है। यह मकर संक्रांति हम सबों का पर्व है। जो उत्साह देखा जा रहा है जो मेला में आये सभी श्रद्धालुओं एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर भी मिलता है। श्री यादव ने कहा कि हम और आपको जगाने की जरूरत है। बाबा भीमराव अंबेडकर ने कहा था पढ़ो लिखो संगठित रहो शिक्षित बनो और संघर्ष करो उनकी बात को कायम रखना है।

### सावधानी और विटामिन युक्त भोजन ही टीबी रोग से समुचित बचाव : डॉ अनिल श्रीवास्तव




मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में टीबी रोग से ग्रसित रोगियों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव ने 12 रोगियों के बीच पोषण किट बांटते हुए कहा कि सावधानी व विटामिनयुक्त भोजन ही टीबी रोग का बचाव है। उन्होंने रोगी एवं उसके परिजनों से कहा कि गंभीर होते हुए भी इसका इलाज संभव है। बशर्ते मरीज पूरी तरह सावधानी बरतते हुए समय पर दवा लें। उसके साथ ही साथ अच्छा भोजन करें तो इस रोग से जल्द ही निजात पाया जा सकता है। उन्होंने टीबी रोगियों से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपने घर परिवार के साथ आसपास रहने वाले लोगों के साथ थोड़ी दूरी बनाकर रखें। साथ ही जहां तहां न थूकें। यह संक्रमित रोग है। यदि किसी भी व्यक्ति को एक सप्ताह से अधिक सूखा खांसी हो तो वे नजदीक के सरकारी अस्पतालों या अच्छे चिकित्सकों से मिलकर परामर्श लेते हुए अपना इलाज करायें।

# धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा सुआ कौड़िया का मंदिर: मुकेश गुप्ता

- सुआ कौड़िया स्थित शिव मंदिर झरिया आहर के चहारदीवारी का उद्घाटन राजमिस्त्री व मजदूरों ने किया

मिन्हाज आलम

मेदिनीनगर। पलामू जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ कौड़िया पंचायत में झरिया आहर के समीप स्थित प्राचीन शिव मंदिर के चार दीवारी का निर्माण विगत कई महीनों से कराया जा रहा था। तत्पश्चात मंदिर के रंग रोगन एवं आकर्षित ढंग से विद्युत साज सज्जा कराने के बाद चार दीवारी का उद्घाटन चार दीवारी के निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री व मजदूरों के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस





फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि।

संबंध में सार्वजनिक शिव मंदिर झरिया आहर के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह मंदिर सिर्फ पूजा अर्चना के लिए ही नहीं बना है बल्कि इस मंदिर के कायाकल्प करने में लगी समिति इसे धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेगी। जहां सिर्फ पलामू ही नहीं दूसरे जिला एवं झारखंड राज्य के बाहर से भी लोग खिंचे चले आयेंगे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर परिसर में विवाह स्थल का भी निर्माण कराया जायेगा। ताकि लोग अपने पुत्र पुत्रियों का विवाह इस मंदिर में करा पायेंगे।

- इस मंदिर की भव्यता में समिति कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसमें विद्युत साज सज्जा कलकत्ता के कुशल कारीगर ने किया है। इस मंदिर के पुनर्निर्माण एवं रूजावट से आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया है। जिसे देख सनातन धर्मावलंबी प्रतिदिन सुबह से शाम तक पूजा अर्चना में जुटे रहते हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि इस मंदिर में एक पंडित पुजारी रखे जायेंगे। आसपास की महिलाएं प्रतिदिन शाम में भजन कीर्तन करेंगी। ताकि बच्चों में भी धर्म के प्रति आस्था जागृत हो। चहार दीवारी निर्माण में प्रधान महावीर अरुण शंकर, गुरु पांडेय, अमरेश गुप्ता, पुनीत सिंह का सराहनीय योगदान रहा। उद्घाटन राजमिस्त्री रामप्रवेश सिंह, चंदू सिंह, राम प्रसाद, मजदूर कपिल सिंह, छोटू सिंह, अजय प्रसाद व अन्य ने किया।

# प्रेरणा छात्र के रूप में झारखंड से प्रतिनिधित्व करने रोटरी स्कूल चैनपुर का प्रियांशु मुंबई रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चयनित प्रेरणा छात्र परीक्षा पर चर्चा हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह, विद्यालय के शिक्षक नंदन कुमार तिवारी के साथ रांची एयर पोर्ट से जहाज के द्वारा मुम्बई के लिए बुधवार को प्रस्थान किया। हवाई जहाज से यात्रा करने एवं सभी सुविधाओं की व्यवस्था भारत सरकार के द्वारा की गयी है। जिसका प्रतिनिधित्व नवोदय विद्यालय पलामू वन के प्राचार्य स्वतंत्र सिंह के द्वारा की गई है। चयनित 9 छात्रों में प्रियांशु सिंह मुम्बई में झारखंड राज्य का एक मात्र चयनित छात्र है जो पूरे



रवाना होने के पूर्व प्रियांशु सिंह।

झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। ज्ञातव्य हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय में 22 अप्रैल 2024 को जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों से चयनित लगभग 150 छात्र/ छात्राओं में से रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह को प्रेरणा प्रोग्राम के लिए सात दिवसीय कार्यशाला हेतु बाड़नगर गुजरात भेजा गया था। आज वही छात्र झारखंड प्रदेश से इकलौता प्रतिनिधित्व करने हेतु मुम्बई के लिए प्रस्थान किया। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि हमें प्रियांशु सिंह पर गर्व है। हमारा उद्देश्य और सपना साकार हो रहा है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्राचार्य अक्षेश कुमार पांडेय ने कहा कि हमारे विद्यालय का छात्र प्रियांशु सिंह मुम्बई में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा इससे बढ़ कर और गौरव की बात हमारे लिए क्या होगी। प्रियांशु भविष्य में यह देश के अच्छे पद को सुशोभित कर देश का कर्णधार बनेगा इसमें जरा भी संदेह नहीं है।

# नॉर्वे के 34 विदेशी सैलानियों का स्वागत करते हुए आदिवासी रीति-रिवाजों से कराया गया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



आदिवासी ग्रामीणों के साथ विदेश सैलानी।

**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव में बुधवार को विदेशी मेहमान 7 हजार किलोमीटर दूर नार्वे देश के विदेशी सैलानी पहुंचे। जिसे सामाजिक जागरूकता युवा संगठन मसलिया के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा की अगवाई में नॉर्वे से पहुंचे 34 की संख्या में विदेशी सैलानियों आदिवासी रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक, रीति-रिवाज से अवगत कराया गया। स्वागत समारोह में अतिथियों का लोटा पानी एवं पैर धोकर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। विदेशी मेहमानों को आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और समुदाय के मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य, गीत का प्रस्तुति दी गई। वही मेहमानों को गांव के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान जैसे कोदे पीठा, जिल पीठा, मल्हान पिठा, जिल लेटो, जिल सूड़ा, जिल कुरही, जिल लात जैसे भोजन पोरोसा गया। मेजबान ग्रामीणों ने बताया कि ह्लआदिवासी परंपराएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। नार्वे जैसे देश के अतिथियों का स्वागत कर हमने अपने समाज की विशेषता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया है। वही अतिथियों ने भी इस अनुभव को बेहद अद्भुत और प्रेरणादायक बताया। मौके पर सचिव प्रभाकर हांसदा, उप सचिव मनोरंजन हांसदा, उपकोषाध्यक्ष रंजीत हांसदा, डॉ सुशील मरांडी, ग्राम प्रधान आईनेश किस्कू, जुनुस हेंब्रम, बिमल हांसदा, शिवधन बेसरा, मनोज हेंब्रम, देवानन्द बेसरा आदि मौजूद थे।

# बोकारो विधायक श्वेता सिंह चास नगर निगम में गंदगी देख हुई नाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने चास नगर निगम कार्यालय पहुंचकर चास नगर की आम जनता की उपस्थिति में नगर आयुक्त के साथ स्वच्छता पेयजल एवं स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्याओं को लेकर आवश्यक बैठक की। इस बैठक में सिंह ने नगर आयुक्त से कहा कि चास नगर निगम अंतर्गत सभी वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लगातार क्षेत्र की जनता इन मामलों को लेकर परेशान है लेकिन कहीं भी कार्यालय के अधिकारी और कर्मी इस मामले को लेकर सजग नहीं हैं। पेयजल से संबंधित कार्यों में धीमी गति बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क पर लगे स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद हैं। इसे भी जल्द से जल्द शुरू किया जाए। विधायक सिंह ने कहा कि चास नगर निगम अपने कार्यों को विभिन्न वार्डों में सुचारू रूप से करने के लिए पांच सीटी मैनेजर नियुक्त किए हैं लेकिन किन्ही का भी काम धरातल पर नहीं दिख रहा है। बैठक संपन्न होने के पश्चात इसी क्रम में श्वेता सिंह ने चास के भालोटिया गली पहुंचकर वहां फैले गंदगी के अंबार को देखा और सिटी मैनेजर को जल्द से जल्द यहां की सफाई के साथ-साथ सभी वार्डों में सुचारू रूप से स्वच्छता के कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए इसका निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य सरकार जनहित के मामलों में बहुत ही गंभीर है। अगर तय समय पर पूरे निगम क्षेत्र में स्वच्छता की व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया गया तो इस मामले में अवरोध बन रहे अधिकारियों और कर्मचारियों पर सरकारी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर में

### दुमका : आपत्तिजनक स्थिति में महिला-पुरुष को ग्रामीणों ने पकड़ा, बनाया बंधक



दुमका। जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में बीते रात आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर एक व्यक्ति और एक महिला को ग्रामीणों ने करीब 20 घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट किया। जानकारी के अनुसार पांचुबाद गांव के विश्वनाथ सोरेन का जमुनिया गांव की एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार की रात जैसे ही विश्वनाथ महिला से मिलने उसके घर गया, तो ग्रामीणों ने उसे और महिला को बंधक बनाकर जमकर पीटाई की। सुबह जब सरैयाहाट पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो पुलिस गांव पहुंच जब बंधकों को छुड़ाने का प्रयास किया, तो ग्रामीणों ने पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की शुरू कर दी और पुलिस को भी बंधक बना लिया। जिसके बाद काफी संख्या में पुलिस गांव पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर शांत करा बंधकों को छुड़ाया। ग्रामीणों और महिला के पति का आरोप था कि उक्त युवक का महिला के साथ शारीरिक संबंध है और अक्सर रात को वो महिला के घर आता है। घटना के बाद पुलिस ने बंधकों को छुड़ाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में इलाज कराया। इधर घटना के सरैयाहाट प्रखंड के माथाकेशो पंचायत के पूर्व मुखिया तलामय सोरेन ने भी सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर जमुनिया गांव के कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पूर्व मुखिया ने अपने दिए आवेदन में बताया है कि गांव में हुए झगड़े को लेकर वो आपसी सुलह के लिए अपनी बेटी के साथ जमुनिया गांव गई थी। इस दौरान गांव के कुछ युवकों ने उसकी बेटी और उसके साथ पुलिस की मौजूदगी में मारपीट किया। खबर लिखें जाने तक महिला पुरुष को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर थाना में रखा है।

### केबी कॉलेज बेरमो में समीक्षा बैठक



बेरमो। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समीक्षा बैठक बुधवार को प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता और प्रोग्राम ऑफिसर डॉ प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में करवाई गई। प्राचार्य ने कहा समीक्षा बैठक में एन एस एस के स्वयं सेवकों के वर्ष भर के क्रिया कलापो, गतिविधियों पर चर्चा की गई। डॉ प्रभाकर ने बताया सात दिवसीय स्पेशल यूनिट कैंप का आयोजन किया जाना है, इसके लिए आज स्वयं सेवकों को रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध करवाया गया। समीक्षा बैठक में सभी एन एस एस स्वयं सेवकों के वर्ष भर की उपलब्धियों पर लेखा जोखा किया गया। नए सत्र के छात्र छात्राओं से भी स्वयं सेवकों के लिए नांमाकन फॉर्म के आवेदन की मांग की जाएगी।

### गोड्डा से साइबर ठग गिरफ्तार



गोड्डा। जिला पुलिस को प्रतिबिम्ब एप्प के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम तेलोलिया में एक युवक के द्वारा ऑनलाईन साईबर ठगी किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु टीम का गठन कर लोकेशन पर छापामारी की गयी। पुलिस को देखते ही लड़का घर के पीछे के दरवाजा से भागने लगा, जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछ–ताछ करने पर फोन के माध्यम से साईबर ठगी करने की बात स्वीकार की। उसके पास से बरामद बुलेट बाईक भी उसी पैसे से खरीदने की बात बताया है। छापामारी के क्रम में उसके पास से प्रतिबिम्ब एप्प में प्रयोग किया गया मोबाईल एवं सिम कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड/गाड़ी का पेपर आदि बरामद किया गया है। अभियुक्त को गिफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु पुलिस उप अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में मुफ्फसिल थाना प्रभारी कृष्णा साह के साथ अन्य पुलिस जवान शामिल थे। एसडीपीओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी ने इसकी जानकारी दी।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : सड़क हादसे में युवक की मौत

मसलिया। तातलोई मेला देखकर लौट रहे बाइक सवार 26 वर्षीय लखीश्वर हेम्ब्रम की ब्रेकर से उछलकर गिर जाने से मौत हो गई। घटना जिले के टोंगरा थाना क्षेत्र में इसमाला गांव के समीप सोमवार की देर शाम को घटी। मृतक बाईक सवार दुमदुमी गांव का रहने वाला था। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी है। थाना क्षेत्र के कुसुमघाटा पंचायत के उपमुखिया जयदेव किस्कू ने बताया कि लखीश्वर हेंब्रम गांव के ही अपने साथी मिथुन टुडू के साथ बाइक से तातलोई मेला देखने गया था। देर रात को दोनों मेला से लौट रहे थे। रास्ते में इसमल्ला गांव के पास निमार्णाधीन पुल के पास मुख्य सड़क में दोनों ओर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बनाए गए ब्रेकर पर मिथुन टुडू तेजगति से बाइक चढ़ा दी। जिससे पीछे बैठा लखीश्वर बाइक से सड़क किनारे फेंका गया। सिर में चोट लगने से घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई। बाइक के रुकने पर मिथुन टुडू देखा कि पीछे बैठा लखीश्वर बाइक में नहीं है। अंधेरे के कारण उसे लखीश्वर नहीं दिखा। नशे में होने के कारण मिथुन उसकी खोजबीन करने की बजाय घर आ गया। पुल निर्माण करा रहे मुंशी ने जब मृतक को देखा तो टोंगरा थाना को फोन कर घटना की सूचना दी। मृतक दो बच्चों का पिता था। वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों ने लगाया तिलक और दिया फूल



बोकारो। बोकारो के विभिन्न जगहों पर अलग–अलग संगठनों द्वारा चलाए जा सड़क सुरक्षा अभियान की कड़ी में बोकारो स्टील के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के तत्वावधान में नगर के प्रमुख चौराहों–बीजीएच गांधी चौक एवं पत्थरकट्टा चौराहे पर एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के माथे पर तिलक लगाकर और टॉफी देकर चालकों से सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर बच्चों के साथ सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के एजीएम नेहाल पासवान बीएस एल सिक्योरिटी विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे। इधर बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस न्यू विभाग में भी सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ ईडी संकार्य सीआर महापात्रा के द्वारा किया गया।

# बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध : डालसा

## गोड्डा जिले के विभिन्न पंचायतों में 90 दिवसीय इंटेंशिव शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में पंचायत स्तर पर 90 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बसंतराय की डालसा की टीम ने क्षेत्र के राहा, कोरियाना, धपरा,सोहराय गांवों में जाकर लोगों को जागरुक किया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू ने ग्रामीणों को,मानव तस्करी, बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षा सबसे जरुरी है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है। बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई। इसी प्रकार मेहरमा में रामविलास महतो एवं सुषमा मरांडी, बोआरीजोर में दयानंद यादव एवं अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में विमल टुडू एवं मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव एवं स्टेंशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो हसीब व शंकर चंद्र सेन, पथरागामा में दिलीप यादव व मीणु बेसरा आदि ने भी शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी।

# ढोरी जीएम कार्यालय में राष्ट्रीय भाषा कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** महाप्रबंधक कार्यालय ढोरी क्षेत्र के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय भाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया इसके मुख्य अतिथि रंजय सिन्हा, महाप्रबंधक ढोरी क्षेत्र थे। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा कायार्लीन कार्य हिंदी में करने चाहिए और हिंदी में प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने सीसीएल मुख्यालय राजभाषा विभाग से आए दिविक दिवेश, उप प्रबंधक कार्मिक (राजभाषा) का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। मुख्यालय द्वारा राजभाषा एवं राजभाषा अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यशाला में लगभग 50 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अमला अधिकारी कार्मिक व कुमारी माला द्वारा किया गया।

### डॉ उषा सिंह की आवास में खिचड़ी भोग का कार्यक्रम

बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र शास्त्री नगर के चिकित्सक एवं कांग्रेस नेत्री डॉ उषा सिंह ने अपने आवास में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी का कार्यक्रम रखा गया। बेरमो विधायक के निजि सचिव सुनील सिंह, ललन रवानी, मंचू सिंह, पुनीत महतो आदि मौजूद थे।

# डीपीएस चास के विद्यार्थी इंटरनेशनल अंग्रेजी ओलंपियाड के स्टेट टॉपर्स



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास के सत्रह विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में असाधारण प्रदर्शन कर अपने परिवार व विद्यालय को गौरवान्वित किया। घोषित परीक्षा परिणाम में स्टेट टॉपर रैंक में पहली कक्षा के आर्यन अग्रवाल अनंत आशीष आर्यन कुमार महतो देवांशी कुमारी मो समी जावेद निशा कुमारी परिधि कुमारी रतन सिंह शिवांश कलबलिया शिवांशी दत्ता आहान रवानी अरफा परवीन शिक्षा विश्वकर्मा आर्यन लायक तथा दिशा जगनानी ने स्टेट रैंक 3 हासिल किया। कक्षा-चौथी के रेयांश झा रैंक 2 और कक्षा सातवीं के दक्षेष गोस्वामी ने स्टेट रैंक 1 हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। विदित हो कि एसओएफ द्वारा स्कूल स्तर पर भविष्य के वैज्ञानिकों प्रौद्योगिकीविदों और आईटी प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य के लिए सफलता की कामना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता यह दर्शाती है कि वे कड़ी मेहनत करने और एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए तैयार हैं। विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि आईआईओ में इतना उल्लेखनीय परिणाम पाना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

# मकर संक्रांति पर आयोजित मेलों का मंत्री योगेंद्र ने किया उदघाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** बुधवार को माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पचमो एवं रहावन में आयोजित मकर संक्रांति मेला और तिलैया में आयोजित झारखंडी बाबा मेला में शामिल हुए।

इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा मंत्री का पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया। मंत्री जी ने सभी लोगों को पर्व की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति और सभ्यता पर हम सभी को गर्व है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई दी। और कहा इस तरह के आयोजन हमसभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हैं। इस परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने मन मोहक प्रस्तुति दी।सभी जगहों पर भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहें। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर हजारों लोग उपस्थित थे।

# बोकारो : श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल में पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो में विभिन्न बैचों के छात्र एक साथ अल्युमिनी कार्यक्रम में अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा किये। कार्यक्रम में नजीर अहमद ने गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया। प्रधानाचार्य पी शैलजा जयकुमार ने कहा कि हमें अपने प्रिय पूर्व छात्रों का फिर से स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह कार्यक्रम स्कूल की यात्रा का उत्सव है जो स्कूल द्वारा प्रदान किए गए मूल्यों और शिक्षा का एक प्रमाण है। कई पूर्व छात्रों-उज्वल पाठक प्रिंस कुमार समीर अंसारी ने अपने अनुभव साझा किए मधुर यादें ताजा कीं और स्वर्गीय के वेणुगोपाल पूर्व निदेशक महोदय अयप्पा सेवा संगम के अनुभवी सदस्य स्कूल प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मंदिर के कर्मचारी और उनके जीवन को आकार देने में उनकी भूमिकाएं के प्रति आभार व्यक्त किया। विजया भसन ने कार्यक्रम का संचालन किया जबकि प्रिया पांडे ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# दुमका: प्रभारी प्राचार्य के हत्यारोपी आनंद को पुलिस ने चार दिन के बाद भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रेनतियुस हेंब्रम की हत्या में शामिल विद्यालय के ही लिपिक आनंद झा को तीन दिन तक चली लंबी पूछताछ के बाद सोमवार की देर शाम को जेल भेज दिया है। वहीं उसके साथी सोनू खान को साक्ष्य के अभाव में पुलिस छोड़ दी है। हालांकि आनंद की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है कि शिक्षक की हत्या हुई है या फिर उन्होंने आत्महत्या की है। हत्या का कारण जानने के लिए पुलिस आनंद को रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ करेगी। जानकारी के अनुसार शिक्षक 6 जनवरी की शाम गांदो के जराडीह घर से कहीं निकल गए थे। पत्नी पुष्पलता सोरेन ने उसी दिन नगर थाना में सनहा भी दर्ज करायी। करीब चार दिन बाद पुलिस ने कड़हरबील के जंगल से पेड़ से लटकता हुआ शव बरामद किया। पत्नी ने विद्यायक के लिपिक आनंद झा पर हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। मामले में मुफस्सिल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। लिखित शिकायत के मुताबिक प्रधारी प्रध्यानाध्यापक के हत्या में संलिप्तता लिपिक आनंद कुमार झा, निरूपा नलिनी मरांडी, उच्च विद्यालय, गोवासोल, मसलिया के अन्य शिक्षक समेत अज्ञात पर अपहरण कर हत्या का आरोप मृतक की पत्नी पुष्पलता सोरेन ने लगायी। आवेदन में सात जनवरी की प्रभारी प्रध्यानाध्यापक की सीएल छुट्टी आनंद झा पर खुद फर्जी हस्ताक्षर कर डीईओ के ह्वाटसऐप पर भेजने का आरोप लगायी। पुनः 8 जनवरी को लापता पति का पता के लिए मसलिया के एक महिला का मोबाईलन नंबर कर आवेदन में जिक्र करते हुए पता चलने की बात आरोपी आनंद के द्वारा फोन करने की बात कही। पुनः आरोपी आनंद झा द्वारा 10 जनवरी को फोन कर लापता पति के खोजबीन करने वाले एक अन्य विद्यालय के शिक्षक को धमकाने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने शव मिलने के दिन ही आरोपी आनंद को जसीडीह से धर दबोचा। तब से लेकर सोमवार की दोपहर तक उससे पूछताछ की गई। शक के आधार पर उसके दोस्त सोनू खान को भी उठाया गया।


# जिला अभियंता का कार्यालय

## जिला परिषद, रामगढ़

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :– *ZP/RAMGARH/14/2024-25*

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत /ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | पुण्डी | पुण्डी पंचायत मे पुण्डी–माण्डु रोड़ से के. के. बसौदी होते हुए टोला डगडगिया तक किलोमीटर 1.5 KM पक्की पथ निर्माण। PHASE- II | 9496000 | 190000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 2 | माण्डू | पुण्डी | पुण्डी पंचायत मे पुण्डी–माण्डु रोड़ से के. के. बसौदी होते हुए टोला डगडगिया तक किलोमीटर 1.5 KM पक्की पथ निर्माण। PHASE- III | 8835900 | 177000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 3 | चितरपुर | मायल | प्रखण्ड चितरपुर, पंचायत मायल श्मशान घाट मे चाहरदीवारी एवं शेड निर्माण। | 8538700 | 171000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 4 | पतरातु | बारीडीह | बारीडीह पंचायत के ग्राम जोबो करमाटोला अर्जुन गड्नु के घर से बजरंग बली मंदिर तक पथ निर्माण। PHASE- II | 9496000 | 190000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 5 | पतरातु | बारीडीह | बारीडीह पंचायत के ग्राम जोबो करमाटोला अर्जुन गड्नु के घर से बजरंग बली मंदिर तक पथ निर्माण। PHASE- III | 9496000 | 190000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 6 | पतरातु | बारीडीह | बारीडीह पंचायत के ग्राम जोबो करमाटोला अर्जुन गड्नु के घर से बजरंग बली मंदिर तक पथ निर्माण। PHASE- IV | 8644200 | 173000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 7 | माण्डू | मंझला चुम्बा | पंचायत मंझला चुम्बा, ग्राम–छोटका चुम्बा मे मुकेश साव के घर से हीरक रोड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। PHASE - II | 7706900 | 155000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 8 | माण्डू | बड़गाँव | ग्राम बड़गाँव के दुब देव से मदन ठाकुर के खेत तक गार्डवाल एवं पी०सी०सी० पथ निर्माण। PHASE - II | 9266200 | 186000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 9 | माण्डू | बड़गाँव | ग्राम बड़गाँव के दुब देव से मदन ठाकुर के खेत तक गार्डवाल एवं पी०सी०सी० पथ निर्माण। PHASE - III | 7211800 | 145000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 10 | चितरपुर | मारंगमरचा | ग्राम पंचायत मारंगमरचा मे नरेश महतो के जमीन से लेकर श्मशान घाट तक पी०सी०सी० पथ निर्माण । PHASE- II | 7274000 | 146000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 11 | पतरातु | बलकुदरा | बलकुदरा प्राचीन शिव मंदिर के पास बड़ा पुल का निर्माण करवाना। | 9068200 | 182000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 12 | पतरातु | बारीडीह | पंचायत बारीडीह ग्राम–जोबो से लोवाडीह करमा टोला राजेश बेदिया के घर तक पी. सी.सी. पथ निर्माण। PHASE - II | 9826200 | 197000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 13 | पतरातु | बारीडीह | पंचायत बारीडीह ग्राम–जोबो से लोवाडीह करमा टोला राजेश बेदिया के घर तक पी. सी.सी. पथ निर्माण। PHASE - III | 9826200 | 197000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 14 | रामगढ़ | वार्ड नं0 21 | रामगढ़ वार्ड नं0–21 सिरका दामोदर पुल से बेगामोड़ तक पी.सी.सी पथ निर्माण। PHASE - II | 9711000 | 195000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 15 | रामगढ़ | वार्ड नं0 21 | रामगढ़ वार्ड नं0–21 सिरका दामोदर पुल से बेगामोड़ तक पी.सी.सी पथ निर्माण। PHASE - III | 9885100 | 198000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 16 | रामगढ़ | वार्ड नं0 21 | रामगढ़ वार्ड नं0–21 सिरका दामोदर पुल से बेगामोड़ तक पी.सी.सी पथ निर्माण। PHASE - IV | 9719400 | 195000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 17 | रामगढ़ | अपर पोचरा | रामगढ़, अपर पोचरा राजू साव के घर से सरना पार विक्रम यादव के घर तक पी. सी.सी पथ निर्माण । PHASE - II | 9702700 | 195000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 18 | रामगढ़ | WARD NO-10 | बजरंग बली मंदिर NH–33 से पंचायत भवन मरार होते हुए देवी मंडप से रेलवे फाटक एवं करमाली टोला, गोसाई टोला होते हुए मिसरा टोला तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। PHASE - II | 9702700 | 195000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 19 | रामगढ़ | कुन्दरू कलां | रामगढ़, पंचायत– कुन्दरूकलां, के नवाडीह हनुमान मंदिर से लेकर दामोदर नदी सरैया तक पी.सी.सी पथ निर्माण। PHASE - II | 5158500 | 104000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 20 | दुलमी | प्रियातु | पी.डब्लू. डी. पथ भालू से पोटमदगा तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। PHASE - II | 6467200 | 130000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 21 | दुलमी | जरियो | ग्राम जरियो मे जरियो सरकारी तालाब से इमाली टोला होते हुए रजरप्पा नाला तक मॉडल नाली निर्माण तक । | 8307100 | 167000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 22 | दुलमी | जरियो | ग्राम जरियो मे जरियो सरकारी तालाब से लेकर रजरप्पा नाला तक गार्डवाल निर्माण। | 6337900 | 127000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 23 | गोला | चोकाद | ग्राम चोपाहारू के NH–23 से महतो टोला के पानी टंकी के सामने तक PCC एवं नाली निर्माण। | 6243500 | 125000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 24 | गोला | सरगडीह | प्रखण्ड गोला, पंचायत सरगडीह के ग्राम– उलादाका के परनु महतो के घर से ग्राम– सरगडीह के शंकर महतो के घर तक पी. सी. सी पथ एवं सरना स्थल के सामने पुलिया निर्माण। Phase-1 | 9989600 | 200000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 25 | गोला | सरगडीह | प्रखण्ड गोला, पंचायत सरगडीह, ग्राम सरगडीह के श्मशान पथ पर मथुर महतो के जमीन पर गार्डवाल एवं पुलिया निर्माण। | 8748780 | 175000 | 10000 | 06 (छः) माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– दिनांक 21.01.2025
2. ई–निविदा डालने / प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 21.01.2025 से दिनांक 27.01.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक – 28.01.2025 को अपराह्न 3:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिशद, रामगढ़।
5. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 344294 District(24-25)D

# भीषण आग से नुकसान

अमेरिका में जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-1-3-5

# क्या आप दिल्ली का किला बचा पायेगी?

दिल्ली की सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर-दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे। तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्ममता पूर्वक कुचल दिया।

देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभिसंधि से दिनों-दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का



उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई। हालांकि अण्णा हजारे इस आंदोलन से जुड़े लोगों के राजनीति में उतरने के विचार से सहमत नहीं थे।

वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया- आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को ही देश के संविधान को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी समय पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा था ह्यहम आम आदमी हैं। अगर वामपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से विचार उधार ले लेंगे और अगर दक्षिणपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से भी विचार उधार लेने में खुश हैं ह्व आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय सबसे ज्यादा जोर देते हुए कहा गया कि अब तक देश की सत्ता पर काबिज रहे राजनैतिक दलों में तमाम प्रकार के दुर्गुण आ गए हैं। नया दल इन दुगुर्णों से मुक्त रहकर नए प्रकार से राजनीति करते हुए देश को वैकल्पिक राजनीति का मॉडल देगा। उस समय ऐलान किया गया कि इस दल में ह्यहाई कमान कल्चरह्व नहीं होगा, सभी निर्णय सामूहिक तौर पर लिए जाएंगे। पार्टी नेताओं को भ्रष्ट आचरण से दूर रखने के लिए पार्टी का अपना लोकपाल होगा जो सभी नेताओं की निगरानी करेगा।



\- विकास सक्सेना

> वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया- आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके।

बड़े-बड़े आदर्शों के साथ शुरू हुई आम आदमी पार्टी ने चंद महीनों के भीतर खुद को पारंपरिक राजनीति के अनुरूप ढालना शुरू कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2013 में पहली बार जनता की अदालत में पहुंची आम आदमी पार्टी के 28 उम्मीदवारों को लोगों ने विधानसभा पहुंचा दिया। सत्ता की चाह में बच्चों की कसम और सभी आदर्शों को भुलाकर अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली। इसके बाद एक-एक करके उन सारे आदर्शों को तिलांजलि दे दी गई जिनकी बात 26 नवम्बर 2012 को की गई थी। पार्टी के अधिकांश संस्थापक सदस्यों प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास आदि ही नहीं बल्कि पार्टी के आंतरिक लोकपाल एडमिरल रामदास तक को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को सादगी पूर्ण जीवन की बात कहते हुए छोटे मकान, छोटी कार और सीमित सुरक्षा की नसीहत देते थे लेकिन सत्ता में आते ही आआपा नेता उन सभी सुख-सुविधाओं को भोगते नजर आ रहे हैं जिसे लेकर वे राजनेताओं की तीखी आलोचना किया करते थे। खासतौर पर अरविन्द केजरीवाल पर कोरोना काल में अपने सरकारी आवास की मरम्मत पर 33 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप लगे। लाखों रुपये के पर्दे, टॉयलेट और टायल्स आदि को लेकर चर्चा में आया उनका आवास शीशमहल के तौर पर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन समेत पार्टी के तमाम नेता और मंत्री महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल की हवा खा चुके हैं। जहां तक हाईकमान संस्कृति की बात है तो ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल अब पार्टी के स्थायी राष्ट्रीय संयोजक हो चुके हैं। उनके शब्द पार्टी कार्यकताओं के लिए अंतिम आदेश है और मुख्यमंत्री पद के एकमात्र दावेदार भी वही होंगे। अगर मजबूरी में कोई दूसरा मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर भी बैठेगा तो उसे भरत भाव में रहना होगा।

भ्रष्टाचार विरोधी अण्णा आंदोलन के गर्भ से जन्मी आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी उसके नेताओं की भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रतिबद्धता और सादगी पूर्ण जीवन थी। लेकिन इन दोनों मामलों में आआपा नेताओं खासा निराश किया। पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद दिल्ली में

## लेटर टू एडिटर

### इस जीत के मायने

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प का चुनाव एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े समर्थक और प्रमुख सहयोगी जॉर्ज सोरोस के लिए करारा झटका साबित हुआ है। सोरोस, जो भारत सहित दुनिया भर के प्रभुत्व सम्पन्न देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करते रहे हैं, अब उनके प्रयासों को एक धक्का लगा है। नागरिकों और मतदाताओं ने भी इन षड्यंत्रों को समझा।

**- के. ठाकुर, हजारीबाग**

### कारगर नीति

सुप्रीम कोर्ट ने अनियंत्रित प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए पराली जलाने पर जुर्माना राशि 15,000 से बढ़ाकर 30,000 कर दी है। राज्य सरकारों की सख्ती के बावजूद समस्या बनी हुई है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारों को कारगर नीति बनानी चाहिए, ताकि पराली जलाने की आवश्यकता न पड़े।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

प्रयागः सर्वतीर्थेभ्यः प्रभवत्यधिकं विभो ।
श्रवणात तस्य तीर्थस्य नामसंकीर्तनादपि ।।
मृत्तिकालम्भनाद्वापि नरः पापात प्रमुच्यते ।। (महाभारत)

अर्थात, प्रयाग सर्व तीर्थों में श्रेष्ठ है। मूलतः प्रयाग शब्द ह्यप्रह्व उपसर्गपूर्वक ह्ययज्ह्व धातु से बना है। इसका अर्थ है - 'यज्ञ करना। तीर्थराज प्रयाग यूं तो सर्वथा वंदनीय है, किन्तु कुम्भ काल में प्रयाग में गंगा स्नान और यहाँ की मिट्टी का शरीर पर लेप करने से मनुष्य पापमुक्त होता है। वैदिक और पौराणिक आख्यानों में इस क्षेत्र का माहात्म्य बताते हुए कहा गया है कि महाप्रलय के समय सम्पूर्ण जगत के डूब जाने पर भी तीर्थराज प्रयाग नहीं डूबेगा।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# 5 दिन का सप्ताह और 35 घंटे काम करने की बात देश के लिए ज्यादा बेहतर

**बिश्वजीत देब**

सीआईटीयू ने एलएंडटी चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने संबंधी बयान की निंदा की है। सीआईटीयू ने 5 दिन का सप्ताह और 35 घंटे काम करने की अपनी मांग दोहराई है।

ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीआईटीयू) ने लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने प्रति सप्ताह काम के घंटे बढ़ाकर 90 घंटे करने का आग्रह किया है। इसी तरह का बयान पहले इंफोसिस के प्रमुख एन.आर. नारायण मूर्ति ने दिया था, जिसमें उन्होंने वैधानिक उपाय के जरिए प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करने का आग्रह किया था। ऐसा लगता है कि, मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के शासनकाल में कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक नापाक गठजोड़ के कारण, ड्डारतीय श्रमिकों के खून-पसीने की लूट करने की होड़ मची हुई हैं।

ड्डारतीय श्रमिक, यहाँ तक कि औपचारिक क्षेत्र में स्थायी श्रमिक ल्ृी, चीन, यूरोप और अमेरिका जैसे अधिक उत्पादक देशों की तुलना में अधिक घंटों तक काम करते हैं। काम के घंटों में वृद्धि ल्'ारतीय श्रमिकों के स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर बहुत ही विनाशकारी प्रभाव डाल रही है, इसके बावजूद, कॉर्पोरेट वर्ग द्वारा इस तरह की जघन्य कवायद रोजगार और श्रम लागत को कम करने के लिए की जा रही है। साथ ही दक्षता और उत्पादकता की आड़ में अमानवीय कार्य स्थिति थोपी जा रही है, असीमित मुनाफे की भूख के कारण श्रमिकों का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिसके कारण 2022 में 11486 आत्महत्याएं हुई हैं।

श्रम के अमानवीय दोहन की गंभीरता को इस बात से देखा जा सकता है कि मजदूरी का हिस्सा 1990-91 के 27.64% से तेजी से घटकर 2022-23 में 15.94% हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान शुद्ध लाभ का हिस्सा

## सामयिक

> श्रम के अमानवीय दोहन की गंभीरता को इस बात से देखा जा सकता है कि मजदूरी का हिस्सा 1990-91 के 27.64 प्रतिशत से तेजी से घटकर 2022-23 में 15.94 प्रतिशत हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान शुद्ध लाभ का हिस्सा 19.06 प्रतिशत से बढ़कर 51.92 प्रतिशत हो गया है, साथ ही नौकरियों में छंटनी भी बढ़ती जा रही है। सीआईटीयू मजदूर वर्ग के सभी तबकों से आह्वान करती है कि वे पूंजीपति वर्ग की ऐसी घिनौना प्रतिस्पर्धी पहलों के खिलाफ आक्रोश के साथ उठ खड़े हों तथा आने वाले दिनों में उनके बुनियादी अधिकारों और सामाजिक जीवन पर हमले के षडयंत्रकारी शैतानी कदम के खिलाफ कार्यस्थल से लेकर सड़क तक एकजुट देशव्यापी प्रतिरोध कार्रवाइयों के लिए तैयार रहें।

19.06% से बढ़कर 51.92% हो गया है, साथ ही नौकरियों में छंटनी भी बढ़ती जा रही है।

काम के घंटे बढ़ाने के लिए एक के बाद एक अग्रणी कॉर्पोरेट घरानों द्वारा की जा रही ऐसी गंदी प्रतिस्पर्धी पहल केंद्र में बैठी उनकी आज्ञाकारी सरकार के साथ षडयंत्रकारी मिलीभगत का नतीजा है। नए श्रम संहिता में उपयुक्त सरकार के कार्यकारी निर्णय के माध्यम से में काम के घंटों का इस तरह की वृद्धि का प्रावधान है, हालांकि ट्रेड यूनियन आंदोलन के प्रतिरोध के कारण अभी तक केंद्र सरकार द्वारा श्रम संहिताओं को अधिसूचित नहीं किया जा सका है, फिर भी हमने कुछ राज्य सरकारों द्वारा काम के घंटे बढ़ाकर 12 घंटे प्रतिदिन करने के कई प्रयास देखे हैं, जिनका संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन द्वारा विरोध भी किया जा रहा है।

सीआईटीयू मजदूर वर्ग के सभी तबकों से आह्वान करती है कि वे पूंजीपति वर्ग की ऐसी घिनौना प्रतिस्पर्धी पहलों के खिलाफ आक्रोश के साथ उठ खड़े हों तथा आने वाले दिनों में उनके बुनियादी अधिकारों और सामाजिक जीवन पर हमले के षडयंत्रकारी शैतानी कदम के खिलाफ कार्यस्थल से लेकर सड़क तक एकजुट देशव्यापी प्रतिरोध कार्रवाइयों के लिए तैयार रहें। सीआईटीयू का मानना है कि नियोक्ता वर्ग द्वारा किए जा रहे इन गंदे हमलों का जवाब वर्ल्ड ट्रेड यूनियन फेडरेशन (डब्ल्यूएफटीयू) की मांग के अनुसार प्रतिदिन 7 घंटे काम और प्रति सप्ताह पांच दिन काम की मांग को उठाकर दिया जाना चाहिए।19 जनवरी को, जिस दिन सीआईटीयू और एआईकेएस द्वारा हर साल किसान मजदूर एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, संयुक्त विरोध कार्यक्रमों के दौरान पूरे झारखंड राज्य में इंफोसिस और एलएंडटी प्रमुखों का पुतला जलाया जाएगा।

# धर्म के मांगलिक स्वरूप को संवर्धित करता है कुंभ

**अरुण कुमार दीक्षित**

## कुंभ 2025

**प्रयाग** प्रागैतिहासिक तीर्थ है। प्रयाग अपने आध्यात्मिक प्रभाव के लिए प्रख्यात है। प्रयाग का भारतीय सभ्यता संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। ऋषियों-मुनियों ने प्रयाग और कुंभ का श्रद्धापूर्वक वर्णन किया है। सनातन धर्म के श्रद्धालु विश्वास रखते हैं कि तीर्थराज प्रयाग की यात्रा, दर्शन संगम स्नान से व्यक्ति सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। कुंभ महाकुंभ पूरे संसार के लिए दुर्लभ घटना है। करोड़ों करोड़ लोग एक साथ कुम्भ में संगम स्नान कर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाते हैं। प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रम्हादि देवताओं ने दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण,नदी, समुद्र, गंधर्व ,अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्राकृतिक सुंदरता भी संगम में अद्वितीय है। अनेक पक्षियों का कलरव आनंदित करता है।

प्रयाग की महिमा नारद पुराण में विशेष रूप से वर्णित है। प्रयाग का त्रिवेणी संगम कार्मिक तीर्थ है। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने से राज्य, स्वर्ग, मोक्ष सब कुछ प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम में गंगा की धारा धवल और यमुना की धारा हरित है। अन्तः सलिला सरस्वती की धारा लुप्त है। नारद पुराण में लिखा है, कि मकर राशि पर सूर्य के संचार के समय समस्त तीर्थ समस्त देवता प्रयाग के त्रिवेणी संगम पर पहुंच जाते हैं। प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है। स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। वाल्मीकि रामायण में प्रयाग का वर्णन है। महाभारत में प्रयाग की महिमा का यशोगान है। तीनों लोकों में प्रयाग सभी तीर्थों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। पुण्य स्थान है।

प्रयाग में महात्मा बुद्ध के द्वारा धर्म प्रचार का भी उल्लेख साहित्य में मिलता है। प्रयाग के निकट कौशांबी को सम्राट अशोक ने अपनी उप राजधानी बनाया था। वैदिक, बौद्धधर्म के साथ प्रयाग क्षेत्र में जैन धर्म के



उत्कर्ष और प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ द्वारा प्रयाग के वटव्रक्ष के नीचे ध्यान लगाने का उल्लेख मध्यकालीन तीर्थमालाओं में है। प्रयाग, कौशाम्बी को अति प्राचीन नगर होने के साथ बौद्धों एवं जैन धर्मों प्रचारकों, विचारकों महापुरुषों की स्थली का गौरव भी है।

चीनी यात्री ह्वेनसांग ईस्वी सन 644 के लगभग सम्राट हर्षवर्धन के साथ प्रयाग भी आया था। उसने लिखा यहां अन्न बहुत पैदा होता है। फलों के वृक्ष भी खूब पैदा होते हैं। यहां की जलवायु उष्ण है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। यहां के लोग नम्र और सुशील हैं। यहां के लोगों को पठन-पाठन और विद्या से विशेष प्रेम है परंतु निर्मूल और असत्य सिद्धांत पर उनका अधिक विश्वास है। नगर में केवल दो संघाराम है। थोड़े से हीनयान संप्रदाय के अनुयाई हैं। दूसरी ओर पौराणिक देवताओं के मंदिर अधिक हैं। उनके अनुयायियों की संख्या बहुत है। नगर के दक्षिण और पश्चिम में एक चंपक वाटिका में बड़ा स्तूप है। स्तूप को सम्राट अशोक ने बनवाया था। इसकी दीवारें भूमि से अधिक ऊंची हैं। इसके बगल में एक और स्तूप है जिसमें बुद्ध के केश और नख समाधिस्थ हैं।

पुराणों में प्रयाग को सभी तीर्थों का अधिपति कहा गया है। कूर्म पुराण में प्रयाग को सर्वोतम तीर्थ कहा गया है। जैसे ग्रहों में सूर्य तथा तारागणों में चंद्रमा प्रमुख है उसी प्रकार समस्त तीर्थों में प्रयाग सर्वोतम है। पदम्‍ पुराण, विष्णु पुराण, मत्स्य पुराण सहित प्राचीन ग्रन्थों में प्रयाग संस्कृति का उल्लेख और कथाएं हैं। कुंभ भगवान विष्णु का प्रतीक है। कुंभ ज्ञान बुद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। प्राचीन ग्रंथों में कुंभ को एक पवित्र स्थल के रूप में वर्णित किया गया है। प्रयाग में संगम तट पर मेले का आयोजन होता है। भारी संख्या में श्रद्धालु पूरे विश्व से आते हैं।

मेघदूत में कालिदास ने एक यक्ष की कहानी बताई है। वह यक्ष अपनी प्रियतमा से अलग हो जाता है। मेघदूत (बादल दूत) के माध्यम से उसे संदेश भेजता है। इस संदर्भ में कालिदास ने मेघदूत में प्रयाग का उल्लेख कुछ इन शब्दों में किया है। त्रिवेणी संगमे यत्र गंगा यमुना सरस्वतीऱ अर्थात जहां गंगा यमुना और सरस्वती नदियां मिलती हैं कालिदास के मेघदूत में कुंभ का सीधा वर्णन नहीं है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा: डीटीओ

## सड़क सुरक्षा माह के तहत कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीटीओ कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) बैजनाथ कामती ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इनमें जागरूकता रथ, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, रैली और बाइक रैली शामिल हैं, जिनके माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डीटीओ ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए खेल आयोजनों का भी सहारा लिया जा रहा है, जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी जैसे खेल शामिल होंगे। इसके अलावा, पतंग महोत्सव के जरिए भी संदेश फैलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए जिले के



वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लोगों को शपथ दिलाई जा रही है और हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही, सड़क पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए वाहन जांच अभियान भी तेज कर दिया गया है।

डीटीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि अब पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल और डीजल नहीं दिया जाएगा। यह नियम लागू कर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। बाइक सवारों द्वारा हेलमेट पहनकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि लोगों तक सुरक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंच सके। यह अभियान पूरे महीने चलेगा, जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों की जिम्मेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

**पतंग महोत्सव आयोजित :** जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा कोषांग की ओर से गांधी मैदान हजारीबाग मे दोपहर 12.00 बजे से पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पतंग महोत्सव के आयोजन किया गया। इस पतंग महोत्सव मे पतंग और डोरी की व्यवस्था जिला परिवहन कार्यालय की ओर से की गयी थी। इस कार्यक्रम मे 39 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। जिसमे विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक आदि शामिल हुए। ज्ञात हो की जिले मे सड़क सुरक्षा माह 2025 मनाया जा रहा है जिसमे 1 जनवरी से हर दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम की जा रही है। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा महोत्सव को काफी सफल बताया गया एवं कार्यक्रम मे लोगो को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गयी।

### स्पीड न्यूज

### भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए ब्रिगेडियर ने रवाना किया मिलन दल



रामगढ़। सेना दिवस के उपलक्ष्य पर जेएंडबी सब एरिया की देखरेख में पंजाब रेजिमेंटल सेन्टर रामगढ़ कैंट द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों के कल्याण व उनके आश्रितो के लिए हार्दिक मिलन दल 3.0 के रूप मे नामित टीम जम्मू और कठुआ जिलों में तथा हिमाचल प्रदेश के चम्बा, नूरपुर और बिलासपुर जिलों में एवं पंजाब के पठानकोट, तरंतारण, फिरोजपुर, मुक्तसार साहिब और भटिंडा जिलों के भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंचेगी। इस दल को ब्रिगेडियर संजय चंद्र काण्डपाल, कमांडेंट, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर द्वारा 15 जनवरी को 10:00 बजे फ्लेग आफ करके रवाना किया गया। इस मूहिम की शुरुआत वर्ष 2023 में की गयी थी। वर्ष 2025 में यह हार्दिक मिलन 3.0 का तीसरा सफल प्रयास है। इस दल द्वारा इन तीनों राज्यों के सभी भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों की शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सेवानिवृत होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम किया जाएगा।

### हरिकीर्त्तन में शामिल हुये विधायक



भुरकुंडा (रामगढ़)। मकर संक्रांति के अवसर पर भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में मंगलवार की शाम बड़कागांव भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी पहुंचे। विधायक ने हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि कामना की। साथ ही आयोजित हुए अखंड हरिकीर्तन में शामिल होकर हरे राम हरे कृष्ण का स्मरण किया। तत्पश्चात भंडारे का प्रसाद ग्रहण की। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए हर श्रद्धालु को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, किशोर महतो, गुलाब चंद मिश्रा, जयप्रकाश सिंह, कमेटी के विनय मिश्रा, बिट्टू गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, पंकज खरवार, वासु सिंह, राकेश चौधरी, अशोक सोनी, बाबूलाल नायक सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में प्रसाद वितरित



रामगढ़। रांची रोड स्थित माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूर्णिमा पर हुई पूजा-अर्चना। श्रद्धालुओं ने माता की विधिवत पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी एवं खीर का वितरण किया। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया कि माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। बताया कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मंदिर में कोई मनोकामना रखता है माता की कृपा से उसकी मुराद पूरी होती है। इसलिए काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर में माता का भजन लगातार चलता रहा। मौके पर अध्यक्ष अरूण महतो, संध्या शर्मा एवं कृति गौरव द्वारा जाने-माने गायक आनंद मोहन पांडे, उनके पुत्र एवं बहु को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### जेसीएमयू ने जीएम को किया सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। जेसीएमयू के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव एवं माली मालाकार उत्थान समिति रामगढ़ द्वारा बरका-सयाल जीएम अजय सिंह को उनके कार्यालय कक्ष में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। नववर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी गई। जीएम अजय सिंह को सम्मानित करते हुए जेसीएमयू के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने कहा इनके कुशल नेतृत्व में बरका-सयाल क्षेत्र लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल प्रक्षेत्र को और बुलंदियों पर ले जाने के लिए मजदूरों के साथ-साथ जेसीएमयू भी प्रबंधन का पूरा सहयोग करेगा। शुभकामनाएं देने वालों में उदय मालाकार, धनंजय कुमार भगत, नंदू भगत, बंटी कुमार पांडेय, विकास कुमार, रंजीत भगत आदि शामिल थे।

### महुआटोला में बच्चे ने की आत्महत्या

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के महुआटोला में मंगलवार रात एक नाबालिग बच्चे ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। सूचना मिलने के बाद भदानीनगर ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी राजेश एक्का का पुत्र अनमोल एक्का 17 वर्ष हर दिन की भांति मंगलवार की रात्रि अपने कमरे में सोने गया। सुबह उसके पिता ने कमरा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पिता राजेश एक्का ने खिड़की से अंदर झांका तो देखा की उनका बेटा अनमोल पंखे पर फंदे के सहारे झूल रहा है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

कुजू। पाहन टोली में बुधवार की सुबह पेड़ से लटकता हुआ एक 18 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान पाहन टोला के सूरज मुंडा उर्फ बड़का पिता स्व हरिया के रूप में हुई। घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद पुलिस सदलबल के साथ शव को पेड़ से नीचे उतारा। परिजन समेत पड़ोस के लोगों से जानकारी ली। वहीं शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रात्रि में सूरज खाना खाने के बाद सो गया। जब हम लोग सुबह उठे तो देखा कि उसका शव पेड़ से लटक रहा है।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शिव मंदिर भूमि पूजन में हुये शामिल

**आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा मंदिर : विधायक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी में शिव मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। भूमि पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिव की महिमा का गुणगान किया और मंदिर निर्माण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। विधायक ने कहा कि मंदिर केवल आस्था का स्थान नहीं है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। यह स्थल आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और शिव मंदिर के निर्माण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग और उत्साह के कारण संभव हो पाया। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई दी और इस पवित्र कार्य में सभी के योगदान की सराहना की।

### बरही में अग्रवाल मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों का इलाज हुआ शुरू

बरही। बरही में अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस अग्रवाल मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी टीवीटी हॉस्पिटल ने अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। यह अस्पताल रांची के प्रसिद्ध सर्जनों और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ हर प्रकार की जनरल सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन द्वारा ऑपरेशन), सी-आर्म (हड्डी के ऑपरेशन), वेंटिलेटर (कोमा में गए मरीजों के लिए), वर्कस्टेशन (बेहोशी की मशीन), और किडनी स्टोन के इलाज की सुविधाएं प्रदान करता है। अस्पताल में स्वच्छ वातावरण वाले आईसीयू और ऑपरेशन रूम के साथ 24 घंटे डॉक्टर और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। हड्डी, नस रोग, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द के इलाज के लिए रांची और हजारीबाग के विशेषज्ञ चिकित्सक भी यहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रसूति, और परामर्श, गर्भ निरोधक और परिवार नियोजन, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं इलाज के लिए यहां सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## अन्नपूर्णा देवी के चुड़ा-दही भोज में शामिल हुईं शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवासीय कार्यालय में आयोजित पारंपरिक चुड़ा-दही कार्यक्रम ने सामाजिक और राजनीतिक सौहार्द का अनूठा उदाहरण पेश किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के इस आयोजन में शामिल होने से कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने अतिथियों के प्रति आत्मीयता और गर्मजोशी भरा व्यवहार दिखाया, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री की इस स्नेहपूर्ण मेजबानी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच आपसी संबंध और मजबूत होते हैं। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख नेताओं की मौजूदगी भी चर्चा का विषय रही।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बगोदर विधायक नगेंद्र महतो जैसे अनुभवी नेताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। संगठन को मजबूती और जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श ने इस कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया। चुड़ा-दही के इस पारंपरिक आयोजन ने न केवल आपसी मेलजोल को बढ़ावा दिया बल्कि पार्टी के भीतर एकजुटता और संवाद का भी संदेश दिया।

### एनएमएल ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

**बड़कागांव** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने बेल्तू के अपग्रेडेड हाई स्कूल में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में जगृति महिला क्लब की अध्यक्षा ताज़िन फैज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। पुस्तकालय 150 से अधिक पुस्तकों का संग्रह प्रदान करता है, जो विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित हैं। यह पुस्तकालय पीवी और पीवीएनडब्ल्यू खनन क्षेत्रों के आसपास के लगभग 600 छात्रों के लिए लाभकारी होगा। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय को बच्चों के अनुकूल फर्नीचर जैसे टेबल, कुर्सियां और आलमारी से सजाया गया है, जिससे एक आरामदायक और उत्तेजक अध्ययन वातावरण तैयार किया गया है। प्रधानाचार्य ने कोल माइनिंग प्रोजेक्ट का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## सिद्दीकी ने किया रक्तदान



**बरही।** मोबाइल वर्ल्ड दुकान के संचालक, युवा समाजसेवी और व्यवसायी मो. शहजाद सिद्दीकी, जो चूड़ीहार बिरादरी के जिला मीडिया प्रभारी भी हैं, उन्होंने आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बिरादरी के अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के सदर मोहम्मद शकील अहमद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। आयोजन के दौरान कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे जरूरतमंद मरीजों की सहायता संभव हो सकेगी। मो. शहजाद सिद्दीकी ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

# समाज कल्याण विभाग की डीडीसी ने की समीक्षा

रामगढ़। समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ सुश्री प्रभा खालखो ने उप विकास आयुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिया। वहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की



समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबीत आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 1042 आंगनबाड़ी स्वीकृत है जिनमें 447 किराए के भवन में संचालित है एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जा रहे हैं। अभी किराए के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवन में स्थानांतरित करने के लिए 21 सरकारी विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। जिस पर श्री टोप्पो ने अगले माह तक चिन्हित विद्यालय में आंगनबाड़ी को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा एवं डीएमएफटी के तहत बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों का विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### महाप्रभु चरण पहाड़ी पर टुसु मेला संपन्न

कुजू। मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्री श्री चैतन्य महाप्रभु चरण पहाड़ी धाम बन्दरचुवां कुजू कोलियरी में सांस्कृतिक टुसु मेले का समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा, भाजपा वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद, सांसद प्रतिनिधि राजीव जयासवाल शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। जायसवाल ने कहा कि इस चरण पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं, जो भी कार्य है उसे समिति के लोग लिखित आवेदन दें उसे पूरा करने का वचन देता हूं।

### एक नजर में

### चट्टी बरियातू कोल परियोजना ने आंगनवाड़ी में पेंटिंग और नवीनीकरण का किया उद्घाटन



केरेडारी। चट्टी बरियातू कोल परियोजना द्वारा बुधवार को आंगनबाड़ी का पेंटिंग और नवीनीकरण कार्य पूरा कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सनी राज (आईएएस), एसडीओ, सिमरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्य को कंपनी के सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में नवीन गुप्ता, परियोजना प्रमुख, चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना भी उपस्थित रहे, साथ ही अन्य विभाग प्रमुखों ने भी भाग लिया। नवीनीकरण कार्य के बाद, विद्यालय भवन अब बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक वातावरण प्रदान करेगा। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से, इस पहल से उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। नए और रंगीन कक्षों से बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। साथ ही, विद्यालय की स्वच्छता और सुरक्षा में भी सुधार होगा, जो बच्चों के स्वास्थ्य को लाभकारी साबित होगा। नवीन गुप्ता ने कहा कि चट्टी बरियातू कोल परियोजना हमेशा से अपने उपक्रमों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। हम विश्वास करते हैं कि इस पहल से बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। यह कदम चट्टी बरियातू कोल परियोजना की शिक्षा और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

१५ है पी २: मौके पर उपस्थित लोग

### कई श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में किया स्नान

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो, भराजो, खैरा, पंचायत से कई श्रद्धालुओं ने वर्ष 2025 के प्रयाग महाकुंभ मेला का भ्रमण और गंगा, यमुना, सरस्वती तीनों नदियों के मिलन स्थान संगम नदी में स्नान कर पुण्य का भागी बने। वही श्रद्धालुओं में छोटन कुमार, दशरथ नारायण सिंह, अनिल वर्णवाल इलेक्ट्रॉनिक दुकान, डॉ. दयाल प्रसाद, अनिल कुमार ने बताया कि 12 वर्षों के बाद यह मेले का नजारा श्रद्धालुओं को देखने को मिलता है। जहां कई साधु संतों महात्माओं का भी देव तुल्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है तथा 144 वर्ष बाद विभिन्न राशियों, नक्षत्रों तिथियों मिलन हुआ है जिसके उपलक्ष्य में यह मेले का आयोजन इलाहाबाद के प्रयाग महाकुंभ मेले का आयोजन किया गया है एवं यूपी के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी द्वारा यात्रियों के आवागमन मार्ग, मेडिकल, शौचालय, सीसी टीवी कैमरा, पेयजल, मेले परिसर की साफ सफाई, चार पहिया वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था किया गया था।

### चंडी स्थान में भव्य मेले का आयोजन

दारु। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंडी स्थान में भव्य मेले का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2004 में इसकी शुरुआत प्रखंड के लगभग सभी पंचायत ने मिलकर की थी। उसके बाद लगातार यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि हमारे पूर्वजों का इस स्थान से आस्था जुड़ा है जो पहले यहां पूजा पाठ किया करते थे अब धीरे-धीरे इसे एक बड़ा रूप दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेले में दान के रूप में जो भी राशि प्राप्त होता है उसे भी विशाल शिव मंदिर निर्मित करने में लगाया जा रहा है। ये अर्धनिर्मित मंदिर जल्द बनकर तैयार हो जाएगा।

### शिवाजी तरुण व्यवसाय शाखा ने मनाया मकर संक्रांति

बरही। शिवाजी तरुण व्यवसाय शाखा बरही के तत्वावधान में मकर संक्रांति का भव्य उत्सव चकराटांड़ के मैदान में आयोजित किया गया। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लगभग 100 स्वयंसेवकों ने समाज के लोगों के साथ मिलकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और जिला बौद्धिक प्रमुख सुबोध जी ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस दिन से भगवान सूर्य नारायण मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण हो जाते हैं। द्वापर युग में भीष्म पितामह ने अपनी इच्छा मृत्यु के लिए उत्तरायण का इंतजार किया था, क्योंकि यह मान्यता है कि उत्तरायण में शरीर त्यागने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्सवों में समरसता का प्रतीक बताया गया। सुबोध जी ने कहा कि यह पर्व समाज को जोड़ने और बिखरे हुए लोगों को एक साथ लाने का अवसर है। साथ ही, उन्होंने स्वयंसेवकों को उन लोगों और संस्थाओं से सतर्क रहने का आह्वान किया जो समाज को विभाजित करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि हमारे ऋषि-मुनियों ने मकर संक्रांति को अध्यात्म और विज्ञान से जोड़कर देखा है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने जिस भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए स्वयंसेवकों ने संघ को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक कुंदन जी, प्रार्थना वाचक बलराम जी, सह खंड कार्यवाह सुनील जी, जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश जी, सामूहिक गीत प्रस्तुत करने वाले नंदकिशोर जी, एकल गीतकार गुरुदेव जी और सुभाषित प्रस्तुत करने वाले प्रदीप चंद्रवंशी मौजूद थे। अन्य उपस्थित स्वयंसेवकों में निरंजन जी, चंदन जी, सुधीर चंद्र जी, राजेंद्र जी, कृष्ण जी, विनोद जी, संजय जी, इंद्रदेव जी, अर्जुन जी, पिंटू जी, सुभाष जी, और अरुण जी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। यह आयोजन न केवल मकर संक्रांति के पर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में समरसता और एकता का संदेश भी दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

कटकमसांडी। पदला इलाके में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कटकमसांडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8:45 बजे सूचना मिली कि पदला रेलवे ट्रैक के पुल के पास एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर जाकर पाया कि शव रेलवे ट्रैक के बगल में पड़ा हुआ है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ट्रैक पर गया होगा और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शव की पहचान के प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### अन्नपूर्णा देवी ने किया सूर्यकुंड मेले का उद्घाटन



बरकट्ठा। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्राचीन और ऐतिहासिक सूर्यकुंडधाम में लगने वाले 15 दिवसीय मेले का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत डिवाइन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत बैंड वादन से हुई। मेला ठेकेदार समूह रुपांग पांडव ने अतिथियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सूर्यकुंडधाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। सूर्यकुंड को भी दिव्य और भव्य रूप बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। यह स्थान सहयोग और प्रयास से प्रमुख पर्यटन केंद्र बनेगा।

# प्रेशर हॉर्न से हो रहा है कान को खतरा

उमा शंकर

- शहर की सड़कों पर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं वाहन
- बसों और ट्रकों के कारण सड़क किनारे खड़ा होना हुआ मुश्किल



**कोडरमा।** शहर की सड़कों पर चलने वाले वाहन इन दिनों आम आदमी की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रेशर हार्न को स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना गया है, इसलिए इसपर प्रतिबंध लगा है। मगर कोडरमा में यह रोक प्रभावी नहीं है। बसों और ट्रकों में लगे प्रेशर हार्न के कारण सड़क के किनारे खड़ा होना मुश्किल हो गया है। यही नहीं, टीन एजर्स बाईकर्स भी दोपहिया में प्रेशर हार्न लगाकर दूसरे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं, इनके कारण हादसे बढ़ रहे हैं। मगर परिवहन विभाग और प्रदूषर्ण बोर्ड को इससे कोई मतलब नहीं है।

**नियमों को ताक पर रखकर लगाए जाते हैं प्रेशर हार्न :** जानकारों की मानें तो सरकार ने सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों को 45 से 55 डेसीबल के हार्न लगाने की अनुमति दी है। मगर यहां तो नियम कानून को ताक पर रखकर 125 से 150 डेसीबल के हार्न बजाकर सड़कों पर चलते हैं। जबकि 150 डेसीबल तक के हार्न ट्रेनों में लगाए जाते हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण का खतरा बढ़ता है और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। प्रेशर हार्न के कारण लोगों के कान पर असर पड़ता है और उनके बहरा होने का खतरा बढ़ जाता है।

**नहीं होती ध्वनि तीव्रता की जांच :** प्रदूषण बोर्ड की ओर से सामान्य दिनों में ध्वनि प्रदूषण की जांच नहीं होती है। कोडरमा में प्रदूषण बोर्ड का न कार्यालय है न अधिकारी। इसलिए इसकी कोई व्यवस्था भी नहीं है। इस ओर आम लोग भी सजग नहीं हैं। प्रेशन हार्न बजाते हुए ट्रक और बस गुजर जाते हैं। आम लोग थोड़ी देर के लिए मुंह बनाते हैं, फिर अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। अगर आम लोग सजग हो जाएं तो इसके प्रभाव से हम बच सकेंगे।

**प्रतिबंधित क्षेत्र में भी बजाते हैं प्रेशर हार्न :** नियमानुसार शहर के भीड़भाड़ और शांत क्षेत्र में प्रेशर हार्न बजाने पर प्रतिबंध है। मगर यहां चालकों को नियम कानून से कोई मतलब नहीं है। अधिकारियों ने भी उन्हें रोकने की कभी कोई ठोस पहल नहीं की, इसके कारण भीड़भाड़ या शांत क्षेत्रों में भी प्रेशर हार्न का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। शांत क्षेत्र में अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, अदालत, कलेक्टेरियट, सार्वजनिक मंदिर, बाजार या अन्य पूजा स्थल और ऐसे सार्वजनिक स्थान आते हैं। इसी तरह जहां हर समय काफी भीड़ रहती है। वहां अधिक शोर मचाने पर रोक लगाई गई है।

**ये हैं ध्वनि प्रदूषण के कुप्रभाव :** अगर मनुष्य 60 डेसीबल से अधिक तीव्रता की ध्वनि के बीच 8 से 10 घंटे बीताते हैं तो उन्हें जल्दी थकान महसूस होना, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि होने लगता है। लगातार भारी शोरगुल के बीच रहने वाले लोगों की यह आदत में आ जाता है। मगर आधी उम्र बीतने के पर ऐसे लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, स्थायी बहरापन, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाना जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। नवजात बच्चों और गर्भस्थ शिशुओं के विकास को ध्वनि प्रदूषण बुरी तरह प्रभावित करती है।

**घट रही है सुनने की क्षमता :** लगातार तेज आवाज में रहने के कारण सबसे खराब प्रभाव स्कूली बच्चों को पड़ता है। चिकित्सक बताते हैं कि तेज आवाज सिर्फ कान के पर्दे को ही प्रभावित नहीं करते, इससे मानसिक संतुलन भी बिगड़ता है। लगातार तेज आवाज में रहने के कारण धीरे-धीरे सुनने की क्षमता कम हो जाती है। मगर एहसास नहीं होने के कारण पता नहीं चलता है। क्लास में शिक्षक द्वारा पढ़ाए जाने वाले पाठ को भी सही प्रकार से समझ नहीं पाते हैं और क्लास में पिछड़ने लगते हैं।

## एक नजर में

### इटखोरी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन सख्त, लाउडस्पीकर से दी चेतावनी



**इटखोरी।** बाजार क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। अंचल अधिकारी सविता सिंह (सीओ) के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियों और ठेलेवालों को चेतावनी दी है कि वे अपने अवैध कब्जे तुरंत हटा लें। सीओ सविता सिंह ने कहा कि बाजार में फैली अव्यवस्था और यातायात जाम की समस्या को खत्म करना जरूरी है। लाउडस्पीकर से साफ संदेश दिया गया कि अगर तय समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पहले ही तीन नोटिस जारी किए हैं। इसके बाद से कई लोगों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाजार को व्यवस्थित और यातायात को सुगम बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

### इटखोरी में अल्टीमेट फिटनेस जिम का उद्घाटन



**इटखोरी।** इटखोरी बाजार स्थित कलाली रोड में बुधवार को 'अल्टीमेट फिटनेस जिम' का उद्घाटन हुआ। इस जिम का उद्घाटन सुजीत भारती ने किया। उद्घाटन समारोह में इटखोरी मुखिया जुगेशवर दांगी, उपमुखिया आशिष दांगी, रविंद्र दांगी, सिंटू यादव, निरंजन रजक सहित कई स्थानीय लोग और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। यह जिम अत्याधुनिक फिटनेस उपकरणों और सुविधाओं से लैस है, जिसमें कार्डियो, वेटलिफ्टिंग, योग और अन्य फिटनेस गतिविधियों पर खास ध्यान दिया गया है। जिम के मालिक विश्वजीत दांगी ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और फिटनेस के क्षेत्र में एक नई दिशा देना है। उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों ने जिम के शुभारंभ पर खुशी जताई और आशा जताई कि यह जिम क्षेत्र के युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। जिम में अनुभवी और प्रशिक्षित कोच भी उपलब्ध होंगे, जो सही मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह जिम इटखोरी में फिटनेस को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### शहर में गोलीबारी, एक युवक गंभीर रूप से घायल

**चतरा।** शहर के बाजारटांड़ रोड में मंगलवार रात करीब 10 :30 बजे गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें एक युवक, मुकेश सोनी उर्फ शनिचर गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने के बाद उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विपिन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, शनिचर अपने घर के बाहर पल्सर बाइक गिरने की आवाज सुनकर बाहर आया था। उसी दौरान गोलीबारी शुरू हो गई। चार राउंड गोलियां चलीं, जिसमें एक गोली शनिचर की कमर के ऊपर लगी, जबकि कुछ गोलियां दीवारों पर लगीं। फिलहाल गोलीबारी की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से एक गोली का खोखा बरामद किया गया है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

### इटखोरी में नशे की चपेट में युवा, गांजे की लत से हो रहे बर्बाद

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है, और खासकर गांजे की लत ने युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। गांजे की पुड़िया और सीगरेट जैसी नशे की सामग्री अब आसानी से गुमटियों और छोटे दुकानों से उपलब्ध हो रही है, जो युवा पीढ़ी के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांजे का सेवन युवाओं में खासकर स्कूल, कॉलेज के छात्रों के बीच बढ़ रहा है, और यह उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, और जीवन की दिशा को प्रभावित कर रहा है। गुमटी में गांजे भरी सीगरेट और पुड़िया बेचना युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा है, जिससे उनकी जीवनशैली और व्यवहार पर गहरा असर पड़ रहा है। यह स्थिति प्रशासन और पुलिस के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। क्षेत्र के नागरिकों ने इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, और साथ ही युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की है।

### कोडरमा : आरपीवाई बीएड कॉलेज में शिक्षक उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को शिक्षक उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. संजीव कुमार उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को समय-समय पर पाठ-योजनाओं से जागरूक करना था। वहीं रिसोर्स पर्सन डॉ.संजीव कुमार द्वारा, जेसीईआरटी द्वारा उपलब्ध कराए गए पाठ योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि पाठ योजना में समानता लाया जा सके तथा सफलतापूर्वक सही-सही बनाया जा सके। मौके पर राजेश पांडेय, विनोद यादव, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, रविभूषण सिंह, हरचरण सिंह, जगदीप सिंह, खामा रानी महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया सेना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कदम-कदम बढ़ाए जा गीत से की गई, जिसमें विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने एक सुर में गीत गाया और इंडियन आर्मी को सलामी दी। वहीं असेंबली में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल राहुल घोष ने कहा कि राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला सेना दिवस 15 जनवरी 1949 को मनाया गया था। इस दिन भारतीय सेना की कमान एक भारतीय नागरिक के हाथ में आई थी। ब्रिटिश प्रमुख फ्रांसिस बुचर ने भारतीय सेवा कमांडर इन चीफ का पद लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा को सौंपा था। वहीं उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में पहली बार, पहली महिला ऑफिसर तानिया शेर गिल ने लीड किया था। इसके बाद कक्षा सात के विद्यार्थीयों ने सेना दिवस के अवसर पर विशेष सभा अयोजित की, जिसमें आस्था कुमारी ने सेना के विचार, ईशु ने भाषण, लक्ष्मी ने कविता, सुमैया ने सेना पर अद्भुत तथ्य और प्रियांशु ने प्रतिज्ञा करवाई। इसके बाद कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों के बीच एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का योजना हुआ, जिसमें कक्षा आठ को विजेता घोषित किया गया। वहीं चेयरमैन रामलखन सिंह व डायरेक्टर सम्पा सिंह ने अपने संदेश में सभी स्टॉफ व बच्चों को राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीद हुए जवानों के पद चिन्हों पर चलने को प्रेरित किया। मौके पर सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री ने अपने आवास पर महापर्व प्रसाद का किया आयोजन

## मकर संक्रांति सनातन का महापर्व है : अन्नपूर्णा देवी

- अन्नपूर्णा देवी, मनीष जायसवाल, अनूप जोशी ने नमो पतंग कार्यक्रम के तहत पतंग भी उड़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता






**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा की सांसद सह भारत सरकार में महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने आवास चाराडीह में मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और लोकसभा के सभी सनातन धर्म प्रेमियों के लिए महापर्व प्रसाद का आयोजन किया। वहीं लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने आज उनके आवास पर चूड़ा, दही, खिचड़ी, तिलकुट, पकौड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अन्नपूर्णा देवी, मनीष जायसवाल, अनूप जोशी ने नमो पतंग कार्यक्रम के तहत पतंग भी उड़ाया और पर्व धूमधाम से मनाया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सूर्य नारायण के दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर सारे शुभ कार्य और मंगल कार्य शुरू हो जाते हैं। शादी विवाह, गृह प्रवेश आदि सभी कार्य आज से विधि विधान से शुरू होते हैं। कार्यक्रम में आदित्य साहू, मनीष जायसवाल, कालीचरण सिंह, डॉ. नीरा यादव, अमित यादव, मनोज यादव, नागेन्द्र महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजु देवी, जनार्धन पासवान, मनोज भुईयां, लक्ष्मण सिंह, नितेश चंद्रवंशी, रमेश सिंह, महादेव दुबे, विवेकानंद सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, राजकुमार यादव, चंद्रशेखर जोशी, भैया अभिमन्यु प्रसाद, अशोक शर्मा, शेफाली गुप्ता, सुनील अग्रवाल, नरेंद्र पाल, हरि पंडित, अमर सिंह, वीरेंद्र मेहता, मुनिया देवी, जयप्रकाश वर्मा, अशोक यादव, भुनेश्वर पटेल, निरंजन राय, दिनेश यादव, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. विकास चन्द्रा, देवनारायण मोदी, सुनील पंडित, महेश वर्मा, मुकेश राम, बालमुकुंद सिंह, सुनील यादव, सुरेन्द्र यादव, द्वारिका राणा, अजय पाण्डेय, राजकुमार यादव, विजय राय, संजय शर्मा, उदय सिंह, मनोज साव, नरेन्द्र झांझरी, महेश दारुका, अविनाश सेठ, संजय बोटा, कैलाश चौधरी, कृष्णा ब्रहपुरिया, मनोज पिलानिया, सुरज मेहता, दिनेश सिंह, जुहीदास गुप्ता, अनीता देवी आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मैट्रिक इंटर की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित

## जीवन में ऊंचाइयों को छूने के लिए नियमित पढ़ाई अनिवार्य है : उपायुक्त






खबर मन्त्र संवाददाता

- परीक्षार्थियों को सफलता के टिप्स दिए गए, तैयारियों के लिए दिया गया मार्गदर्शन

**कोडरमा।** आगामी मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जिले का बेहतर प्रदर्शन को लेकर बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। वहीं उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को सफलता का टिप्स देते हुए कहा कि जितना समय परीक्षा के लिए बचा हुआ है, उस पर अपनी इच्छाशक्ति के अनुसार एक प्लान कर नियमित पढ़ाई करें, जीवन में सफलता की उचाईयों को प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है, ऐसे में आपलोग पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने परीक्षार्थियों को मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मानसिक, शारीरिक और आर्थिक विकास होता है। इसके पूर्व शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को लेकर विस्तृत जानकारी परीक्षा की तैयारी, सवालों को हल करने समेत अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओं पर विस्तार से समझाया। मौके पर डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार, आरईओ कंचन कुमारी, अरुण कुमार, राकेश कुमार, दीपेश कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

सीटू ने की एलएंडटी चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने संबंधी बयान की निंदा

## श्रमिकों के खून-पसीनों की लूट की होड़ मची हुई है : संजय पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्माण्यम के उस बयान की कड़ी निंदा की है। जिसमें उन्होंने सप्ताह में काम के घंटे बढ़ाकर 90 घंटे करने की बात की है। इससे पहले इंफोसिस के प्रमुख एनआर. नारायण मूर्ति ने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात की थी। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक नापाक गठजोड़ में श्रमिकों के खून-पसीने की लूट की होड़ मची हुई है। मोदी सरकार के नए लेबर कोड में काम के घंटे को 12 घंटे का प्रावधान है। इसके लिए कॉरपोरेट के माध्यम से देश में माहौल बनाया जा रहा है। वहीं सीटू नेता ने कहा कि कैसी विडम्बना है कि कार्यावधि बढ़ाने के लिए चर्चा तो कर रहे हैं, मगर मजदूरों को न्यूनतम वेतन भुगतान के लिए कोई चर्चा नहीं है। आठ घंटे काम का निर्धारण का गौरवशाली इतिहास है। 138 वर्ष पहले 3 से 4 मई 1886 को शिकागो शहर के हे मार्केट में मजदूरों का ऐतिहासिक आंदोलन हुआ, मजदूरों के जमात को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड गोलियां चलाई गईं, दर्जनों मजदूर शहीद हुए, मजदूरों ने अपने शहीद हुए मजदूर साथी के खून से सने कपड़े को आसमान में लहरा दिया। ऐतिहासिक कुर्बानी भरे संघर्ष के बाद बने विभिन्न श्रम अधिनियमों के अनुसार भारत में सप्ताह के कार्य घंटे 48 तय हुआ। 18 घंटा काम करने का दंभ भरने वाले पीएम मोदी, 70 घंटे काम का नसीहत देने वाले नारायणमूर्ति और 90 घंटे काम करने की फिलॉसफी बताने वाले सुब्रह्माण्यम साहब सब के सब मेहनतकश और मानवविरोधी हैं। सीटू मजदूर वर्ग से आह्वान करता है कि वे पूंजीपति वर्ग और मोदी सरकार की षड्यंत्रकारी शैतानी कदम और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ एकजुट देशव्यापी प्रतिरोध कार्रवाइयों के लिए तैयार रहें। 19 जनवरी को किसान मजदूर एकता दिवस के दिन इंफोसिस और एलएंडटी प्रमुखों का पुतला जलाएं।

राजद के मकर संक्रांति कार्यक्रम में हजारों लोगों ने चखा चूड़ा, दही-तिलकूट का स्वाद

## हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच प्रेम सौहार्द हमारी विरासत में है : सुभाष

- कहा- पर्व-त्योहार का असली आनंद जनता के बीच रहकर सेवा करना है

खबर मन्त्र संवाददाता







**कोडरमा।** मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को विशुनपुर रोड स्थित राजद प्रधान कार्यालय सह राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर मकर संक्रांति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह जिप चेयरमैन रामधन यादव ने की। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने जनता और अतिथियों के बीच दही-तिलकूट के अलावे अन्य व्यंजन परोसा। मकर संक्रांति कार्यक्रम में जिले भर के लोगों के अलावे विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी और व्यवसायियों ने शिरकत किया और दही-तिलकूट का लुत्फ उठाया।

राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व सामाजिक एकता, समृद्धि और भाईचारगी का त्योहार है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति समाज को जोड़ने और उत्साह, उमंग में वृद्धि लाने को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार का असली आनंद जनता के बीच रहकर सेवा करना है। जनता के स्नेह, प्यार और आशीर्वाद से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

श्री यादव ने कहा कि हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच प्रेम सौहार्द स्थापित रखने की परंपरा ही हमारी विरासत है। सामाजिक एकता बनाये रखने, गरीब-गुरबों के हक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया था।

वहीं राजद प्रदेश महिला की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि प्रकाश ने कहा कि चतरा-कोडरमा राजद का गढ़ रहा है, इन दोनों विधानसभा में राजद को राजनीतिक कामयाबी नहीं मिली। लेकिन चतरा और कोडरमा में सेवा भाव से जनता मालिकों की सेवा बदस्तूर जारी है। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है, उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। साथ ही आनेवाले दिनों में महिलाओं को एकता के बंधन में संगठित करने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगी।

मौके पर सत्यानंद भोक्ता, मुकेश भोक्ता, महादेव राम, शांति प्रिया, श्यामदेव यादव, अनवारुल हक्, असीम सरकार, रमेश प्रजापति, प्रकाश रजक, कंचन यादव, डॉ. जावेद अख्तर, महावीर यादव, विजय सिंह, संतोष यादव, अज्जू सिंह, वीरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, विजय यादव, सरफुद्दीन अंसारी, महेश यादव, रमेश कुमार सिंह, दीपक यादव, मो. मोजहिर, रघुनाथ दास, घनश्याम तुरी, रामबचन यादव, पप्पू यादव, किशोरी यादव, बिनोद यादव, जैकी यादव, मनीष यादव, पंकज सूर्यवंशी, अशोक दांगी, भोली साव, जोगेंद्र यादव, मन्नान खान, विनय यादव, अशोक यादव, क्षतेसर यादव, सुबोध पासवान, भुनेश्वर दांगी आदि मौजूद थे।

## हंटरगंज में पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- ग्राम पंचायत विकास के कई अहम गुण से कराया गया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला के प्रखंड हंटरगंज में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का गैर आवासीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण बड़े ही अच्छे ढंग से संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। ग्राम पंचायत विकास योजना के अन्तर्गत पंचायत संसाधन केंद्र एवं प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षु के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025/2026 में ग्राम स्तर पर किस तरह की योजनाओं का चयन किया जाना है। ताकि ग्राम पंचायत का चहुंमुखी विकास हो सके। प्राथमिकता के तौर पर वैसी योजनाओं को चयन करना बताया गया जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंच सके। ग्राम पंचायत का भी यही मकसद और उद्देश्य है। मास्टर ट्रेनर के द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर प्रभारी बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, बीपीआरओ योगेश शर्मा, मास्टर ट्रेनर योगेंद्र यादव, ट्रेनर शंकर दांगी, पंचायतों के जीपीएफटी और जीपीएस के सदस्य गण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध खनन को लेकर एसडीओ ने भरनो प्रखंड में क्रशर का किया निरीक्षण



गुमला। उपायुक्त के आदेश पर बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा भरनो प्रखंड के करौंदा जोर मौजा में धारित खनन पट्टा क्षेत्रों एवं क्रशर प्लांट क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारियों द्वारा नियमों के अनुपालन, खनन गतिविधियों की वैधता एवं पर्यावरणीय प्रावधानों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। टीम ने मौके पर मौजूद दस्तावेजों की जांच की और अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखी। यह अभियान जिला प्रशासन की प्राथमिकता दर्शाता है कि अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर पूरी सख्ती बरती जाएगी। निरीक्षण कार्य अभी भी जारी है और किसी भी अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्तियों व संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अवैध खनन गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को उपलब्ध कराएं। आपसी सहयोग से इस दिशा में एक स्वच्छ एवं कानून सम्मत वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### जिला संवेदक संघ कार्यकारिणी समिति और पदाधिकारी की बैठक संपन्न



गुमला। जिला संवेदक संघ कार्यकारिणी समिति व पदाधिकारी की बैठक बुधवार को इंडोर स्टेडियम में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गुप्ता ने कहा कि दो वर्ष पहले किया गया कार्य का जांच विभागों के द्वारा किया जाना न्यायोचित नहीं है। पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य दो वर्ष पूर्व कर दिया गया था और सभी प्रकार की जांचों उपरांत विभागीय कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परंतु दो वर्ष बाद भी संवेदक का पेमेंट नहीं हुआ है। जबकि पुस्तकालय सुचारू रूप से चल रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। इस प्रकार से संवेदकों को परेशान करना किसी भी प्रकार से सही नहीं है। इसका संघ पुरजोर विरोध करती है। संवेदक पर किसी भी प्रकार का प्रताड़ना संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संवेदक संजय बड़ाइक के इलाज हेतु आर्थिक मदद करने का निर्णय किया गया। मौके पर नीरज कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, यशवंत कुमार, बसंत कुमार साहू, मंटू सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार भगत, गोल्डन मिश्रा, सूचित पांडे, कौशल कुमार साहू, गोपाल शर्मा, अनमोल गुप्ता, अशोक कुमार, शुभम कुमार, पंकज कुमार, शोयब खान, मोहम्मद कमरुद्दीन, संदीप सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी घाघरा में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन



घाघरा। मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी घाघरा में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अनोखे आयोजन में छोटे छोटे बच्चो ने भाग लिया और अपनी पतंग उड़ाने की कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक संजय भगत ने कहा पतंग उड़ाना न केवल एक मनोरंजक गतिविधि है बल्कि यह बच्चों के मनोबल, ध्यान और समन्वय को भी विकसित करता है। इस दौरान बेहतर पतंगबाज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजय भगत, सुशीला भगत, मनीष उरांव, संदीप उरांव, विनय सिंह, नवीन भगत, शिल्पी कुमारी, सूरजमुनि कुमारी, शुक्रमुनी देवी व लक्ष्मी तिग्गा सहित कई लोग मौजूद थे।

### गुमला में खेल विश्वविद्यालय निर्माण हेतु प्रयास मंच के सदस्यों की बैठक



गुमला। गुमला में खेल विश्वविद्यालय निर्माण हेतु सर्किट हाउस परिसर में प्रयास मंच के सदस्यों की समीक्षा बैठक हुई। मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा गुमला वासियों के सहयोग से वृहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। मंच के सदस्यों द्वारा 17 जनवरी को उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को गुमला में खेल विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा जाएगा। मंच के अध्यक्ष संतोष झा ने कहा कि सर्वप्रथम हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कुश्ती संघ के सचिव निलेश साहू, हॉकी संघ के सचिव नॉरबर्ट कुजूर एवं के ओ कॉलेज के खेल शिक्षक मनोज साहू को निकटवर्ती जिला रांची, खूंटी, लोहरदगा व सिमडेगा में भी एक कमेटी बनाकर इसी तरह हस्ताक्षर अभियान पोस्टकार्ड लेखन अभियान आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई। रमेश चीनी एवं कृष्ण नर्सरिया को मंच के संरक्षक हेतु प्रस्ताव लाया गया। जिसे सबों ने स्वीकार किया। मंच के सकारात्मक क्रियाकलापों को देखते हुए हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष सह अवकाश प्राप्त फौजी कैप्टन लोहरा उरांव एवं समाजसेवी देवदत्त भारती को मंच की सदस्यता कोर कमेटी के सदस्य नेल्सन भगत एवं नर्सरिया के द्वारा दिलाई गई।

### थल सेना दिवस पर डाक विभाग के द्वारा डीएवी में पत्र लेखन का आयोजन



गुमला। थल सेना दिवस के अवसर पर डाक विभाग गुमला के द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में पत्र लेखन अभियान चलाया गया। जिसमें कक्षा षष्ठ से नवम एवं एकादश के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि विद्यार्थियों ने वीर जवानों के त्याग,समर्पण एवं बलिदान को नमन करते हुए उन्हें पत्र लिखकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। सेना दिवस पर हम अपने सैन्य कर्मियों के असाधारण साहस, अटूट प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्र की रक्षा करने और हमारी संप्रभुता को बनाए रखने में उनका अथक समर्पण उनकी बहादुरी का प्रमाण है।

## गुमला : नीति आयोग की टीम ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण

**डीईओ व डीएसई ने शिक्षा प्रणाली से संयुक्त निदेशक को कराया अवगत, उपलब्ध संसाधनों की ली जानकारी**

खबर मंत्र संवाददाता



विद्यालय निरीक्षण के दौरान निर्देश देते नीति आयोग के संयुक्त निदेशक।

**गुमला।** 15 से 17 जनवरी तक नीति आयोग भारत सरकार के संयुक्त निदेशक संजय साहू की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गुमला जिले में शिक्षा संबंधी पायलट अध्ययन के लिए भ्रमण कर रही है। टीम में कंसल्टेंट आकृति कुमार, विधि यादव और अभिषेक आनंद शामिल हैं। बुधवार को जिला समाहरणालय के सभागार में परियोजना निदेशक आईटीडीए के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा टीम को गुमला जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। आयोग की टीम ने घाघरा और सिसई प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और पोषक क्षेत्रों का दौरा किया। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला ने टीम को विद्यालय की शैक्षणिक संरचना और पीएम श्री योजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी। संजय साहू ने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों व भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना। भ्रमण के दौरान टीम ने पुस्तकालय, साइंस लैब, बायो लैब आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय का दौरा किया। ज्वाइंट डायरेक्टर ने विद्यालय की कक्षाओं, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और व्यावसायिक ट्रेड का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए कक्षाओं की कमी है। ज्वाइंट डायरेक्टर ने व्यावसायिक शिक्षा के तहत संचालित ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड कक्षा का निरीक्षण किया और इसे रोजगार के लिए उपयोगी बताते हुए सराहना की। टीम ने छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर प्रेरित किया। अंत में टीम ने जिला विज्ञान केंद्र का दौरा किया और जिले में विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे इस उत्कृष्ट प्रयोग से प्रभावित हुई। यह दौरा जिले की शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। जिससे न केवल शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया में सुधार होगा, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को भी बल मिलेगा।

## लोहरदगा : दो अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य करने के लिए दिया गया प्रमाण पत्र

खबर मंत्र संवाददाता



अधिवक्ता को प्रमाण पत्र देते पीडीजे।

**लोहरदगा।** जिले के दो मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा और मो नसीम अंसारी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता को लेकर विशेष प्रमाण पत्र दिया गया है। बुधवार को दोनों मध्यस्थ को सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश सह अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति जस्टिस बीआर गवाई द्वारा हस्ताक्षरित विशेष प्रमाण पत्र को पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र दोनों मध्यस्थों द्वारा मध्यस्थता को लेकर विशेष कार्य करने हेतु प्रदान गया है। वर्तमान में हेमंत कुमार सिन्हा वरिष्ठ मध्यस्थ के रूप में व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में कार्यरत हैं। वहीं नसीम अंसारी पूर्व में मध्यस्थ थे, किन्तु वर्तमान में एलएडीसी चीफ के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा में अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं पीडीजे ने अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा और नसीम अंसारी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## मछली पालन कर स्वरोजगार अपनाते हुए कृषक बने आत्मनिर्भर : डीडीसी

>> जिला मत्स्य विभाग ने जिला स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** जिला मत्स्य विभाग के द्वारा नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गुमला जिले के मत्स्य कृषकों को एक मंच पर लाकर मत्स्य पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित करना तथा उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना था। कार्यशाला का उदघाटन डीडीसी दिलेश्वर महतो ने किया। उन्होंने मत्स्य कृषकों को संबोधित करते हुए मछली पालन को स्वरोजगार का महत्वपूर्ण साधन ने मत्स्य पालन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने जानकारी दी कि गुमला जिले के 6800 मत्स्य कृषकों को दुर्घटना बीमा योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों जैसे बॉयोफ्लॉक टैंक, ग्रो आउट तालाब, और आरएएस तकनीक का उपयोग कर जलक्षेत्रों में मछली उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला में आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु तीन लघु फिश फीड मिलों की स्थापना की गई है। जिससे अब मत्स्य कृषकों को बाहर से चारा मंगाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यशाला में उप मत्स्य निदेशक अमरेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी माधुरी बेक, एवं जिले के प्रमुख मत्स्य कृषक उपस्थित रहे।

## सांसद सुखदेव भगत ने दक्षिण पूर्व रेलवे डिविजनल की बैठक में कई मामलों को उठाया

गुमला में नई रेलवे लाइन बनाने, रांची टोरी भाया लोहरदगा लाइन को दोहरीकरण करने, इटकी में पूर्व की भांति आवागमन यथावत रखने सहित कई ट्रेनों को लोहरदगा से चलने की मांग सांसद ने की

खबर मंत्र संवाददाता



सांसद सुखदेव भगत को सम्मानित करते महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ।

**लोहरदगा।** जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के रांची एवं चक्रधरपुर डिवीजनल रेलवे कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दोनों डिविजनल के अंतर्गत पढ़ने वाले सांसद को आमंत्रित किया गया था। साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक, रांची एवं चक्रधरपुर के डीआरएम सहित अनेक रेलवे विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा द्वारा लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को शॉल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। बैठक में सांसद सुखदेव भगत ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अनेक मांगों को रखते हुए इसका निदान जल्द से जल्द करने की मांग किये। सांसद ने रांची से लोहरदगा होते हुए गुमला कोरबा तक एवं रांची से लोहरदगा होते हुए गुमला बानो रेलवे स्टेशन तक नई रेल बनाने, रांची से टोरी भाया लोहरदगा तक दोहरी रेलवे लाइन बनाने, इटकी रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति आवागमन यथावत रखने, रांची से दिल्ली वाया लोहरदगा गरीब रथ सप्ताह में एक दिन चलाने, रांची सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नगजुआ स्टेशन में कराया जाए, यहां से तीन विधानसभा एवं तीन जिला के यात्रियों का आगमन होता है, रात्रि में रांची से लोहरदगा जाने वाले मेमो ट्रेन का ठहराव आकाशी स्टेशन में कराने, लोहरदगा रांची मेमो ट्रेन में तीन बोगी बढ़ाने, रांची सासाराम एक्सप्रेस में चार बोगी बढ़ाने, रांची स्टेशन में लोहरदगा गेट खोला जाए, झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन भाया लोहरदगा चलाने, संबलपुर बनारस एक्स भाया लोहरदगा चलाने, रांची सासाराम इंटरसिटी ट्रेन मुगलसराय स्टेशन तक चलाया जाए, रांची एलटीटी को भाया लोहरदगा सप्ताह में एक दिन परिचालन कराया जाए, पोकला स्टेशन में गाड़ी संबलपुर जम्मूतवी ट्रेन का ठहराव कराने, पोकला स्टेशन में संबलपुर गोरखपुर एक्स. एवं धनबाद अलप्पूजा एक्स. का ठहराव कराने आदि की मांग की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में सहिया की हुई बैठक



**घाघरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में स्वास्थ्य सहिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीटीटी सीमा देवी, बबिता देवी, पारस साहू ने सहिया एप पर कार्य करने, सहिया एप अपडेट करने की जानकारी दी। साथ ही सहिया डायरी, एमसी कैलेंडर, सर्वे डायरी बनाने की जानकारी दिया। साथ ही चल रहे सौ दिवसीय टीवी सर्वे पर चिन्हित मरीजों का जांच करने हेतु अस्पताल भेजने उनके संपर्क में आने वाले परिवार को भी चिन्हित कर अस्पताल भेजना की बात कहीं। इसके साथ ही एचबीएनसी एचबीवाइसी भ्रमण पर रिपोर्ट बनाने की जानकारी दी। मौके पर संजयोती देवी, मीना तिर्की, पूनम देवी, अनीता देवी, जानकी देवी, संगीता देवी, सुमित्रा उरांव सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।**

## जारी : राजकीय नव सृजित प्राथमिक विद्यालय डांड टोली जरडा में बच्चों से कराया गया काम

विद्यालय परिसर को बच्चों ने गोबर से लीपा

खबर मंत्र संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांड टोली जरडा में स्कूल की प्रधानाध्यापिका के द्वारा बच्चों से साफ सफाई का काम कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्रधानाध्यापिका द्वारा बच्चों से विद्यालय परिसर में झाड़ू लगवाया जाता है। साथ ही गोबर से विद्यालय परिसर का लिपाई पुताई कराया जाता है। बुधवार को स्कूल के कुछ बच्चे विद्यालय परिसर को गोबर से लीपते नजर आये तो कुछ बच्चे कमरे में खुद से पढ़ाई कर रहे थे। वहीं कक्षा में बिना शिक्षा के ही बच्चे स्वयं पठन-पाठन करते देखे गए। लोगों ने बताया अक्सर ऐसा मामला देखने को मिलता है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका हिल्डा मिंज से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों ने बताया विद्यालय में ठीक ढंग से पठन-पाठन नहीं होता है। बच्चे विद्यालय जाकर खेलते कूदते हैं और घर आ जाते हैं। एक ओर सरकार बच्चों की पढ़ाई लिखाई और विद्यालय को दुरुस्त करने में करोड़ों रुपए खर्च करती है। वहीं शिक्षक पढ़ाई लिखाई कुछ कराते नहीं और सिर्फ वेतन लेते हैं। ज्ञात हो की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूली बच्चों से निजी या विद्यालय का कार्य नहीं कराना है। बावजूद नियमों को ताक में रखकर प्रधानाध्यापिका ने बच्चों से विद्यालय परिसर की साफ सफाई और गोबर से लिपाई पुताई कराई गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक से संपर्क नहीं हो पाया।

### सड़क सुरक्षा समिति ने जागरूकता को लेकर विभिन्न खेलों का किया आयोजन



लोहरदगा। लोहरदगा जिले में आए दिन सड़क दुर्घटना से लोगों की जान माल की क्षति हो रही है तथा कई परिवार उजड़ भी जा रहे हैं और इसके लिए स्वयं को भी जगना पड़ेगा। इसे लेकर जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ड्रंक एंड ड्राइव, हेलमेट-सीट बेल्ट पहनने, घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचकर नेक नागरिक का परिचय देने आदि रोड सेफ्टी रूल्स को आमजनों व विशेष कर युवाओं के बीच लाने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा विद्यार्थियों से प्रभात रैली, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट वितरण आदि कई कार्यक्रम चल रहे हैं। वहीं इसी कड़ी में कुडू के ग्राम टाकू के मैदान में तथा जंगबाज क्लब के सहयोग से जूनियर व सीनियर फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कराया गया जिसमें लोहरदगा के साथ रांची के भी टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें इटकी, तमाड, चानहो, नदियां हॉस्टल, कैरो, उमरी, कुजरा, बाघा, टाकू, बिराजपुर, चटकपुर, लोहरदगा, बंदूवा, रोनिया आदि के टीमों ने अपना खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें कुजरा टीम विनर तो यंग वॉरियर रनर रही। वहीं जूनियर में कैरो ने कुडू को हराया। मैन ऑफ द सीरीज यंग वॉरियर के अंकित उरांव रहे, मैन ऑफ द मैच कुजरा के अनरीत उरांव हुए तो बेस्ट प्लेयर का खिताब अशिमत, मनीष, बिहारी व सिंधु को मिला। अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोटर यान निरीक्षक गौतम गौरव, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, समिति सदस्य संजय बर्म्मन, आरईए कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मरांडी, दुलार कुजूर, सुशील की भूमिका रही।

## लोहरदगा : सिंचाई मोटर चोर गिरोह का पर्दाफाश

खबर मंत्र संवाददाता



गिरफ्तार चोरों के साथ थाना प्रभारी अजीत कुमार व अन्य।

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना पुलिस ने सिंचाई मोटर चोर गिरोह के पर्दाफाश किया है। क्षेत्र में सिंचाई मशीन चोरी करने और बेचने वाले एक नाबालिग सहित पांच अपराधी को सेन्हा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है, साथ ही चोरी का सिंचाई मोटर भी बरामद किया है। अपराधियों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही निवासी बीरेंद्र उरांव, बाबूराम उरांव, राहुल बैठा और एक दुकानदार हमजा रेहान शामिल है। यह करवाई गुप्त सूचना के आधार पर किया गया है। सेन्हा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी क्षेत्र के रियाडा रोड में चोरी के सिंचाई मशीन के साथ एक युवक बरही निवासी राहुल बैठा घूम रहा था। जिससे पूछताछ के दौरान चोरी घटना को स्वीकार करते हुए घटने में संलिप्त अन्य आरोपी साथी का नाम का खुलासा किया। क्षेत्र में लगातार सिंचाई मशीन चोरी की घटना बढ़ गई थी। गिरफ्तारी से सिंचाई मशीन चोरी पर अब लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया क्षेत्र में लगातार सिंचाई मशीन चोरी की घटना सामने आ रही थी इसी को लेकर जांच जारी था। जिसके बाद दुकानदार और एक नाबालिक समेत 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई हैं और चोरी का मशीन भी बरामद किया गया है।

### डीएवी के एनसीसी कैडेटों ने कर्नल को आर्मी डे ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट किया



गुमला। यह सच है कि रात को देश की सीमाओं पर कोई वीर जागता है, मुस्तैद रहता है तभी हम चैन से सोते हैं। इन्हीं भावनाओं के साथ सैन्य बलों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए टूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा को आर्मी डे ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट किया। कमान अधिकारी ने कैडेट्स के द्वारा बनाए गये कार्डस की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां न सिर्फ बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि उनके देश भक्ति के जज्बे को भी दर्शाती हैं। उन्होंने कैडेटों को जानकारी दी कि आज 15 जनवरी को इंडियन आर्मी 77वां सेना दिवस मना रही है। इस दिवस को मनाने के पीछे की वजह यह है कि 15 जनवरी, 1949 को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा आजाद भारत के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उनके भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में हर साल यह दिन मनाया जाता है।

### मकर संक्रांति के अवसर पर ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



लोहरदगा। जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित दक्षणी कोयल नदी तट पर बुधवार को भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मेले में मिठाई सहित लगे कई तरह के दुकानों में लोग खरीददारी करते दिखे।इस मेले में राज्य के विभिन्न जिला लोहरदगा के अलावे रांची,गुमला, लातेहार सहित कई जिलों से श्रद्धालु काफी संख्या में देव की आराधना के लिए पहुंचे। श्रद्धालु गण कोयल नदी में आस्था की डुबकी लगा कर सूर्यदेव एवं भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना किया। बुधवार को मेला परिसर में स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम में मेला आयोजन हुआ। जहां सेन्हा प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से मेडिकल टीम व बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। इसके अलावे सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवागमन आरम्भ हो गया और भक्ति भाव में लीन देखा गया। जिसमें मेला आयोजन समिति का अहम योगदान रहा। मेला स्थल पर पुलिस प्रशासन विधि व्यवस्था का कमान संभाले हुए थे। मकर सक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले घाघ मेला में स्थानीय श्रधालुओं के साथ-साथ दूसरे जिले के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जिलिंगसीरा गांव के ग्रामीणों ने गुमला डीसी से सड़क व पुल बनाने की मांग की

विधान सभा चुनाव में किया था वोट बहिष्कार, प्रशासन की पहल पर किया था मतदान

**आवागमन में ग्रामीणों को होती है परेशानी**

खबर मंत्र संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के जिलिंगसीरा गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त से सड़क और पुल बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि घाघरा नेतरहाट मुख्य पथ से जिलिंग सीरा गांव जाने के लिए रस्ता है। लेकिन आज तक उक्त पथ को नहीं बनाया गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर मरीज और गर्भवती महिलाओं को प्रखंड तक ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त गांव में एक पुल बना था जो बरसात के दिनों में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जिसके कारण 108 एंबुलेंस भी उक्त गांव में नहीं जा पता है। लोग जान जोखिम में डालकर पुल से पार होते हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सड़क और पुल नहीं होने के कारण मतदान नहीं करने का ग्रामीणों द्वारा मन बनाया गया था। इसके बाद प्रखंड प्रशासन के द्वारा पहल की गई और मतदान किया गया। आश्वासन मिला था कि जल्द ही उक्त पुल और सड़क का कार्य कराया जाएगा। लेकिन अब तक किसी भी तरह की कोई पहल नहीं की गई। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त गुमला से जल्द से जल्द उक्त पुल और सड़क को बनवाने का मांग किया है। ताकि लोगों का आवागमन बेहतर सुगम हो सके। मौके पर मुकुल भगत, सोमा उरांव, अरविंद कुजूर, वासुदेव उरांव, इंदुवा मुंडा,लालजीत उरांव, राजेश उरांव, गंगी देवी, सुखी देवी, निमनी देवी, बिहानी देवी, दीप रानी देवी, भूखन देवी, नईहरि देवी, मानती देवी, सरिता टोप्पो सहित कोई ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा जिला परिषद की बैठक में जल नल योजना में गड़बड़ी का मामला उठा

खबर मंत्र संवाददाता

**डीडीसी ने सभी बीडीओ को जांच करने का दिया निर्देश**



**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद की बैठक जिला परिषद के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सितंबर माह 2024 में हुई बैठक में विभिन्न विभागों को दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसमें 15वें वित्त आयोग से विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु लाभुक समिति का चयन अंतर्गत सभी योजनाओं में लाभुक समिति को निर्गत कायादेश की जानकारी दी गई। जिला परिषद कार्यालय में दैनिक मजदूरी पर कार्यरत पांच कर्मियों के मासिक मजदूरी दर में वृद्धि, जिला परिषद में दैनिक मजदूरी पर आंशिक रूप से कार्यरत चार कर्मियों के मजदूरी दर में वृद्धि करने की जानकारी दी गई। जिला में जल-नल योजना में अनियमितता के उपर सदस्यों द्वारा उठाये सवाल पर सभी बीडीओ को आवश्यक निर्देश डीडीसी द्वारा दिये गये। किस्को स्थित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय को पुराने प्रखण्ड भवन में शिफ्ट करने के जिप सदस्य किस्को के प्रस्ताव पर डीडीसी द्वारा बीडीओ को निर्देश दिये गये। प्रखण्ड कार्यालय भण्डरा से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के मुख्य गेट तक पीसीसी पथ निर्माण कराने के बिंदु पर पंचायत समिति के लाभुक समिति द्वारा कार्य कराने का निर्णय लिये जाने की जानकारी दी गई। बालू की कमी को लेकर उठाये गये सवाल पर जिला खनन पदाधिकारी को जिला में प्रारंभ हुए कैटेगरी-1 की सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। कैरो प्रखण्ड में बैंक ऑफ इंडिया शाखा में एटीएम मशीन और पासबुक प्रिंट करनेवाली मशीन लगवाने का निर्देश अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। डाकबंगला भण्डरा में सूखे पेड़ को दो दिनों में हटवाने का निर्देश सीओ को दिया गया। पाखर स्थित स्वास्थ्य उप केंद्र में व पाखरगढ़ा में पेयजल की व्यवस्था के लिए सीएसआर मद से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को कार्य कराने का प्रस्ताव का निर्देश दिया।

## पागल कुत्ता के काटने से युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में एक पागल कुत्ता के काटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तेतर यादव 35 वर्ष पिता बैजू यादव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसे पर हमला बोल दिया और उसे काट लिया। जिससे तेतर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा तेतर यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। और उसे एंटी रैबीज इंजेक्शन दिया गया।

### सड़क निर्माण में गोलीकांड घटना को अंजाम देने के अपराधी राहुल सिंह के सात गुर्गे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# लेवी मांगने पर पुलिस को करें सुचित : एसपी कुमार गौरव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने अपराधी राहुल सिंह के सात गुर्गे को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी अपराधी राहुल सिंह गैंग के लिए काम करते हैं। सभी के गिरफ्तारी चंदवा थाना क्षेत्र के चिरो मोड़ के पास यात्री शेड के पास से की गई है। गिरफ्तार सभी अपराधी चंदवा थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ के पास कुडू से उदयपुरा तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण के लकड़ी यार्ड स्थल में 10 जनवरी को लेवी को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश सिंह (चिरो), बबलू सिंह (रुद्र), मनोज सिंह (रुद्र मूर्तियां), रॉकी कुमार साहू, गणेश यादव (दोनों रखात), दिलीप कुमार सिंह, अशोक लोहरा ( दोनों चेटर) शामिल है। पुलिस ने इसके पास से घटना में प्रयुक्त किया गया। 7.65 एमएम के एक देशी पिस्तौल, चार गोली, पांच मोबाईल व एक अपाची बाइक बरामद किया है। इसकी


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

जानकारी एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधी राहुल सिंह के गैंग के कुछ अपराधी चिरो मोड़ के पास यात्री शेड में बैठकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। इसके बाद लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर सभी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह अपराधी राहुल सिंह के कहने पर लेवी को लेकर घटना को अंजाम देने का काम करते हैं। एसपी ने बताया कि राहुल सिंह के द्वारा पैसे की लालच देकर नई युवकों को जोड़कर उसे अपराध कराया जा रहा है। जिस पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि इस गैंग या किसी अन्य अपराधी, उग्रवादी के द्वारा विकास कार्य में लेवी की मांग की जाती है। तो पुलिस को सूचना दे,त्वरित कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार अपराधियों में दीपक कुमार, जगदीश सिंह, बबलू सिंह पहले भी जेल जा चुका है। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के अलावा चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सरवन कुमार, एएसआई सरोज कुमार सिंह, कुमार छत्रपाल, सेट -44 व चंदवा थाना के पुलिस शामिल थे।

## हेरहंज में हाईवा रोको अभियान में शामिल होने का निर्णय

**बालूमाथ।** प्रदूषण नियंत्रण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बालूमाथ बेसिक स्कूल परिसर में बुधवार को रखी गयी थी। जिसमें लोगो की संख्या कम होने के कारण बैठक स्थगित कर दिया गया। मौके पर बोलते हुए संजीव सिन्हा ने कहा कि लातेहार जिले के तुबैद कोल माइंस से चलने वाले हाईवा वाहनों के कारण आम जनमानस प्रभावित हो रहा है। जिसको लेकर आंदोलन की रूपरेखा की तय की गई है। जिसमें आगामी 16 जनवरी एवं 17 जनवरी को प्रखंड सह अंचल कार्यालय हेरहंज में हाईवा रोको अभियान सहित दो दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल होने का निर्णय लिया गया। वही रवि रजक ने कहा तुबैद कोलियरी से चलने वाला हाईवा के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन के लापरवाही कारण हम लोगों को जान पर आफत बन आई है। अगर प्रशासन हम लोगों को नो एंट्री की मांग को नहीं पूरा करता है। तो जल्द चरणबद्ध आंदोलन करने को हम लोग बाध्य हो जाएंगे। बता दे कि तुबैद कोल माइंस से चलने वाले हाईवा वाहन के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं एवं लोग प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। बालूमाथ थाना चौक के समीप तो हाईवा के कारण दिनभर घंटों जाम लग जाता है। जिसमें कई बार एंबुलेंस समेत कई जरूरी वाहन भी फस जाते है।

## श्रीराम जानकी मंदिर परिसर मे मनाया गया मकर संक्रांति

खबर मन्त्र संवाददाता


मकर संक्रांति मनाते लोग।

**बारियातू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने हर्षोल्लास के साथ श्रीराम जानकी मंदिर परिसर मे मनाया मकर संक्रांति उत्सव। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भगवाध्वज लगाकर एक साथ ध्वज प्रणाम किया। इसके पश्चात स्वयंसेवक नितिश कुमार द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह जिला कार्यवाह सत्येन्द्र प्रसाद ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति उत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकर संक्रांति पर्व सनातन धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। आज के दिन महा कुंभ त्रिवेणी गंगा स्नान व दान का विषेश महत्त्व है। आज के दिन भगवान सुर्य उत्तरायण होते हैं। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व के बाद शुभ मुहूर्त मानकर सभी सुभ कार्य करते हैं। साथ ही बताया कि माहाभार काल में गंगा पुत्र भीष्म पितामह ने भगवान सुर्य के उत्तरायण होने पर सुभ मुहुर्त मान कर अपना प्राण त्यागे थे। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान सुर्य अपने पुत्र शनि से मकर संक्रांति पर ही मिलते हैं। इस लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हर वर्ष मकर संक्रांति उत्सव मनाते हैं। संघ में मनाए जाने वाले सभी उत्सव अपने धर्म व संस्कृति का बोध कराता है। संघ के स्वयंसेवक अपने धर्म संस्कृति, भारत माता की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण समय राष्ट्र हित के लिए समर्पित करते हैं। मौके पर खंड कार्यवाह सोनू कुमार, सचिन राज, सिद्धार्थ राज, अनमोल कुमार, आयुष कुमार, यष कुमार, प्रतिक, बिट्टू सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड पंचायत संसाधन केंद्र एवं प्रखंड सभागार भवन में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल तृतीय बैच का पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन बीडीओ चंदन प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री एवम परिचय पत्र उपलब्ध कराया गया। आज से बोदा, कामता, चकला, माल्हन व बनहरदी पंचायत के सहजकर्ता दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सत्येंद्र शुक्ला एवं रितेश कुमार प्रखंड समन्वयक द्वारा प्रशिक्षण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण के क्रम में मास्टर ट्रेनर


शुभारंभ करते बीडीओ।

द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षण की रूपरेखा, पंचायती राज व्यवस्था एवम विकेंद्रीकरण नियोजन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए जिला सह प्रखंड संसाधन दल के सदस्यों एवम मास्टर ट्रेनर द्वारा बारी-बारी से प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधित अपेक्षाएं एवं उद्देश्य, सहभागिता के लिए संबंधित नियम सतत विकास लक्ष्य एवं उन विषयों के ऊपर समझ बनाना, सतत विकास एवं हमारे क्षेत्र की समस्याओं के बीच संबंध, साझा पहलू पर सामाजिक मानचित्र और संसाधन मानचित्र के ऊपर समझ बनाना सभी के भागीदारी से सहयोगी पूर्ण वंचित परिवारों जैसे एकल महिला, वृद्ध , दिव्यांग आदि का चिन्हितीकरण विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल में पंचायत सचिव/रोजगार सेवक, जल सहिया, एक वीपीआरपी फैसिलिटेटर, विषय से संबंधित पंचायत स्थायी समिति के सदस्य (दो वार्ड सदस्य-एक अध्यक्ष एवम-एक सदस्य), विषय संबंधित फ्रंटलाइन कार्यकर्ता एवं पंचायत सहायक को शामिल किया गया है।

**एक नजर में**

## मजदूर की तमिलनाडु में ट्रेन से कटने से हुई मौत

➡ शव मंगवाने के लिए परिजन सरकार से लगा रहे गुहार


जानकारी देते मृतक के पिता।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत रांकीकला पंचायत स्थित लंका गांव निवासी रामजी सिंह के 29 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह केरल से काम करके लौट रहा था। वहीं 14 जनवरी दिन मंगलवार को तमिलनाडु के जिला इरोड में पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा था तभी ट्रेन स्टेशन से खुल गई। जहां पर राजेश सिंह ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ा और फिसल कर गिर गया जिससे कि ट्रेन के चपेट में आने से कट कर राजेश सिंह की मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता रामजी सिंह ने बताया कि मंगलवार को रेल प्रशासन के द्वारा फोन पर सूचना मिला की राजेश सिंह का ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। इधर मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मौके पर मृतक राजेश सिंह के पिता रामजी सिंह ने सरकार एवं जिला प्रशासन से अपने पुत्र का शव गांव मंगवाने का अपील किया है। वहीं दिन बुधवार के सुबह परिजनों ने श्रम विभाग लातेहार में जाकर मृतक का शव मंगवाने का गुहार लगाया है। साथ ही मृतक के पिता ने बताया कि श्रम विभाग के द्वारा शव मंगवाने के लिए आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।
साईं नर्सिंग होम में लगा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच कार्यक्रम का आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा रोरिंग के तत्वाधान में बुधवार को चंदवा-रांची रोड मार्ग पर स्थित साईं नर्सिंग होम परिसर में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में चंदवा प्रखंड समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों से सैकड़ो की संख्या में वृद्धजन व आम लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे, जहां निरामया अस्पताल कोकर रांची से आई नेत्र जांच टीम के द्वारा शिविर में आए लोगों के नेत्र की जांच की गई। खबर लिखे जाने तक जांच में लगभग 30 मोतियाबिंद मरीज मिले, जिन्हें सुरक्षित वाहन से नि:शुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण के लिए रांची के निरामया अस्पताल रांची ले जाया गया। शिविर के मौके पर साईं नर्सिंग होम के निदेशक रोहित कुमार त्रिपाठी, लायंस क्लब के निर्मल भारती, विवेक अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, बबलू दुबे, हरिनंदन दुबे, निरामय अस्पताल के लैब टेक्नीशियन गणेश कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट के मुखिया गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में होंगे शामिल


राम विष्णु नगेसिया।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड समारोह में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह चयन पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया के चयन से पूरा जिला गर्व महसूस कर रहा है। उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया के रूप में जिला का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर होगा। जो पंचायत की सक्रियता और विकास कार्यों को दशार्ता है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया पंचायती राज विभाग और जिले के लोगों का आभार व्यक्त किया है। उनका ऐतिहासिक परेड में शामिल होना प्रेरणादायक है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने नेतरहाट मुखिया राम विष्णु नगेसिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। इस संबंध में लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि यह पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।नेतरहाट मुखिया का चयन यह साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधि भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकते हैं।

## चंदवा : अंडर ग्राउंड पूलनिर्माण की मांग

**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत महुआमिलान निंद्रा के बीच माल्हन पंचायत के केकराही गांव के समीप रेलवे लाइन पार करने को लेकर अंडरग्राउंड पुल निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। मामले को लेकर माल्हन पंचायत निवासी रामकिशन गंझू समेत अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को आवेदन दिया है व समस्या को लेकर पहल का आग्रह किया है। आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि माल्हन पंचायत के केकराही, चटहर, सेकलेतरी, देवनदिया, मरमर, पुतरी टोला, तिलैयादामर समेत अन्य गांवों के लगभग 30 हजार आबादी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करते हैं, क्षेत्र नदी से दो नदियों से घिरा हुआ है, एक ओर देवनद नदी तो दूसरी ओर सफी नदी है, जिसमें पूल नही है। आवागमन का कोई दूसरा मार्ग नही रहने के विद्यार्थी समेत आमजन प्रतिदिन या तो नदी पार कर या फिर रेलवे लाइन पार कर आवागमन करते हैं। ऐसे में हमेशा जान पर खतरा बना रहता है।

## पांचवी अनुसूची को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के सरना देवस्थल सरहुल मांडर में पांचवी अनुसूची को लेकर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा बैठक का अध्यक्षता प्रेम गंझु (खेवार भोगता विकास संघ अध्यक्ष) ने की जबकि संचालन राजूरामवृक्ष लोहरा ने सफलता पूर्वक किया। बैठक में ज्वलंत व तत्कालीन राजकीय एवं राज्य के अंतिम-शासनिक- प्रशानिक इकाई ग्राम स्तरीय सामानिक तथा संवैधानिक व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा किया गया। जहां पांचवी अनुसूचित क्षेत्र के पेसा अधिनियम-1992-93 पीपेसा विस्तार


बैठक में उपस्थित लोग।

अधिनियम 1996 झारखंड पंचायत राजा अधिनियम-2001, झारखंड पंचायत राज अधिनियम-झारखंड पंचायत उपबंध, अनुसूचित पर विस्तार नियमावली-2022 वरीष्ठ अन्य सभा व विशेष ज्ञानी जनों के के जनहित-राज्य हित तथा आदीवासी हित में सर्वसम्मती से विचार विमर्श किया गया। ज्वलंत आदिवासी-मूलवासी झारखाड राज्यवासीयों की पारीवारीक आर्थिक लातेहार पांचवी अनुसूचित क्षेत्र की सक्रीयता- निस्क्रीयता पर उपस्थि उपरोक्त विषय-वार ज्वलंत व तत्कालीन और स्व शासनिक राजकिय शासनिक प्रशासनक व्यवस्था के संवैधानिक मान्य तथ्यों पर उपस्थित आदिवासी बुद्धजीवी मंच के अग्रणीय लातेहार पांचवी अनुसूचित क्षेत्र से सक्रीय समर्पित सहयोगी और डीस्टीक ऑटोनोमस का न्यालय लातेहार के कार्य-भार व जिम्मेवार अगुआजनों में विस्तार विचार-मंथन व जिम्मेवार करते हुए संवैधानिक पूर्वक प्रावधानों का अनुपालन कर स्व-शासन विधि सम्मत व्यवस्था धरातल में व्यवस्थित निश्चित व निर्धारित करने की रणनिति तैयार और दसों प्रखण्ड मे सम्पूर्ण करना और निर्धारित करना, निर्णायक कार्य करने की सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारीत किया गया। मौके पर फूलदेव लोहरा, मनोज लोहरा, प्रवीण लोहरा, प्रवीण लोहरा, कुलदीप भोगता, बिनय भोगता, उमेश गंझु, बब्लू गंझु, दिलीप लोहरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बैल के पटकने से महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के ओलहेपाट ग्राम में बुधवार को बैल के पटकने से एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुरनी मसोमात 70 वर्ष पति रामजतन गंझु ग्राम ओल्हेपाट थाना बालूमाथ निवासी गोबर साफ कर रही थी। इसी दौरान बैल ने उसे पटक दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## डॉली कोचिंग सेंटर में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# खुद की मेहनत व लगन से ही मिलती है सफलता : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में पिछले आठ वर्षों से छात्र - छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे डोली कोचिंग सेंटर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीएम रेलवे के साथ- साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, माले जिला सचिव बिरजू राम और कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रवींद्र राम उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत बुके भेंटकर किया गया। इस


सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र छात्राएं व गणमान्य।

दौरान कोचिंग सेंटर के सफल विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा में सफल हुए कंचन कुमार को फूल-माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कंचन को यह सम्मान मुख्य अतिथियों और कोचिंग सेंटर के बच्चों की ओर से दिया गया। डॉली कोचिंग सेंटर के संचालक मिथलेश राम ने कहा कि यह सफलता मेरी नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। मेरा काम केवल उन्हें सही मार्गदर्शन देना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के साथ- साथ रेलकर्मी जीबी माथुर, शिक्षक अजय दास, कृष्णा सिंह, भारती जी, रमेश कुमार और सूरज कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने कोचिंग सेंटर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी प्रेरित किया गया। मौके पर दर्जनों छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

## आदिशक्ति मंदिर में भंडारा का हुआ आयोजन

**बरवाडीह।** बुधवार को प्रखण्ड मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर में महाकुंभ और मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत पुजा अर्चना के बाद भंडारे की खिचड़ी को भोग लगाकर किया गया। भंडारा कार्यक्रम में सैकड़ो की सख्या मे लोग शामिल हुए। जहा सभी नें भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह महीना सनातन धर्म के लिए काफी बेहतर है, क्योंकि इस माह में राम मंदिर की स्थापना दिवस के साथ मकर सक्रांति और महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जिसको लेकर मंदिर समिति भंडारा और विशेष पुजा कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस मौके पर नरेश चौरसिया, कमल किशोर सिंह, सोनू सरदार, कमलेश कुमार, क्षितिज चौरसिया, दीपलेश सिंह, अंकित गुप्ता, अभिनंदन और मन्नू अग्रवाल समेत काफी सख्या मे मंदिर समिति के सदस्य शामिल थे।

### मनिका प्रखंड के पुरानी दूंदू गांव में पुल निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

# बचे हुए कार्य को निश्चित रूप से किया जाएगा पूरा : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दूंदू पंचायत अंतर्गत पुराने दूंदू गांव स्थित बहेर नाला पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार के तहत पुल निर्माण कार्य का दिन बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा पुरोहित के मंत्रोंच्चारण के साथ विधिवत रूप से पट अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि फिर से विधायक बनने के बाद मनिका प्रखंड क्षेत्र में यह मेरा पहला शिलान्यास है और क्षेत्र में जितने


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।

भी विकास कार्य बचे हुए हैं उसे अगले 5 वर्षों में पूरा करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान चारों तरफ से मैं घिरा हुआ था लेकिन उस विकट परिस्थिति में भी जनता एवं महागठबंधन के कार्यकताओं के विश्वास व मेहनत के बल पर आज फिर से आप सबों के बीच विधायक के रूप में खड़ा हूं और आप सबों के उस विश्वास पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा, हमने जनता से जो भी वादा किया है उस वादे को पूरा करते हुए क्षेत्र का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सब को मिलजुल कर गांव का एवं गांव के लोगों के विकास करने पर विचार करने की आवश्यकता है। गांव में जो भी समस्याएं हैं और जिससे लोगों को परेशानी हो रही है उस समस्याओं से लोगों को निदान दिलाने के लिए हम सबों को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संजय सिंह, नीरज कुमार यादव, तस्लीम अंसारी, अख्तर अंसारी, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, अकबर अंसारी, रौशन प्रसाद, सुरेंद्र भारती, अरुण सिंह, गणेश यादव, संवेदक वरुण पांडे, बलदेव पासवान, श्याम बिहारी यादव, अक्षय कुमार सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी ने गुलदस्ता भेंटकर विधायक रामचंद्र सिंह से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** राष्ट्रीय जनता दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने बुधवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मनिका विधानसभा क्षेत्र से सम्मानित और राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर मुलाकात करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उन्हें मकर संक्रांति की बधाई दिए। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के कई विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं राज्य के चिन्हित आंदोलनकारियों को मान सम्मान पेंशन के लिए सदन में


विधायक का स्वागत करते आंदोलनकारी अली हसन।

आवाज उठाने का अनुरोध करते हुए अली हसन ने कहा कि अलग राज्य की लड़ाई में सर्वस्व न्योछावर करने वाले आंदोलनकारी आज भाई 24 वर्षों बाद भी उपेक्षित है। हेमंत सरकार से उन्हें काफी आशाएं है क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा भी आंदोलनकारियों की पार्टी है, माननीय मुख्यमंत्री महोदय के पिताजी आदरणीय दिशोम गुरु भी आंदोलनकारियों के अगुआ नेता रहे है। इसलिए आंदोलनकारियों का दुख दर्द हेमंत सोरेन समझते है। इस दौरान अली हसन अंसारी ने विधायक रामचंद्र सिंह को वन भोज कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता भी दिया।

# डीसी ने किया स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल के स्टेडियम में स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर ने फीता काटकर एवं बैटिंग कर किया। उद्घाटन मैच खेल रहे परिहारा एवं अंजुमन शाने वतन पेशका टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद संबोधित करते हुए डीसी श्री जमुआर ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल जगत में आज झारखंड की पहचान महेंद्र सिंह धोनी के नाम लेने से मिलता है। वहीं 18 वर्षीय डी गुकेश ने चेस में वर्ल्ड चैंपियन बनकर 13 करोड रुपए जीतने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतिभा निखारने की जरूरत है। वैसे प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए सरकार के द्वारा भी खेलो गढ़वा के तहत सरकारी सहयोग देने का प्रावधान है। उन्होंने लगातार क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन कराने वाले समिति के लोगों से जिला में रजिस्ट्रेशन कराने का सुझाव दिया। बताया कि उनके द्वारा गढ़वा जिला में नीति आयोग के तहत 73 खेल मैदान का निर्माण कराया गया है। उन्होंने मेराल प्रखंड में बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन के लिए



उद्घाटन करते डीसी

आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना की। इसके पूर्व टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष अतहर अली, उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, संरक्षक सूर्य प्रकाश, अजय प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र गोस्वामी, जफीर अंसारी, रेयाज अंसारी आदि ने डीसी को शॉल एवं बुक्के देकर स्वागत किया। इस टूर्नामेंट आयोजन में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक एवं झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खां, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी ने भी खिलाड़ियों के हौसले को बढ़ाते हुए टूर्नामेंट के आयोजन की सराहना की।

**परिहारा ने चार विकेट से जीता मैच :** स्व. कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच परिहारा की टीम ने चार विकेट से जीत लिया।

टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी पेशका की टीम ने निर्धारित 11 ओवर एक बाल में 89 रन बनाई। जवाबी पारी खेलने उतरी परिहार के टीम ने 8 ओवर 3 बॉल पर सात विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। पीयूष कुमार को दो विकेट और 29 रन बनाने पर सलीम ऑटो सेंटर के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी विष्णुकांत, झामुमो नेता संजय भगत, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद, प्रमोद महाजन, अजय प्रसाद गुप्ता, जफीर अंसारी, मुखिया पति मुन्ना राम, सुरेंद्र गोस्वामी, रेयाज अंसारी, कामेश्वर सिंह, नवीन जायसवाल, नाथून राम, ग्यासुद्दीन अंसारी, शमीम रंगसाज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिव मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया भूमि पूजन



भूमि पूजन करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के करचा गांव में नव प्राथमिक विद्यालय करचा के समीप शिव मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने भूमि पूजन किया। यह मंदिर निर्माण ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करने का निर्णय लिया है। भूमि पूजन पंडित संजय पाठक व यजमान सीताराम साव व शांति देवी ने किया। भूमि पूजन के बाद ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मंदिर निर्माण के लिए बने कमेटी में रामचंद्र वियार को अध्यक्ष, विरेंद्र वियार को सचिव एवं गुड्डू वियार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विजय सिंह, मोती साव, शर्मा वियार, कमलेश विश्वकर्मा, शक्ति वियार, बबलु वियार, जगदीश वियार, जयराम वियार एवं विनय पहाड़ियां आदि को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व उपमुखिया सीता देवी, नागेंद्र विश्वकर्मा, महेंद्र वियार, रमेश राम, योगेन्द्र ठाकुर, सुजीत कुमार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, प्यारी वियार, सविता देवी, राजपती देवी, रिंकी देवी, सत्यवंती देवी, देवंती देवी एवं रिता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिना हेलमेट वाहन चालकों को दी गयी सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले के विभिन्न थानों से पकडे गए बिना हेलमेट वाहन चालकों के बीच सडक सुरक्षा से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को हिट एंड रन स्कीम एवं गुड समरीटन के बारे में जागरूक किया गया।

मौके पर सडक सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 में इस प्रकार के आयोजनों से वैसे स्थान जहां भीड़-भाड़ वाले हाट, बाजार लगते हैं, को चिन्हित कर विभिन्न प्रकार से लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है एवं सबको हिट एंड रन तथा गुड समेरिटन पलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। जागरूकता अभियान में बताया गया कि समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत





जानकारी देते पदाधिकारी

जरूरी है। गोल्डन आवर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं, पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है। ऐसा गुड समेरिटन पलिसी 2020 के द्वारा आपको हक् मिलता है, जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे। गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक से आपको सम्मानित किया जाता है। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। हेलमेट हमेशा पहन कर चलेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे, तो ही आने वाली दुर्घटना को आप टाल सकते हैं। दुर्घटना में सिर ही वैसा अंग है जिसका इलाज़ संभव नहीं है, इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलाने या गाड़ी में बैठने का मौका मिले हेलमेट का उपयोग में बहाना ना बनाये। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी ने लगाया राजस्व शिविर

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला प्रखंड के अमडंडा पंचायत में जनता की सुविधा के लिए अंचलाधिकारी रजनीश चन्द्र राय के द्वारा बुधवार को एक दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिमार्जन, आधार सीडिंग, लगान अपडेट और अन्य राजस्व से संबंधित कार्य किए गए। पंचायत के अधिकारी और राजस्व कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहकर सभी कार्यों को सरल और सुलभ बनाने के लिए तत्पर दिखे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना था। मौके पर आए लोगों ने अपने भूमि से संबंधित दस्तावेजों का परिमार्जन कराया, आधार सीडिंग की प्रक्रिया को पूरा किया और लगान अपडेट करवाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से उन्हें समय और धन की बचत होती है और सरकारी सेवाओं का लाभ लेना सरल हो जाता है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमिक स्कूल का शुभारंभ



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंी रोड अवस्थित स्व. गणेश साह के मकान में बुावार को ड भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमिक स्कूल का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घघाटन झामुमो प्रखंड अयक्ष मनोज प्रसाद यादव एवं शैलेंद्र यादव ने संयुक्त रूप मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। मौके पर मनोज प्रसाद यादव ने कहा कि ड भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमिक स्कूल भवनाथपुर के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई इतिहास रचेगी। भवनाथपुर में ऐसे स्कूल की जरूरत थी। जहां से बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़े और जिले के साथ साथ अपने अभिभावक एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करने की शुभकामना दिया। मौके पर स्कूल के एचएम राहुल सिंह, शिक्षिका खुशी चंद्रा, अनुराग रानी, झामुमो जिला उपायक्ष लल्लू राम, असमुद्दीन अंसारी, विजय राउत, सलाहुद्दीन अंसारी, बूटा सिंह, इलियास अंसारी, प्रयाग राउत, राजकुमार राउत, गुलाब यादव आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरचैया गांव निवासी मुकलेश कोरवा की पिछले दिनों डोभा में गिरने से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव मृतक के घर पहुंच कर उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया। साथ ही बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी से संपर्क कर सरकारी प्रावधान के तहत सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदना उनके परिवार वालों के साथ है यह बहुत दुखद घटना है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी दलित पिछड़ा हुआ अल्पसंख्यक के दुख सुख में शामिल रहता है। उन्होंने गहरा दुख प्रकट कर परिजनों को ढांढस बनाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, जानकी सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमरनाथ यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुखिया के ससुर का निधन

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत के मुखिया नुसरत जहां के ससुर सह समाजसेवी तासवीन अंसारी के पिता रोज मोहम्मद अंसारी 78 वर्ष का निधन मंगलवार की रात हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी निधन की सूचना मिलते ही भाजपा नेता राजा सिंह, दिनेश सिंह झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, अख्तर अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, एलियास अंसारी, ऐनुल अंसारी आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

## शहीद कमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर संकल्प मार्च



महेंद्र सिंह की फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 20वें शहादत दिवस पर 16 जनवरी दिन गुरूवार को संकल्प मार्च जिले के गढ़वा, भवनाथपुर, धुरकी सहित विभिन्न जगहों पर निकाला जाएगा। गढ़वा में संकल्प मार्च दानरो नदी टेम्पो स्टैंड से प्रखंड परिसर तक जाएगा, तत्पश्चात संकल्प सभा आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए माले नेता कालीचरण मेहता ने बताया कि केतार, खरौंधी, भवनाथपुर प्रखंड के सभी साथी संयुक्त रूप से भवनाथपुर में संकल्प सभा आयोजित कर अपने नेता शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह को याद करेंगे। साथ ही सगमा व धुरकी के साथी धुरकी में कार्यक्रम को सम्पन्न करेंगे। माले कार्यकर्ता जोहार झारखंड अभियान के तहत जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए कार्पोरेट लूट के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लेंगे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ के विराट मेले में दूसरे दिन भी उमड़ते रहे पर्यटक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति के अवसर पर वर्ष के चौथे मेला के दूसरे दिन भी श्रद्धालु पर्यटकों की भीड़ उमड़ती रही। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में सदियों से लग रहे एक दिन के मेले को बढ़ाकर 3 दिन का कर दिए जाने के बाद 25वें साल भी मकर संक्रांति के दूसरे दिन के मेले में भारी भीड़ देखी गई। इसमें स्थानीय 100 गांव के साथ झारखंड के कई जिले एवं देश के कई राज्यों के पर्यटक शामिल थे।

कड़ाके की ठंड एवं कोहरे की चादर छाई रहने के बावजूद अहले सुबह से ही लोगों को मनोरम झरना में स्नान करते देखा गया। दिन चढ़ने के बाद जब थोड़ी धूंध छंटी तो यह संख्या रैला के रूप में सतबहिनी पहुंचने लगी। स्नान के बाद लोगों को सतबहिनी में स्थित नौ मंदिरों की श्रृंखला में पूजा अर्चना करते



मेला में लगी भीड़

देखा गया। वहीं काफी संख्या में लोगों को तिल, चावल व चूड़ा पैसे के साथ दान करते भी देखा गया। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग सतबहिनी भगवती मंदिर के सामने श्री सत्यनारायण व्रत कथा सुनते रहे। इधर मेले में प्रसाद, पूजन सामग्री, मिठाई, होटल, चाट, चाउमीन, खिलौना, रेडीमेड, लौह निर्मित सामग्री, काष्ठ निर्मित सामग्री, फोटोग्राफी, फोटो सहित सैकड़ों तरह की हजारों की संख्या में दुकानें सजी हैं। जिन पर लाखों लोग देर शाम तक खरीदारी करते रहे। इधर सतबहिनी विकास समिति के स्वयंसेवकों को मेले की व्यवस्था को सफल बनाने में काफी मशक्कत करते देखा गया।

जबकि मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तीन दंडाधिकारियों के साथ थाना प्रभारी अविनाश राज पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। जबकि पर्यटकों को स्नान, पूजा, मेले में खरीदारी के साथ-साथ सतबहिनी की मनोहारी छटा एवं खूबसूरत वादियों में भ्रमण करते देखा गया। काफी संख्या में लोगों ने कहा कि अनेक जगह उन्होंने भ्रमण एवं दर्शन पूजन किया है। लेकिन सतबहिनी झरना तीर्थ से रमणीक एवं खुला-खुला जगह कहीं नहीं है। वे अब बार-बार सतबहिनी आने का प्रयास करेंगे। संचालक दिलीप कुमार पांडेय ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा 25वें मानस महायज्ञ का आयोजन 13 से 23 फरवरी तक किया जाएगा।

इस दौरान 13 फरवरी को सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर सतबहिनी से निकली हुई कलश यात्रा दर्जनों गांवों का भ्रमण करते हुए कोयल एवं बायीं बांकी नदी के संगम श्री बजरंगबली मंदिर के सामने जाएगी।

संगम पर अभिमंत्रित जल भर कर सतबहिनी की पक्की यज्ञशाला में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान हजारों कलश यात्री सैकड़ो वाहनों पर सवार होकर कलश यात्रा में जाना आना करेंगे। संचालक ने सभी पर्यटकों से मानस महायज्ञ की रजत जयंती में भाग लेने की अपील की।

**खबर एक नजर में**

### विशेष सर्वेक्षण अमीन रजनीश कुमार एवं विशाल गुप्ता पर डीएम ने दिए करवाई के आदेश

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दो सर्वेक्षण अमीनो पर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार रजनीश कुमार एवं विशाल कुमार गुप्ता, विशेष सर्वेक्षण अमीन, कसबा के द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के दौरान कुल्लाखास राजस्व ग्राम हल्का अंतर्गत ललहरिया गाँव में रैयतों से अवैध वसूली एवं रैयतों द्वारा इसका विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने पर कार्रवाई की है। जिलादाधिकारी ने इस मामले में अविलंब बंदोबस्त पदाधिकारी पूर्णिया को इसकी जांच कराकर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि दोनों विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा किया गया यह कृत्य बिल्कुल अस्वीकार्य, निंदनीय एवं कार्य के उचित एवं समयबद्ध निष्पादन में बाधक एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के विपरित है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि विशेष सर्वेक्षण का उद्देश्य भू विवाद को खत्म करना है। सरकार के इस उद्देश्य के प्रतिपूर्ति में बाधक बनने वाले तथा भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी कर्मी को बक्शा नहीं जाएगा।

### 2025 के बिहार विस चुनाव में 225 सीटों पर जीत दर्ज करेगा एनडीए: जयंत

**पटना।** मंत्री जयंत राज ने कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार में 2010 के रिकॉर्ड को तोड़कर 2025 में 225 विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि राजद इस बार 22 सीटों के अंदर ही सिमटने वाली है। मंत्री जयंत राज ने बुधवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बगहा जिले से एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत हो चुकी है, जिससे हमारे कार्यकताओं में अपार उत्साह का माहौल है। एनडीए परिवार पूरी तरह से एकजुट और मजबूत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से तमाम जिलों को खासा लाभ हो रहा है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि प्रथम चरण में कैंसर पीड़ित तकरीबन 37 शिक्षकों का तबादला किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की भी काउंसलिंग की प्रक्रिया हो चुकी है। नियुक्ति पत्र मिल जाने के बाद हम लोग उनकी भी ट्रांसफर-पोस्टिंग करेंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर बहाली हो रही है और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष शिक्षकों की बहाली की जाएगी।

### 16 जनवरी से व्यवहार न्यायालयकर्मियों का राज्यव्यापी अनिश्चित कालीन कलमबंद हड़ताल

**पूर्णिया।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में 16 जनवरी से समस्त बिहार के व्यवहार न्यायालयकर्मी कलमबंद अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। राज्य सरकार और पटना उच्च न्यायालय द्वारा न्यायालय कर्मियों की चार सूत्री मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिये जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के पूर्णियाँ शाखा ने भी सभी कर्मचारियां की सहमति से निर्णय लिया कि वे इस अनिश्चित कालीन हड़ताल में पूर्णतः सम्मिलित रहेंगे। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के पूर्णियाँ शाखा के कार्यकारी सचिव अभिषेक भारती ने बताया कि पिछले कई वर्षों से व्यवहार न्यायालयों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों मांगों को लेकर पटना उच्च न्यायालय से लेकर बिहार सरकार का दरवाजा खटखटाया लेकिन न्याय के मंदिर में सेवा देने वाले कर्मचारियों को दशकों से स्नातक स्तर का वेतनमान व प्रोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की कालबद्ध प्रोन्नति और विशेष राज्य न्यायिक कर्मचारी व अधिकारी कैडर का निर्माण आदि में कोई कार्रवाई नहीं कि गई। नतीजतन न्याय के मंदिर में ही न्यायिक कर्मचारी अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल पर जाने को विवश हो गये है।

### राहुल गांधी की कार्यक्रम की सफलता को ले कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

**नवादा।** जिला कांग्रेस कार्यालय नवादा में बुधवार को जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह के नेतृत्व में जननायक राहुल गांधी के पटना आगमन संविधान बचाओ रैली एवं कार्यकर्ता मीटिंग में नवादा की महत्वपूर्ण सहभागिता को लेकर बैठक की गई, जिसमें तमाम प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया। जिला कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुये। कार्यक्रम को सफल बनाने मैं नवादा की महत्वपूर्ण भूमिका हो। इसका निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने तमाम प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रखंड से भारी संख्या बल ले जाने का काम करें और जिला अध्यक्ष के हाथ को मजबूत करें।

### लंबित मामलो का करे त्वरित निपटारा: डीआईजी

**पूर्वी चंपारण।** चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरकिशोर राय ने पुलिस कार्यो को बेहतर बनाने को लेकर मोतिहारी में समीक्षा बैठक की। बैठक में एसपी स्वर्ण प्रभात के साथ सभी एसडीपीओ, सर्किल इंस्पेक्टर और विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान डीआईजी राय ने सभी पुलिस पदाधिकारियो को लंबित मामलों के त्वरित निपटारे करने निर्देश देते कहा कि नये कानूनो के बारे में लोगो को जागरूक बनाने व उन्हे त्वतरित समाधान के साथ सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक अभियान शुरू किया जायेगा। उन्होने कहा कि पुलिसकर्मियों को मोबाइल और लैपटॉप दिये जा रहे हैं। ऐसे में जांच प्रक्रिया को गति प्रदान करते हुए निर्धारित समय सीमा में हर मामले का समाधान करें।

### बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ एलडीएम व आरबीआइ पटना के अधिकारी ने की बैठक

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला में स्थित नौतन प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंकों के साथ प्रबंधकों की एलबीसी बैठक एलडीएम सतीश कुमार व आरबीआइ पटना से आये अधिकारी मलय रंजन की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मदों में बैंकों से दी गई ऋण की वसूली को लेकर चर्चा हुई। एलडीएम ने कहा कि बकायेदारों से ऋण वसूली को लेकर स्थानीय थाने की भी मदद ली जाएगी। इसके लिए सभी थानों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। आरबीआई अधिकारी मलय रंजन ने शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि इस ऋण वसूली में सभी शाखा प्रबंधक अपना सहयोग करें, ताकि देश व राज्य के विकाश कार्यों को गति मिल सके।

### नेपाल पुलिस ने तीन लाख से अधिक का प्रतिबंधित दवा किया जब्त

**अररिया।** बिहार में नेपाल की सीम से सटे जोगबनी के मटियरवा बॉर्डर होकर नेपाल तस्करी कर ले जाए जा रहे तीन लाख से अधिक मूल्य के नेपाल में प्रतिबंधित दवाओं को नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने बुधवार को जब्त किया। तस्कर चीनी के बोरे में छिपाकर तस्करी कर मटियरवा बॉर्डर से नोमैंस लैंड एरिया पहुंचा ही था कि नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने चीनी के बोरे में छिपाकर रखे प्रतिबंधित दवाओं को जब्त कर लिया। जबकि मौके से तस्कर भागने में कामयाब रहे। यह कार्रवाई प्रस्तावित सीमा सुरक्षा गुल्म रानी की टीम के द्वारा की गई। नेपाल में प्रतिबंधित जब्त दवा की कीमत तीन लाख से अधिक भारतीय करेंसी में बताई जाती है। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रस्तावित सीमा सुरक्षा गुल्म रानी के प्रमुख डीएसपी ऋषिकेश राउत के अनुसार नेपाल भारत सीमा मे तस्करों के द्वारा चीनी के बोरा के अंदर घरेलू कार्य मे प्रयोग होने वाले खाद्यान्न सामग्री के तरह पेकिंग कर भारत सीमा से नेपाल सीमा मे प्रवेश कर रहा था।

# भाजपा-संघ के साथ इंडियन स्टेट से लड़ रहा हूं : राहुल

## नेता प्रतिपक्ष बोले, भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है।



नयी दिल्ली में कांग्रेस के नये मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी व खड़गे।

राहुल गांधी ने पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नये मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है।

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उसने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने से क्यों इनकार करेगा? हमें सूची न देकर किस उद्देश्य की पूर्ति होती है और वे इसे क्यों रोके हुए हैं? राहुल गांधी के अनुसार, पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है और यह बताना उनकी पवित्र ज़िम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे हर कांग्रेसी और हर विपक्षी सदस्य को ध्यान में रखना चाहिए। हमारी चुनाव प्रणाली में एक गंभीर समस्या है। पारदर्शी होना चुनाव आयोग का कर्तव्य है।

### कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई उजागर : नड्डा



राहुल के बयान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई उनके अपने नेता द्वारा उजागर हो गई है। राहुल गांधी की इस बात के लिए सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही है जो देश जानता है- कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है, जो भारत को बदनाम, अपमानित करना चाहते हैं। उनके बार-बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है।

## प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई में एशिया का दूसरा बड़ा इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन, कहा

# भारत की चेतना होगी समृद्ध

### आस्था और पुण्य का केंद्र बनेगा मंदिर : मोदी

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई में एक नये इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर लगभग 9 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें से 2.5 एकड़ क्षेत्र में भव्य मंदिर बनाया गया है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है। मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। मुझे विश्वास है कि यह मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतो, सदस्यों और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज को याद करते हुए मोदी ने कहा कि मुझे परम श्रद्धेय गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है। आज वह भौतिक शरीर से भले ही यहां न हों, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो चौबीसों घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। यह श्रील प्रभुपाद स्वामी के विचारों का सूत्र है। उन्होंने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के हर कोने में करोड़ों लोगों को उनकी तपस्या का प्रसाद मिल रहा है। मोदी ने कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं में बंधा भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं है। भारत जीवंत धरती है, और यहां का आध्यात्म। यदि भारत को समझना है, तो हमें पहले आध्यात्म को आत्मसात करना होता है।



नवी मुंबई में बुधवार को इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य।

## दिल्ली और प्रयागराज के बीच एयर इंडिया की 25 से प्रतिदिन फ्लाइट

नयी दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुंभ मेला 2025 के दौरान दिल्ली और प्रयागराज के बीच दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए दिल्ली और प्रयागराज के बीच अस्थायी दैनिक उड़ान सेवा शुरू करने करने का ऐलान किया है। एअर इंडिया ने कहा कि इस रूट पर जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, एयरलाइन 25 जनवरी से 28 फरवरी तक उड़ानें संचालित करेगी। इसका उद्देश्य दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना है, जिसमें दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इन उड़ानों के साथ एअर इंडिया ग्राहकों के लिए दो शहरों के बीच एकमात्र पूर्ण-सेवा उड़ान विकल्प लेकर आई है। इससे यात्रा करने वालों को समय बचाने और बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। विशेष बात यह है कि एयर इंडिया इस रूट्स पर एकमात्र फुल सर्विस एयरलाइन होगी, जो यात्रियों को प्रीमियम और इकोनॉमी दोनों ऑप्शन उपलब्ध कराएगी। इन विमानों में इकोनॉमी क्लास के अलावा प्रीमियम केबिन का विकल्प भी होगा। इससे भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों के श्रद्धालुओं को भी आसानी से संपर्क सुविधा मिलेगी। एअर इंडिया के मुताबिक 25 जनवरी से 31 जनवरी तकः दिल्ली से फ्लाइट 14:10 बजे रवाना होकर 15:20 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट 16:00 बजे प्रयागराज से उड़ान भरेगी और 17:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके बाद 1 से 28 फरवरी तकः दिल्ली से फ्लाइट 13:00 बजे रवाना होकर 14:10 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट 14:50 बजे प्रयागराज से उड़ान भरेगी।

## सात अमेरिकी कंपनियों पर चीन ने लगाया बैन

**बीजिंग।** चीन के ताइवान क्षेत्र को हथियार बेचने के लिए सात अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय इकाई सूची में डालकर इन कंपनियों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय (एमओसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय अविश्वसनीय इकाई सूची कार्य तंत्र की ओर से कानूनों और विनियमों के अनुसार लिया गया है तथा साथ ही, इन अमेरिकी कंपनियों पर कुछ प्रतिबंधक उपायों का भी खुलासा किया गया है, जिन्हें लागू किया जाएगा।

प्रतिबंधित कंपनियां इंटर-कोस्टल इलेक्ट्रॉनिक्स, सिस्टम स्टडीज एंड सिमुलेशन, आयरनमाउंटेन सॉल्यूशंस, एप्लाइड टेक्नोलॉजीज ग्रुप, एक्सिएंट, एंडुरिल इंडस्ट्रीज और मैरीटाइम टैक्टिकल सिस्टम हैं। इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात या निर्यात गतिविधियों में शामिल होने और चीन के भीतर नए निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी

- सेंसेक्स 224 अंक उछलकर 76724 पर पहुंचा, निफ्टी 37 अंक चढ़कर 23213 पर बंद
- निवेशकों को 1.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

एजेंसी

मुंबई। अमेरिका में मौद्रिक नीति को प्रभावित करने वाली खुदरा महंगाई के आंकड़े आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, रियल्टी, आईटी, टेक और सर्विसेज समेत 17 समूहों में लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 224.45 अंक उछलकर 76,724.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक की बढ़त लेकर 23,213.20 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 424.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.23 लाख



करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2150 में लिवाली जबकि 1806 में बिकवाली हुई वहीं 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 1535 कंपनियां हरे जबकि 1252 लाल निशान पर बंद हुईं वहीं 96 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, ऑटो और हेल्थकेयर की 1.20 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 2.45, पावर 1.75, रियल्टी 1.58, कमोडिटीज 0.22, सीडी 0.62, ऊर्जा 0.27, वित्तीय सेवाएं 0.05, इंडस्ट्रियल्स 0.15, आईटी 0.68, दूरसंचार 0.37, बैंकिंग 0.08, कैपिटल गुड्स 0.36, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.38, धातु 0.26, टेक 0.61, सर्विसेज 0.98 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत उछल गए। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 401 अंक के उछाल के साथ 76,900.14 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर दोपहर से पहले 76,991.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 76,479.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 76,499.63 अंक के मुकाबले 0.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 76,724.08 अंक हो गया।

## अक्षय कुमार ने फिल्म भूत बंगला के सेट पर किया तब्बू का स्वागत

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म भूत बंगला के सेट पर तब्बू का स्वागत किया है। निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता अक्षय कुमार की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रही है। इस फिल्म में तब्बू की एंट्री हो गयी है।वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने ही किया था। यह फिल्म अक्षय कुमार और तब्बू जैसे ऑन-स्क्रीन आइकॉन्स की वापसी भी होने जा रही, जो इसे और ज्यादा रोमांचक और खास बना देती है। अक्षय कुमार और तब्बू 25 साल बाद भूत बंगला में अपनी जादूगरी दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है,कुछ चीजें समय के साथ अच्छी कर आइकॉनिक बन जाती हैं। इसकी कहानी आकाश कौशिक ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाश नायर और प्रियदर्शन ने तैयार किया है।

# विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है देश

### सेनाध्यक्ष द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी लेकर सैनिकों में भरा जोश

एजेंसी

**पुणे।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक



आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पश्चिमी सीमाओं की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है लेकिन घुसपैठ की कोशिश जारी है। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में काफी कमी आई है। पिछले साल लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दशार्ता है। थल सेनाध्यक्ष ने आर्मी डे परेड में सेना पदक (वीरता) और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। परेड में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, मद्रास रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट, रेजिमेंट आफ आर्टिलरी, मिलिट्री पाइप्स एंड ड्रम बैंड, बाम्बे इंजीनियर ग्रुप, आर्मी आर्डिनेंस कार्प्स और एनसीसी के दस्तों ने मार्च करके सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। मार्चिंग दस्तों के माथे पर पसीना और आंखों में अनुभव की चमक दिखाई दी। मार्चिंग दस्तों पर आर्मी एविएशन के हेलीकॉप्टरों ने पुष्पों की बारिश करके पूरे माहौल को देशभक्ति के जोश से भर दिया। सेना दिवस परेड में पहली बार ऐतिहासिक रूप से नेपाली आर्मी बैंड की टुकड़ी ने भाग लिया, जो भारतीय और नेपाली सेना के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में मील का पत्थर साबित हुई। इस टुकड़ी में तीन महिला सैनिकों सहित 33 सदस्य शामिल रहे, जिसमें ब्रास और पाइप बैंड ने अनूठी सांस्कृतिक और संगीतमय झलक जोड़ी। नेपाली आर्मी बैंड ने भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ने वाली संगीत परंपराओं का मिश्रण पेश किया। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य और राजनयिक संबंधों का प्रमाण है। महिला सशक्तीकरण और उत्कृष्टता के महत्वपूर्ण प्रदर्शन में पहली बार अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने भारतीय सेना में महिलाओं की उल्लेखनीय यात्रा को आगे बढ़ाया। 'नारी शक्ति' की थीम के अनुरूप अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने महिला सैन्य पुलिस की ताकत, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया। कैप्टन संध्या राव एच की कुशल कमान के तहत यह टुकड़ी भारतीय सेना में महिलाओं के नेतृत्व और प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी की भागीदारी भारतीय सेना के लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और अपने रैंकों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों का प्रमाण है।

## स्पीड न्यूज

### अनाथालय ट्रस्ट मामले में खालिदा जिया बरी

**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित जिया अनाथालय ट्रस्ट में हुए भ्रष्टाचार के मामले में हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को आज बरी कर दिया। हाई कोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष जेल की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद ने सुबह करीब पौने नौ बजे फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ जिया की अपील की समीक्षा के बाद प्रधान न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया।

### खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र स्पिनवाम में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी पुष्टि की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाबलों को यह कामयाबी 14/15 जनवरी की रात खुफिया आधारित अभियान में मिली। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने को घेरकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस दौरान चार आतंकवादी मारे गए। आतंकियों के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### मणिपुर में हथियार व विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में व्यापक पैमाने पर हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के संवेदनशील इलाकों में तलाशी और क्षेत्र वर्चस्व अभियान चलाया। न्यू कैथेलमांबी थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट-पी1 रेलवे टनल रोड (सीओबी कोटलेन से 6 किलोमीटर उत्तर) में तलाशी के दौरान दो 9 मिमी सीएमजी और दो मैगजीन, दो देसी सिंगल बैरल राइफल, एक नंबर 36 हैंड ग्रेनेड तथा एक मोटरोला (बाओफेंग) बरामद किया गया।

### छत्तीसगढ़ में चार इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

रायपुर। नारायणपुर जिले में बुधवार को तीन दर्जन से अधिक घटनाओं में 32 लाख रुपये के चार इनामी नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक दंपत्ति भी है। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि खोखली और ₹अमानवीय₹ माओवादी विचारधारा और वरिष्ठ कैडरों द्वारा निर्दोष आदिवासियों के शोषण से निराश होकर आत्मसमर्पण किया है।

### बंगाल के पूर्व मंत्री मल्लिक को जमानत

**कोलकाता।** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को राशन वितरण घोटाले से जुड़े मामले में जमानत दे दी है। ईडी इस मामले की जांच कर रहा है। अदालत ने मल्लिक को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी। मल्लिक 2011 से 2021 तक राज्य के खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे। ईडी ने उन्हें 27 अक्टूबर 2023 को कोलकाता के साल्ट लेक स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय वह वन मंत्री के पद पर थे।

### ओली सरकार की आयु अधिक नहीं : प्रचंड

**काठमांडू।** नेपाल के विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक के बाद नेताओं ने प्रधानमंत्री केपी ओली और उनकी सरकार की आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी नेता पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने कहा कि अब ओली सरकार की आयु अधिक नहीं है। प्रचंड ने कहा कि ओली के रवैये से सत्तारूढ़ दलों में असंतुष्टि चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का सरकार के विरोध में सार्वजनिक बयान आ रहा है।